सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 01 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 59, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है : सीजेआई**

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि भारत का मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है। } 14

**कांग्रेस बन गयी है मुस्लिम लीग-माओवादी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। } 16

# अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर किया हमला

○ ईरान में स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं समेत 200 की मौत ○ राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की जनता से शासन संभालने को कहा

एजेंसी

दुबई। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इससे पहले न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व वअए में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने ...शेष पृष्ठ 14 पर





## भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए जारी किया यात्रा परामर्श

तेहरान। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान की घोषणा के बाद भारत ने शनिवार को ईरान और इजराइल में रहने वाले अपने नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी।

ईरान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को अपने नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी करते हुए उनसे अत्यधिक सावधानी बरतने और जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने की अपील की है। यह परामर्श क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच जारी किया गया है। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा बदलते घटनाक्रम को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने कहा कि सभी भारतीय नागरिक खबरों पर नजर बनाए रखें, आसपास की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईरान को हासिल नहीं करने देंगे परमाणु हथियार : डोनाल्ड ट्रंप



वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट टुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अमेरिका नैं ईरान में बड़े पैमाने पर युद्ध अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है और अमेरिका तक मार करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

**बाराबंकी में दो बाइक भिड़ीं, दो की मौत**

बाराबंकी। जिले में कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए और धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे में घायल युवकों को कोठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**ट्रेन में सवार दो युवकों के पास एक करोड़ 75 लाख रुपये बरामद**

चंदौली। चंदौली जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस ने जांच के दौरान अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन में सवार दो युवकों के पास से एक करोड़ 75 लाख रुपये की नकदी बरामद करने का दावा किया है। जीआरपी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि पंजाब से पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाने वाली अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन देर रात 2:41 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची, उसमें जांच के दौरान ट्रेन के एक कोच में सीट पर दो युवक सवार मिले।

## युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगा विदेशी निवेश : योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि जारी की

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जर्मनी, जापान और सिंगापुर सहित दुनिया के अन्य देशों से आने वाला निवेश किसी परिवार को नहीं, बल्कि राज्य को लाभ पहुंचाएगा और यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। लखनऊ में 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर पुनर्भरण सब्सिडी वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा हमारे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल ही जर्मनी से लौटे हैं। उन्हें राज्य में



निवेश की संभावनाओं और निर्माणाधीन रक्षा विनिर्माण गलियारे का जायजा लेने का अवसर मिला। पिछली सरकारों से तुलना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की ओर कोई तिरछी नजर से भी नहीं देखता था, लेकिन आज दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आना चाहता है। उन्होंने कहा निवेशक जानते हैं कि वर्तमान सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकती है और निर्णायक फैसलों के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान कर सकती है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि विदेशी निवेश से होने वाला बदलाव किसी के व्यक्तिगत परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युद्ध के चलते पश्चिम एशिया समेत दुनिया के अन्य हिस्सों में हवाई यातायात प्रभावित

एजेंसी

लंदन। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले से पूरे पश्चिम एशिया सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएईए) और इजराइल ने शनिवार को अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया।

यूएई की एमिरेट्स और एतिहाद लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करती हैं। कतर एयरवेज ग्रुप ने कहा कि कतर का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उसने दोहा से आने-जाने वाली उड़ानें अस्थायी रूप से रद्द कर दी हैं। इजराइल जा रहे विमानों को अन्य हवाई अड्डों पर उतरने का निर्देश दिया गया और बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को वापस भेज दिया गया। एमिरेट्स ने कहा कि यूएई के हवाई क्षेत्र के बंद होने से उसकी कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्रियों से ऑनलाइन अपनी उड़ान की स्थिति जांचने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आंध्र : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

एजेंसी

वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आंध्र प्रदेश के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं। मंत्री ने पत्रकारों को बताया जहां तक मुझे पता है, यहां (घटनास्थल पर) 21 शव देखे गए हैं।



आठ अन्य लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। निर्माण इकाई में लगभग 30 लोग थे। उन्होंने कहा यह राज्य का सबसे बड़ा विस्फोट है। पूरी जानकारी मिलनी अभी बाकी है। किसी के भी बचने की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर नेपाली यात्रियों का प्रदर्शन

बेंगलुरु। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय अव्यवस्था पैदा हो गयी जब कथित तौर पर घोर कुप्रबंधन के कारण लगातार दो दिनों तक यात्रा योजनाएं बाधित रहने से नाराज नेपाल जाने वाले यात्रियों द्वारा एक निजी विमानन कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। यात्रियों के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह 10:30 बजे बेंगलुरु से काठमांडू के लिए रवाना हुआ विमान काठमांडू में उतरने के बजाए वापस लौट आया और यात्रियों को इसका कारण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पाकिस्तानी हमले में 331 अफगानियों की मौत

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान तालिबान और उससे संबद्ध आतंकवादी समूहों के लगभग 331 लड़ाके उनके खिलाफ जारी अभियान में मारे जा चुके हैं।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने अफगान तालिबान को हुए नुकसान की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक तालिबान के 331 लड़ाके मारे जा चुके हैं और 500 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने



कहा कि ऑपरेशन गजब-लिल-हक के दौरान पाकिस्तानी सेना ने 104 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जबकि 22 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया। तरार ने कहा कि 163 टैंक और बख्तरबंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विशेष खबर

**उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर उत्कर्ष के विजेता रहे अतुल्या सिंह और दीपांशु यादव, ओवरआल चैम्पियनशिप ट्राफी पर बीबीडी यूनिवर्सिटी ने जमाया कब्जा**

# बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में उत्कर्ष–2026 का भव्य समापन

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का भव्य समापन समारोह परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विराज सागर दास, डायरेक्टर एडीजी स्कूल देवांशी दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना नृत्य से हुआ, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कर्ष 2026 की थीम विरासत से विकास तक की शृंखला में ग्रुप डांस का बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से ऑडिटोरियम गूंज उठा। मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विराज सागर दास ने अपने संबोधन में कहा कि उत्कर्ष 2026 ...शेष पृष्ठ 14 पर





बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 में एनसीसी कैडेट्स से सलामी लेते विराज सागर दास





मिस उत्कर्ष को क्राउन पहनातीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास







विजेता ट्रॉफी के साथ बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास व चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, साथ में वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास व देवांशी दास



डीजे नाइट में झूमते छात्र-छात्राएं फोटो – समीर भटनागर

## चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने संभाला बीबीडी परिवार

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विराज सागर दास ने उत्कर्ष-2026 के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए अपनी मां एवं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन और बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता को सशक्त महिला का उदाहरण देते हुए कहा कि जब नौ साल पहले उनके पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का साथ छूटा तो उस समय मेरी उम्र मात्र 24 वर्ष और मेरी बहन सोनाक्षी दास की उम्र केवल 19 वर्ष थी। उस समय परिवार से लेकर बीबीडी ग्रुप जोकि हमारे लिए किसी परिवार से कम नहीं है, को मेरी मां बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने संभाला। उन्होंने मात्र अपने ही दो बच्चों को संभालने पर ध्यान नहीं दिया बल्कि इस यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हजारों बच्चों की मां बनकर उनको भी संभाला और उनके भविष्य को निखारने के लिए लगातार मेहनत की और चट्टान की तरह खड़े रहकर परिवार और बीबीडी परिवार में समन्वय बैठते हुए न केवल संभाला बल्कि और उसे सतत आगे बढ़ाते जा रही हैं। इस अवसर पर ऑडिटोरियम में बैठे समस्त अतिथि, फैकल्टी और छात्र-छात्राएं बीबीडी ग्रुप की ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# राज्य में न बिके जहरीली शराब

## मुख्य सचिव ने होली पर कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था एवं आबकारी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अवैध तथा जहरीली शराब के किसी भी प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री को पूर्णतः रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी जनपद में अवैध मदिरा के सेवन से कोई दुर्घटना न होने पाए। इसके लिए संवेदनशील जनपदों में विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाए तथा अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में न तो अवैध एवं जहरीली शराब का निर्माण हो और न ही उसकी बिक्री होने पाए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों एवं अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो तथा अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत न मिले। सीमा क्षेत्रों, विशेषकर अंतरराज्यीय बार्डर पर सतर्कता बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी दशा में गांजा की बिक्री न होने देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने प्रशासन को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वाले तथा अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि होली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शराब की दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध तरीके से शराब की क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिल सकता है तथा अवैध एवं जहरीली शराब के सेवन से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर ही जिला प्रशासन दुकानों की बंदी के संबंध में निर्णय ले, ताकि व्यवस्था संतुलित एवं नियंत्रित बनी रहे। खनन विभाग की समीक्षा में उन्होंने राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर स्रोत बिंदु पर ही प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। ओवरलोडिंग में संलिप्त वाहन मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करते रहें तथा मौके पर ही प्रभावी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी श्रीमती वीना कुमारी मीना, आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह, सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव, विशेष सचिव आबकारी अभिषेक आनंद, विशेष सचिव खनन अरुण कुमार उपस्थित थे।

# 13 कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगी आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा

- वर्तमान में प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों को मिल रहा इलाज
- 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों में इलाज के लिए होगा एमओयू

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से एमओयू साइन करेगी। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। इसी के सफल परिणाम को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश के अन्य कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि जनवरी-26 से प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां पर मरीजों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एंड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी आदि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, मुफ्त जांच एवं गंभीर मरीजों को मुफ्त परिवहन की सुविधा दी जा रही है, जिसके सफल परिणाम सामने आए हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से भी एमओयू साइन किया जाएगा। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा लगभग सभी औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इन अस्पतालों के जुड़ने से प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। साचीज की एसीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ समन्वय से आयुष्मान कार्ड धारक को बेहतर विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से गंभीर और जटिल बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही गंभीर रोगियों के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप ढाला जा रहा है। एमओयू के बाद इन अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों के उपचार, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। योगी सरकार की पहल से सेना क्षेत्र के अस्पतालों में भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाला दबाव भी संतुलित होगा।

# लखनऊ व्यापार मंडल में वापस लौटे व्यापारी

**लखनऊ।** इंदिरा नगर में शनिवार को लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में सतनाम सिंह, गुंजन तुलानी, नरेंद्र तुलानी एवं नितिन अग्रवाल ने पुनः लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते हुए सभी नवसदस्यों ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल हमारा परिवार है और हम कार्यकारिणी के साथ मिलकर तन, मन एवं धन से संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

सतनाम सिंह जी ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल के प्रति उनका विशेष लगाव और आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल व्यापारियों के अधिकारों की आवाज नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह सदस्यों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने पुनः सदस्यता ग्रहण की है।

बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ मिश्र, उत्तम कपूर, देवेंद्र गुप्ता, सुहैल हैदर अल्वी, आदर्श सिंह, पवन सिंह, मनीष वर्मा, नरेश अग्रवाल, चिराग जाखोदिया, अभिषेक सिंह चौहान, आयुष बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# यूट्यूबर पर हमला, योगी ने लिया संज्ञान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में आतंक फैलाने और कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह लोनी क्षेत्र के अल्वी नगर निवासी सलीम वास्तिक पर अली गार्डन कॉलोनी स्थित उनके कार्यालय में हमला किया गया था। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो अज्ञात हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे और चाकुओं से उनके गले व पेट में कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तत्काल दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। परिजनों के अनुसार, सलीम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

इस मामले में सलीम के बेटे उस्मान की तहरीर पर शक के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर शामिल हैं।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि फरार आरोपितों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। बीती रात पुलिस ने चार स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इनमें दो ठिकाने दिल्ली और दो गाजियाबाद में थे। छापेमारी के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर दबिश और तेज कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के पीछे संभावित रंजिश, वैचारिक मतभेद और अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्रशासन ने क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बाद पुलिस कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रदेश सरकार ने दोहराया है कि कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की हिंसा या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गोबर से तैयार हो रहे होलिका दहन के लट्ठे

**लखनऊ।** होली के पावन पर्व को पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। नगर निगम के कान्हा उपवन में देसी गाय के गोबर से होलिका दहन के लिए विशेष लट्ठे तैयार किए जा रहे हैं। इन लट्ठों का धार्मिक, आध्यात्मिक तथा पर्यावरणीय दृष्टि से विशेष महत्व बताया जा रहा है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा के अनुसार देसी गाय के गोबर से बने लट्ठों के दहन से वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार गोबर से किया गया होलिका दहन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और पर्यावरण को नुकसान भी कम पहुंचाता है। इच्छुक नागरिक देसी गाय के गोबर से तैयार लट्ठे मात्र 5 रुपये प्रति लट्ठे की दर से प्राप्त कर सकते हैं। 200 से अधिक लट्ठों की खरीद पर निशुल्क होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए श्री सोनू सिंह से मोबाइल नंबर 9140876200 एवं 9451149355 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा जनता के लिए बुनियादी काम नहीं करती : अखिलेश यादव

## कन्नौज के एक दिवसीय दौरे में सपा अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा धोखा देती है। झूठ बोलती है। ये नकली लोग है। भाजपा जनता के लिए बुनियादी काम नहीं करती है। भाजपा सरकार जनता के लिए बिजली सस्ती नहीं करेगी। इलाज सस्ता नहीं करेगी, मेडिकल कॉलेज और कैंसर संस्थान की सुविधाएं नहीं बढ़ाती है। आज प्रदेश में कैंसर और हार्ट के मरीजों के लिए पर्याप्त इलाज नहीं है। दवा, इलाज बहुत महंगा है। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

कन्नौज के एक दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में कन्नौज में काऊ मिल्क प्लांट लगाया गया था, जिससे गाय के दूध का उत्पादन बढ़ता। लोगों को शुद्ध गाय का दूध मिलता। लेकिन भाजपा सरकार ने प्लांट बंद कर दिया। भाजपा किसी भी अच्छी चीज के पक्ष में नहीं है। भाजपा सरकार ने कन्नौज का विकास रोक दिया है। आलू किसान को आलू की कीमत नहीं मिल रही है। आलू किसान एमएसपी की मांग कर रहे है। उनकी हालत खराब है। किसान को मंहगाई का सामना करना पड़ रहा है। नौजवान नौकरी, रोजगार के लिए भटक रहे हैं। भाजपा सरकार रहेगी तो सब बंद हो जायेगा। भाजपा लोगों के मुंह को सील कर देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तमाम देशों से फ्री ट्रेड का समझौता किया है। अमेरिका के साथ डील कर रही है। चीन हमारा बाजार छीन रहा है। भारत का बाजार विदेशी सामानों से भरा जा रहा है। अब हमारी अगली पीढ़ी का क्या भविष्य होगा। हम मदरलैण्ड है और आप फादरलैण्ड है, इन नारों से भविष्य नहीं ठीक होगा। भाजपा सरकार बुनियादी चीजों पर काम नहीं कर रही है। केन्द्र सरकार देश का पूरा कारोबार इजरायल और अमेरिका को दे रही है। सारा सामान चीन से आ रहा है। एआई समिट में रोबोट चीन का लेकर आ गये। भाजपा ने पूरी दुनिया में देश की बदनामी करायी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार वोट कटवाने के लिए एसआईआर करा रही है। भाजपा वालों ने कहा था कि मुसलमानों के वोट कटवाएंगे। मुसलमान भाई कागज ढूंढ़ेंगे, लेकिन जबसे एसआईआर हो रहा है हम देख रहे है कि हिन्दू भाई ज्यादा कागज ढूंढ़ रहे हैं। भाजपा एसआईआर में हिन्दू भाइयों को परेशान कर रही हैं। अगर वोट नहीं बना, मतदाता सूची में नाम नहीं आया तो कल को भाजपा कोई भी चिट्ठी दे देगी कि भारत के नागरिक नहीं है। फिर सबको डिटेंसन सेन्टर में रहना पड़ेगा। भाजपा सरकार मुसलमान भाइयों को डराने के लिए डिटेंसन सेन्टर बना रही थीं। अब जिसका वोट नहीं इसका मतलब है कि उसकी नागरिकता नहीं है। तो भाजपा सरकार उसे डिटेंशन सेन्टर भेज देगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पता चल गया है कि प्रदेश में सपा की सरकार आने वाली है। समाजवादी सरकार में बनाया गया जेपीएनआईसी अब खुलने लगा है। अभी पार्किंग खोलेंगे। फिर अंदर खोलेंगे। फिर हमें दे देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास समाजवादी सोच का कोई नेता नहीं है। जब भाजपा का पहला अधिवेशन हुआ था तब अपने आपको समाजवादी दिखाने के लिए भाजपा को जयप्रकाश नारायण की तस्वीर लगानी पड़ी थी लेकिन उन्हीं के नाम से बने जेपीएनआईसी को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध नहीं होना चाहिए। हम समाजवादी लोग हमेशा लड़ाई के खिलाफ रहे हैं। युद्ध कभी अच्छा नहीं होता है। इससे नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सीमाओं और बहुत सारी चीजों को लेकर देशों के बीच बहुत झगड़े है, वे एक-दूसरे को नीचा दिखाना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने झूठ फैलाया।

# एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा यूपी

## वैल्यू चेन क्षमता, लॉजिस्टिक्स, एक्सप्रेस-वे और कनेक्टिविटी से लागत में आयेगी कमी

- संतुलित क्षेत्रीय विकास, पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक विकास की समान रफ्तार



**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में अपने विकास मॉडल के कोर ड्राइवर्स (आधारभूत कारकों) को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। इस मामले में सरकार की रणनीति मैन्युफैक्चरिंग, वैल्यू चेन क्षमता, टेक इनेबल्ड वृद्धि, निवेश और संतुलित क्षेत्रीय विकास पर केंद्रित है।

इन पांच स्तंभों के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का काम किया जा रहा है। प्रदेश अब श्रम आधारित उद्योग से टेक-सपोर्टेड उत्पादन मॉडल की ओर जा रहा है। निर्यात उन्मुख उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे रोजगार और कारोबार की प्रकृति भी बदल रही है। लो स्किल से मध्य और उच्च स्किल की ओर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्लस्टर का विस्तार प्रदेश को घरेलू आपूर्ति का ही केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति चेन का हिस्सा बनाने की रणनीति है।

मैन्युफैक्चरिंग को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार माना गया है। औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर के विस्तार से उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और निर्यात में वृद्धि होगी। वैल्यू चेन एफिशिएंसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है।

पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे परियोजनाओं के साथ मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से परिवहन लागत घटेगी और उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। प्रदेश सरकार टेक इनेबल्ड ग्रोथ, आईटी-आईटीईएस सेक्टर को भी प्राथमिकता दे रही है।

लखनऊ, नोएडा और कानपुर में आईटी पार्क और डेटा सेंटर परियोजनाएं प्रगति पर हैं। स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां लागू की गईं हैं। सरकार का मानना है कि डिजिटल इकोसिस्टम मजबूत होने से सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ेगी। कृषि और पर्यटन को भी विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिह्नित किया गया है।

कृषि क्षेत्र में तकनीकी जानकारी देने और वैल्यू एडिशन पर जोर दिया जा रहा है, जबकि पर्यटन में धार्मिक, सांस्कृतिक और इको टूरिज्म सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# प्रयागराज एसटीपी परियोजना को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**लखनऊ।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तकनीकी व वित्तीय समर्थन से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। जो परियोजना के अपशिष्ट जल प्रबंधन तथा नदी पुनरुद्धार पर पड़ने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव को मान्यता देता है। प्रयागराज एसटीपी की सफलता सीधे तौर पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता और कार्यक्रमगत निगरानी का परिणाम है, जिसे एनएमसीजी की ओर से नीति मार्गदर्शन और वित्तीय व्यवस्थाओं के साथ सहयोग प्रदान करता है । राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम की योजना, हितधारक समन्वय, पर्यावरणीय सुरक्षा और समुदाय सहभागिता का नेतृत्व किया, जिससे इंजीनियरिंग समाधान लक्ष्यों के अनुरूप नदी का पुनरुद्धार हो रहा है। एनएमसीजी के सहयोग ने तकनीकी मूल्यांकन, वित्तीय ढांचे और निगरानी प्रणालियों को सुदृढ़ किया, जिससे स्वच्छ गंगा के निर्धारित मानकों को प्राप्त किया गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा पर योगी सरकार का विशेष जोर

## प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना होगा अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) से ठीक पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से बड़ा अभियान शुरू किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत प्रदेश के 42 जनपदों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। उन्होंने दोहराया कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शौचालयों में स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था (जहां आवश्यक हो) और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। सरकार का विशेष फोकस छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी, मासिक धर्म के दौरान सहजता होगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।

महिला दिवस के अवसर पर यह पहल बेटियों को सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है। शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में मरम्मत या जल कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा गया है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आठ मार्च की समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय की जाएगी।

आवश्यक बजट और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह अभियान न केवल बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि महिला सशक्तीकरण और सम्मान की भावना को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रयास है।

# अथक, अनवरत और अदम्य ऊर्जा की प्रेरक तस्वीर

## सिंगापुर और जापान दौरे में जीवंत कर्मयोग का उदाहरण बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का दौरा सिर्फ विदेशी दौरा भर नहीं था, बल्कि इस यात्रा ने दुनिया के सामने उनकी कर्मयोगी की छवि को और पुख्ता किया है। चार दिनों तक बिना थके, अनवरत और अदम्य ऊर्जा के साथ उद्यमियों, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और उद्योग संस्थानों में भ्रमण के साथ उन्होंने भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया। यह उनकी कर्मठता, अनुशासन और अपने राज्य के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का बेमिसाल उदाहरण है। सीएम योगी की मेहनत रंग भी लाई और उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति जिस तरह उत्साह दिखाया, वह इस बात का प्रमाण है कि विश्व में यूपी को लेकर धारणा बदली है।

### चार दिवसीय विदेश यात्रा में उत्तर प्रदेश का भविष्य गढ़ने के लिए हर क्षण का उपयोग

### सीएम योगी को विशिष्ट बनाती है सादगीपूर्ण जीवन शैली और विकास का आधुनिक दृष्टिकोण

सीएम योगी का यह दौरा सामान्य नहीं था। सिंगापुर और जापान का समय भारत से क्रमशः ढाई और साढ़े तीन घंटे आगे है। लंबी विमान यात्रा के बाद समय के अनुकूलन की चुनौती भी थी, लेकिन मुख्यमंत्री के हाव-भाव और सक्रियता में कहीं इसका रंचमात्र भी असर देखने को नहीं मिला। सीएम योगी सुबह छह बजे सिंगापुर पहुंचे और महज ढाई घंटे बाद ही वहां भारत के राजदूत से मिले। इसके बाद बैठकों और औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण और उद्योगपतियों से मिलने का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात दस बजे रात्रिभोज के साथ समाप्त हुआ। दूसरे दिन भी सुबह पौने नौ बजे से ही मुख्यमंत्री सक्रिय हो गए और रात साढ़े आठ बजे तक वह ह्यमिशन सिंगापुरह्ल पूरा कर चुके थे।

कोई और होता तो इतनी व्यस्तता के बाद शायद रात्रि विश्राम को प्राथमिकता देता, लेकिन सीएम योगी सिंगापुर से रात 10 बजे टोक्यो (जापान) के लिए रवाना हो गए। घंटों की थकाऊ यात्रा के बाद वह सुबह लगभग छह बजे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचे और 25 फरवरी को सवा नौ बजे मित्सुई कंपनी के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार थे। जापान में भी सीएम योगी ने बिना रुके, अनवरत ऊर्जा के साथ दो दिन तक दर्जनों उद्यमियों से मुलाकात की, रोड शो मे भाग लिया और फिर लंबी यात्रा के बाद 27 फरवरी को तड़के अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ एयरपोर्ट पर थे।

इस अथक मेहनत का परिणाम अब उत्तर प्रदेश के विकास में मील के पत्थर के रूप में सामने आया है। डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और ढाई लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आगे चलकर उत्तर प्रदेश का भविष्य बदलेंगे। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि मुख्यमंत्री ने हर क्षण को प्रदेश के विकास के लिए साधन के रूप में इस्तेमाल किया। राजनेताओं की विदेश यात्राओं में अक्सर शिष्टाचार भेंट और औपचारिकता भरे कार्यक्रम समय नष्ट कर देते हैं, लेकिन सीएम योगी के इस दौरे में हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था। उनके इस दौरे में कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, रोड शो और उन औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण रहा, जिनके सहयोग से उत्तर प्रदेश के भविष्य को गढ़ा जा सके। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाए जा सकें अर्थात औपचारिकताओं में न्यूनतम समय और परिणामों पर अधिकतम ध्यान।

इन चार दिनों में सीएम योगी जीवंत कर्मयोग का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरे। हालांकि उनका संपूर्ण जीवन स्वअनुशासन की मिसाल है। राजधानी लखनऊ में उनकी दिनचर्या ऐसी ही नियमबद्ध होती है। तड़के उठकर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रदेश की गतिविधियों की जानकारी, उसके बाद जनता दर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना, अधिकारियों को निर्देश देना और फिर दिनभर बैठकों व कार्यक्रमों का सिलसिला और रात में विभागीय कार्यों की समीक्षा। गोरखपुर प्रवास में भी गोसेवा के बाद वह जनता दर्शन और फिर लगातार कार्यक्रमों में शामिल रहते हैं। हर दिन का उपयोग, हर क्षण का उपयोग। उनका पूरा व्यक्तित्व आध्यात्मिक साधना और प्रशासनिक दक्षता का संगम है।

# प्रथम चांसलर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को जन भवन में आयोजित प्रथम चांसलर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता लखनऊ स्थित आठ विश्वविद्यालयों लखनऊ विश्वविद्यालय, ख्वाजा मुईनुददीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, एसजीपीजीआई, केजीएमयू, एकेटीयू, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय व जन भवन की टीम के मध्य आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी टीमों के कप्तानों एवं विश्वविद्यालयों के कुलपतिगणों द्वारा बैलून उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान जन भवन बैंड के बच्चों ने मधुर धुनों के साथ सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच लखनऊ विश्वविद्यालय एवं ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के मध्य आयोजित था।



राज्यपाल की उपस्थिति में टॉस संपन्न हुआ, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण (फील्डिंग) का निर्णय लिया। आज के मैच में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की टीम ने लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को हराया, वहीं दूसरे मैच में अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने केजीएमयू की टीम को हराया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर जन भवन बैण्ड के बच्चों के मध्य चॉकलेट एवं उपहार वितरित किया। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, विशेष कार्याधिकारी व जन भवन टीम के कप्तान अशोक देसाई, विशेष कार्याधिकारी, शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, अधिकारीगण एवं खिलाड़ीगण उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर व बंथरा थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में स्कूटी सवार युवक व क्लीनर की मौत हो गयी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे किसान पथ पिपरसंड अण्डरपास के पास अभिजीत (22) पुत्र धर्मेन्द्र निवासी पिपरसंड थाना सरोजनीनगर अपनी स्कूटी से जा रहे थे, उसी दौरान किसान पथ से नीचे उतर रही एक डीसीएम (छोटा मालवाहक वाहन) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे अभिजीत गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी सरोजनीनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

उधर, शनिवार प्रातः लगभग 10:00 बजे थाना बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ पर नटकुर अंडरपास के पास सर्विस रोड पर हुए सड़क हादसे में ट्रक क्लीनर की दूसरी ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर बिजनौर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सीएचसी सरोजनीनगर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद ट्रक चालक फुरकान से की गयी पूछताछ में पता चला कि वह अपने ट्रक क्लीनर संदीप (35) पुत्र मुनेश्वर निवासी ग्राम सिमरा, थाना हसनगंज जनपद उन्नाव के साथ ट्रक लेकर झांसी से लखनऊ किसान पथ होते हुए गोरखपुर जा रहे थे। नटकुर अंडरपास से उतरकर सर्विस रोड के किनारे ट्रक खड़ा करने के लिए संदीप नीचे उतरकर वाहन को किनारे लगवा रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने संदीप को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## इलाज के दौरान महिला की मौत पर हंगामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना सैरपुर क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को शान्त कराया और न्याया का भरोसा दिया। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि शनिवार को सनराइज हास्पिबटल में इलाज के दौरान महिला अनुष्का (22) की मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सैरपुर मय चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक रामदेव व उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव तथा पॉलीगॉन कर्मचारीगण के घटनास्थल पर पहुंचे और जां च की गयी तो पता चला कि पीड़ित शोभित कुमार पुत्र सुरेशचन्द निवासी रामपुर बहेड़ा थाना बीकेटी ने अपनी पत्नी अनुष्का को सरैंया मोड़ निकट ब्राइट लैण्ड स्कूल स्थित सनराइज हास्पिटल में प्रसव इलाज के लिए भर्ती कराया था। पीड़ित शोभित कुमार की पत्नी अनुष्का को प्रसव से बच्चा हुआ जोकि स्वस्थ है एवं उपचार के दौरान अनुष्का की मुत्यु हो गयी थी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर उन्हें शान्त कराया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## प्रधान से मारपीट कर दीं जातिसूचक गालियां आरोपी पर एससी/एसटी एक्ट का केस दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ-मलिहाबाद। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भदवाना में सरकारी चकमार्ग पर कब्जे का विरोध करना ग्राम प्रधान को महंगा पड़ गया। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित मारपीट, शांतिभंग और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना बीते गुरुवार की बताई जा रही है। ग्राम शिवपुरी, भदवाना निवासी कालेश्वर प्रसाद कनौजिया जो कि वर्तमान में ग्राम पंचायत भदवाना के प्रधान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पंचायत के वाजिदनगर निवासी नरेंद्र यादव उर्फ ठाकुर ने सरकारी चकमार्ग पर चैम्बर बनाकर तथा गोबर आदि डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। इस संबंध में प्रधान ने ब्लॉक और तहसील स्तर पर शिकायत की थी। शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल और पंचायत सचिव मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। उसी दौरान आरोपी युवक भी वहां पहुंच गया और प्रधान को जातिसूचक गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लेखपाल व पंचायत सचिव के सामने ही प्रधान से लात-घूंसों से मारपीट की और सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया। साथ ही चकमार्ग से कब्जा हटाने की बात दोहराने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रधान का आरोप है कि आरोपी से उनकी जान को खतरा बना हुआ है और वह कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकता है। मामले में मलिहाबाद पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर आरोपी नरेंद्र यादव उर्फ ठाकुर के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## शरारतन माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर कार्रवाई ऐसी हो, जो नजीर बनेः योगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि होली, रमजान, ईद सहित आगामी पर्वों के दौरान शरारतन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। उन्होंने कहा है कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की एक भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी हर कोशिश पर सख्ती से कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और सभी पर्व-त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं।

शनिवार देर शाम आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने होली, रमजान, नवरोज, ईद सहित सभी आगामी पर्व-त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए फील्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन तथा जन-शिकायत निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में होली के साथ नवरोज, ईद और बासंतिक नवरात्र का पर्व है तथा बोर्ड परीक्षाएं भी हो रही हैं। यह अवधि कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए बीते पाँच वर्षों की घटनाओं की समीक्षा कर उनसे सीख लेते हुए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि प्रदेश में कहीं भी समाज में विद्वेष फैलाने वाली घटनाएं घटित होती हैं तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और शोभायात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए, साथ ही साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि होलिका दहन समितियों तथा पीस कमेटियों की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं, ताकि पर्वों के दौरान आपसी समन्वय और सौहार्द बना रहे। होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि होली के अवसर पर कहीं भी अभद्र गीत-संगीत नहीं बजना चाहिए और किसी के उत्साह में ऐसा कोई कृत्य न हो जिससे किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति को नीचा दिखाने या परेशान करने की स्थिति उत्पन्न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होते हैं, न कि किसी को आहत करने का माध्यम। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कानफोड़ू आवाज वाले लाउडस्पीकरों को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि अब भी कई धर्मस्थलों पर ऐसे लाउडस्पीकर लगे हुए हैं, जिन्हें संवाद और समन्वय के माध्यम से हटाया जाना चाहिए ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। मुख्यमंत्री ने लोकल इंटेलिजेंस को और अधिक मजबूत करने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि फेक अकाउंट्स की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए और किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली सूचना का स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी खंडन किया जाए, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने के निर्देश दिए। निजी ऑपरेटरों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# रास्ते में रोका, न रुकने पर मारी गोली, इलाके में फैली सनसनी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ- मलिहाबाद।** आइस्क्रीम फैक्ट्री से काम कर घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोकने का प्रयास किया गया, जब वह नहीं रुका तो उसे गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

माल थाना क्षेत्र के पारा भदराही गांव निवासी मानशी प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पति संदीप प्रजापति शुक्रवार रात करीब 11 बजे संडीला स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री से काम कर घर लौट रहे थे। उसी दौरान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के माल रोड पर गहदों में टावर के पास रात करीब 11:40 बजे गांव गहदों निवासी अनुभव सिंह ने उन्हें आवाज देकर रोका। पत्नी के अनुसार, संदीप के न रुकने पर आरोपी ने पीछे से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल संदीप ने खुद पत्नी को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी ने अमित साहू नामक युवक को धमकी दी कि गलती से दूसरे को गोली मार दी है, अगली बार मिलने पर उसे गोली मार देगा। इस धमकी की रिकॉर्डिंग होने का दावा भी किया गया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## ठेका देने के बहाने बुलाकर किया अगवा

### मारपीट कर पर्स, घड़ी, चेन व अन्य सामान छीना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डेकोरेशन का ठेका देने का झांसा देकर इवेंट मैनेजर को बदमाश ने लक्ष्मण मेला स्थित बोट क्लब 32वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत कैंप गेट पर बुलाया। इसके बाद गोमती के समीप ले जाकर आंख में पट्टी बांधने लगे। विरोध करने पर पीटा और पट्टी बांधकर कार से अगवा कर किसी गुफा जैसी जगह पर ले गए। कॉल हिस्ट्री डिलीट करने के बाद चेन, घड़ी लूटकर ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कराए। करीब दो घंटे बाद किसी तरह भागे पीड़ित ने अपनी जान बचायी। हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। न्यू हैदराबाद स्थित एसेंस रेजीडेंसी निवासी इवेंट मैनेजमेंट का काम करने वाले रोहित बंसल ने बताया कि 25 फरवरी को एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने डेकोरेशन की बात कहते हुए मिलने की बात कही। पीड़ित ने 26 फरवरी को मिलने की बात कही। अगले दिन शाम को कॉल आने पर रोहित 7:21 बजे कैब से बोट क्लब 32वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत कैंप गेट पर पहुंचे, वहां एक युवक मिला और कहा कि नीचे भाई इंतजार कर रहे हैं। स्कूटी पर बैठाकर अंजान शख्स उन्हें गुफा जैसी जगह ले गया। उसके बाद आंख पर कपड़ा बांधने लगे। तभी आधा दर्जन बदमाशों ने पट्टी बांधकर जबरन कार में अगवा कर लिया। गाली-गलौज करते हुए पूछा कि कौन हो, यहां क्यों आए हो। रोहित ने भागने का प्रयास किया तो उसे बुरी तरह पीटा। अंधेरा होने के चलते मोबाइल की टार्च ऑनकर पीटते रहे। उसके बाद पर्स, घड़ी, चेन व अन्य सामान छीन लिया। चश्मा तोड़ दिया। मोबाइल की कॉल हिस्ट्री डिलीट कर रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने क्यूआर कोड से दो हजार भेजे तो उसे पीटा। पीड़ित बोला 50 हजार और लेकर छोड़ दो। आरोपियों ने धमकाया कि रुपये नहीं दोगे तो जान से मार देंगे। करीब दो घंटे बाद अपहृत रोहित अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। किसी तरह कैब से रात में घर पहुंचा। 27 फरवरी को इलाज के बाद पीड़ित रोहित बंसल हजरतगंज कोतवाली पहुंचा और पुलिस को आपबीती बतायी। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ बंधक बनाकर डकैती, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रहीमाबाद में दो जगह मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ-मलिहाबाद।** रहीमाबाद पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने और मारपीट के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियां चन्दीखेड़ा गांव और भतोइया पुल के पास हुई दो अलग-अलग घटनाओं के संबंध में की गई हैं। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शनिवार को उपनिरीक्षक इंद्रजीत सिंह अपनी टीम के साथ ग्राम चन्दीखेड़ा मजरा गोसवा पहुंचे थे। यहां सविता अवस्थी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई। पुलिस के समझाने पर एक पक्ष शांत हो गया, लेकिन गांव निवासी सुनील अवस्थी उग्र हो गया और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने लगा। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम भतोइया पुल के नीचे पहुंची, जहां बाइक की हल्की टक्कर को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो रही थी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद बिराहिमपुर, मलिहाबाद निवासी शिवम शांत हो गया, लेकिन दूसरे पक्ष के आकाश, पिंटू और सूरज हाथापाई पर उतारू हो गए। पुलिस ने उनको मौके से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**दो महिला चोर गिरफ्तार, जेवर व नकदी बरामदः** दुबग्गा पुलिस ने क्षेत्र में आने जाने वाली महिलाओं के रुपए व आभूषण चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पीली धातु के आभूषण व नगदी बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को प्रिया यादव पत्नी अजीत सिंह निवासी ग्राम मटरिया थाना हसनगंज जिला उन्नाव ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके बैग में रखे सोने के आभूषण चोरी हो गए हैं, जिसमें 02 सोने की अंगूठी, 01 जोड़ी सोने का टाप्स, 01 सोने का लाकेट अनीता पत्नी अमित पता नगला सुभाष चौक थाना फरीदाबाद जिला फरीदाबाद हरियाणा व मनीषा पुत्री रोशन निवासी गहलव जिला पलवल प्रान्त हरियाणा के अंग वस्त्रों से बरामद किए। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को उन दोनों ने ही अनवरी पत्नी शहाबुद्दीन निवासिनी 88 बेगरिया निकट मुल्ला टैन्कर कन्हैया माधवपुर थाना दुबग्गा लखनऊ के बैग से 64000/- रुपये चोरी किये थे, जिसका मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया था।

## होली पर रहेगा पुलिस का कड़ा सुरक्षा प्रबन्ध

**लखनऊ।** होलिका दहन एवं होली पर्व के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सुरक्षा एवं यातायात के व्यापक प्रबंध किए हैं। राजधानी में होली का पर्व 02 व 03/04 मार्च को मनाया जायेगा। 02 मार्च को होलिका दहन होगा और 03/04 मार्च को रंग खेला जायेगा। कुछ स्थलों पर रंग डालने तथा होली मिलन कार्यक्रम होली के बाद भी आयोजित किये जाते है। होली के अवसर पर आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह व मेलों के दौरान कानून व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया है। होलिका दहन, रंगोत्सव, शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबन्ध किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत हैः इस दौरान 04 अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी), 12 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), 19 निरीक्षक, 72 उप-निरीक्षक, 400 मुख्य आरक्षी/आरक्षी तैनात रहेंगे। इसके अलावा यातायात पुलिस बल से 22 निरीक्षक, 75 उप-निरीक्षक, 80 होमगार्ड, 660 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, अतिरिक्त बल से 14 कंपनी पीएसी, वायरलेस यूनिट, इंटेलिजेंस (एलआईयू) की टीम तैनात रहेंगी। समस्त पुलिस, प्रशासनिक एवं सुरक्षा इकाइयों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित कर ड्यूटी पॉइंट, रूट प्लानिंग और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए रूट रिहर्सल भीड़ प्रबंधन के लिए गहन मॉक-ड्रिल संपन्न की गई है। तकनीकी एवं यातायात प्रबंधन के तहत रियल-टाइम मॉनिटरिंग में पूरे क्षेत्र में 247 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिसका नियंत्रण एक विशेष कंट्रोल रूम से होगा व सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस द्वारा 24 घण्टे सर्तक दृष्टि रखी जायेगी। आयोजन स्थल तक के मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। जनसाधारण की सुविधा हेतु यातायात परामर्श (एडवाइजरी) अलग से जारी की जा रही है।

## पुलिसकर्मियों कार से कुचलने वाला चालक गिरफ्तार

लखनऊ। वाहन चेकिंग के दौरान गोमतीनगर में पॉलीगान बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने वाले आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त काली सियाज कार (यूपी 32 एमडब्ल्यू 8784) को भी कब्जे में ले लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि घटना के दौरान आरोपी नशे में कार भगा रहा था। पुलिस घटना के समय कार में मौजूद अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि उपनिरीक्षक आनंद कुमार यादव की तहरीर पर 26 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। बताया था कि कालिका हवेली रेस्टोरेंट के पास 25 फरवरी की रात चेकिंग के दौरान बेकाबू कार ने उन्हें व दीवान सुरजीत को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दीपक कुमार यादव ने शुरू की। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसमें कार कैद मिली। पुलिस ने कार नंबर की मदद से आरोपी की पहचान कर शनिवार को कैसरबाग बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कनिष्क राजन सिंह चिनहट के तारा का पुरवा ओमेगा ग्रीन सिटी का रहने वाला है। पुलिस ने मामले में सरकारी कार्य में बाधा डालने की धारा की बढ़ोत्तरी की है।


### न्यायालय सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), जनपद-फतेहपुर**
**उत्तराधिकार प्रा.प.सं.-38/70**
**सन् 2026 ई.**

सोमेश उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र स्व. धर्मेन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट-मिस्सी, परगना टप्पाजार, तहसील-बिन्दकी, जनपद-फतेहपुर, उ.प्र.।
.................वादी

बनाम

प्रतिभा उम्र करीब 33 वर्ष पुत्री स्व. धर्मेन्द्र पत्नी कुलदीप दुबे निवासिनी-ग्राम व पोस्ट-मिस्सी, परगना-टप्पाजार, तहसील-बिन्दकी, जनपद-फतेहपुर, उ.प्र., हालपता-सनसाइन अपार्टमेन्ट, फ्लैट नं.-8ए, ब्लाक-4, सेक्टर-122, नोएडा, जनपद-गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.।
.............विपक्षिनी

इस्तहार मजरिया अदालत न्यायालय सिविल जज (सी.डि.), मुकाम फतेहपुर दरख्वास्त मुसम्मी सोमेश बनाम प्रतिभा वास्ते हुसूख सार्टिफिकेट वसूल जर कर्जा व किफायत हाथ वाफ्तनी मुकदमा 38/70 सन् 2026 ई. मुतदरूमा धर्मेन्द्र कुमार आपके बमुजिब एक्ट 7 सन् 1889 ई. वकैद ............ हरगाह मुसम्मी याची ने दरखस्त हुसूल सार्टिफिकेट गुजराई है और दिनांक 20 माह 03 सन् 2026 ई. वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर हुई लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्चित दरख्वास्त 372 भा.उ. के उज्र हो वह असल तन उज्र 10 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) मुकाम फतेहपुर में दिनांक मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और मुनासिब दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम ...19.. माह 02 सन् 2026 ई.
न्यायालय


## लुटेरा गिरफ्तार

लखनऊ। तालकटोरा पुलिस ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित आशुतोष त्रिपाठी पुत्र दिनेश कुमार त्रिपाठी निवासी सी/3415, सी-ब्लाक, राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा ने अपने व एक अन्य व्यक्ति का मोबाइल फोन किसी व्यक्ति द्वारा छपट्टा मारकर छीन ले जाने के संबंध में दर्ज कराया था।

## अपार्टमेंट की पार्किंग में लगी आग, कई वाहन जले

लखनऊ। कैसरबाग थाना क्षेत्र के लालबाग क्षेत्र स्थित अपार्टमेंट में आग लगने से पार्किंग में खड़े कई वाहन जलकर नष्ट हो गए।

हजरतगंज फायर स्टेशन को शनिवार दोपहर करीब 15:13 बजे सूचना मिली कि के.पी. अपार्टमेंट 123/35 लालबाग थाना कैसरबाग की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में आग लग गई है। इस सूचना पर अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज व मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ अंकुश मित्तल के नेतृत्व में अग्निशमन केंद्र हजरतगंज से 02 फायर टेंडर मय यूनिट घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि आग अपार्टमेंट के स्टिल्ट फ्लोर पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। दमकलकर्मियों ने मोटर फायर इंजन से डिलेवरी होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना प्रारंभ किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर फाइटरों ने कुछ समय में ही आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शांत कर दिया। आग से एक एक्टिवा स्कूटी, एक ऑटो रिक्शा, एक वैगनार कार जलकर नष्ट हो गई।

# खाड़ी देशों से हवाई सम्पर्क टूटा 17 फ्लाइटें निरस्त की गयीं

**लखनऊ।** ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की वजह से खाड़ी देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है। ऐसे में इन देशों से लखनऊ का हवाई सम्पर्क टूट गया है। एक ओर यहां के लोग इन देशों में नौकरी कर रहे या किसी कारण से गए अपनों की खबर पाने के लिए परेशान हैं। दूसरी ओर उनकी चिंता भी बढ़ गई है। नतीजतन दोपहर बाद से एयरलाइंस की हेल्पलाइन पर लगातार कॉल आ रही हैं। शनिवार को लखनऊ से खाड़ी देशों में दम्मام, मस्कट सहित सात गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली 17 उड़ानें निरस्त कर दी गईं। इसमें इंडिगो की उड़ानें सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं।

शनिवार को इजराइल-ईरान युद्ध के बीच ईरान ने कई अमेरिकी बेस पर हमले किए। इसी बीच दुबई का एयरस्पेस सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया। इससे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से खाड़ी देशों को जाने वाली उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। लखनऊ से दम्माम, मस्कट, रसअलखैमा, शारजाह, रियाद सहित सात डेस्टिनेशन के बीच आने-जाने वाली 17 उड़ानें निरस्त कर दी गईं। लखनऊ से दम्माम जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-097, इंडिगो की ही कनेक्टिंग उड़ान 6ई-083 व 6ई-081 कैंसिल की गई। ऐसे ही दम्माम से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-098 शनिवार को कैंसिल थी और रविवार को भी निरस्त रहेगी। ऐसे ही इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-082, 6ई-084 भी निरस्त रही। साथ ही एयर इंडिया की एआई-2250 शनिवार को निरस्त रही। लखनऊ से रियाद जाने वाली इंडिगो की 6ई-053 व इंडिगो की 6ई-071 कैंसिल रहीं। रियाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-054, इंडिगो की ही 6ई-072 भी निरस्त रही। लखनऊ से मस्कट जाने वाली इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-1267 तथा लखनऊ से रसअलखैमा जाने वाली इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-1491 एवं रसअलखैमा से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-1492 निरस्त रहीं। लखनऊ से शारजाह जाने वाली इंडिगो की 6ई-1423 एवं शारजाह से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-1424, इंडिगो की ही 6ई-1422 निरस्त कर दी गईं। ये घरेलू फ्लाइटें भी रहीं निरस्त शनिवार को अमौसी एयरपोर्ट से किशनगढ़ व झारसुगड़ा के बीच चलने वाली स्टार एयर की चार उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। हालांकि इन्हें परिचालन संबंधी कारणों से निरस्त किया गया। लखनऊ से किशनगढ़ जाने वाली स्टार एयर की एस5-223, स्टार एयर की लखनऊ से झारसुगड़ा जाने वाली एस5-229 तथा झारसुगड़ा से लखनऊ आने वाली स्टार एयर की एस5-228 एवं किशनगढ़ से लखनऊ आने वाली एस5-222 निरस्त रहीं।


**ग्राम पंचायत बतलैया विकास खण्ड तिलहर जनपद शाहजहांपुर**

**आमंत्रित निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बतलैया विकास खण्ड तिलहर जनपद शाहजहांपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 1. गेंदल के मकान से अस्पताल तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 3.94 लाख रुपए 2. श्रीपाल के मकान से रामसिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 1.43 लाख रुपए का कार्य कराए जाने हेतु सीमेंट, मौरंग, ईंट, रेत, बजरी, सरिया, इंटरलॉक ईंट, रोड़ी आदि के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 06/03/2026 को अपराह्न 2 बजे तक आमंत्रित की जाएगी। तत्पश्चात उक्त दिनांक को ही अपराह्न 4 बजे खोली जाएंगी। किसी भी निविदा या समस्त निविदा को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा।

श्रीमती रामवेटी — ग्राम प्रधान
सर्वेश सिंह — ग्राम विकास अधिकारी



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-TOi-12-24-1 (Pay and Use-Toilet) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

693/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रंग-बिरंगी पिचकारी व गुलाल से सजे बाजार, हर तरफ बिखरी रौनक







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली पर्व को लेकर देशभर के बाजार सज गए है। सड़कों से लेकर मुहल्लों तक में अस्थाई दुकानें सजी हुई है। पिचकारी, मुखौटा, रंग, गुलाल से होली बाजार गुलजार हो गए हैं। बाजार में तो कई तरह की सामग्री हैं लेकिन सबसे अधिक मांग मोदी मुखौटा और म्यूजिकल पिचकारी की हो रही है। पूरा बाजार आकर्षक पिचकारी, मुखौटे, टोपी, कपडे, वाटर बलून, रंग बिरंग का चश्मा, रंग और गुलाल से गुलजार हो गया है।हर्बल गुलाल की डिमांड सबसे अधिक है। होली में हर वर्ष बच्चों से लेकर युवा तक तरह-तरह के मुखौटे पहनकर होली खेलते हुए नजर आते है। वहीं, इस साल सबसे ज्यादा बिक्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे का देखने को मिल रही है।

**गुझिया, मिठाई और कपड़ों की जमकर खरीदारी:** होली के अवसर पर देशभर के बाजारों में रंग और गुलाल के साथ-साथ गुझिया, मिठाई और नमकीन की जबदस्त मांग देखने को मिल रही है। इसके अलावा मुखौटा, बाल, टोपी, मैजिक बैलून, विभिन्न प्रकार के कलर, रंग-गुलाल समेत कई सामग्रियों की भी बिक्री हो रही है। इस बार एक बड़ा बदलाव यह देखने को मिल रहा है कि लोग हर्बल रंगों की खूब पंसद कर रहे हैं।इसके साथ चीनी पिचकारी की बिक्री न के बारबर हो रही है।

**बाजारों में मोदी मास्क और बुलडोजर पिचकारी:** पिचकारी के बिना होली अधूरी है।पिछले कुछ वर्षों में बाजार में तरह-तरह की पिचकारियों की भरमार हो गई है। इस साल लखनऊ के बाजारों में राजनीतिक थीम वाली पिचकारी और मास्क की बिक्री हो रही है।बुलडोजर पिचकारी से लेकर मोदी के मुखौटों तक, बाजार होली के सामानों से पट गए हैं जिनमें भारतीय राजनीति का सार है।रंगों का त्योहार नजदीक आते ही लखनऊ के व्यस्त बाजारों की तंग गलियां अबीर, गुलाल और रंग से सज जाती हैं।एक दुकानदार ने कहा, 'होली के त्योहार पर बुलडोजर पिचकारी, मोदी मास्क, मोदी, योगी टोपी और कार्टून पिचकारी वाली केसरिया बेल्ट की काफी डिमांड है।उन्होंने कहा, बाजारों में पिचकारी 5 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक मिल रही है। बाजारों में खरीदारी को लेकर उत्साह है। एक अन्य दुकानदार ने कहा, 'बाजार में कई तरह की पिचकारी बिक रही हैं।इस साल बुलडोजर पिचकारी, पबजी पिचकारी, डोरेमोन पिचकारी, बेबी गर्ल पिचकारी बाजार में बिक रही हैं।' दुकानदार विनोद चौधरी ने एएनआई को बताया, 'इस बार होली पर बच्चों के कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारी की डिमांड है।उन्होंने कहा कि योगी और मोदी की टी-शर्ट, मोदी का मुखौटा और भगवा गमछा की काफी मांग है। उन्होंने आगे कहा, महंगाई के कारण बाजारों में पिचकारी के दाम अधिक हैं लेकिन बिक्री ठीक है।

**होली में किन सामानों की हो रही है बिक्री:** इस समय आप किसी भी बाजार में चले जाइए, हर ओर रंग, अबीर, पिचकारी मिलेगी।इसके साथ ही तरह तरह के मास्क और मुखौटे से भी बाजार सजा है।

बाजार में तरह तरह के विग भी मिल रहे हैं। एक विग लगा लेंगे तो आप अंग्रेज की तरह दिखेंगे। दूसरा विग लगाएंगे तो जोकर की तरह, तीसरा विग लगाएंगे तो भूत की तरह और किसी विग में भालू की तरह।होली के टीशर्ट भी खूब बिक रहे हैं।इसके अलावा मैदा, सूजी, मेवा, घी आदि भी खरीद रहे हैं। लोग रेडीमेड गुझिया, मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी जबरदस्त जबरदस्त खरीदारी कर रहे हैं।

**नए तरह की पिचकारी भी:** बाजार में इस साल नए तरह की पिचकारी भी आई है। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है।स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे है।वहीं गुलाल के स्प्रे की मांग हो रही है। पहली बार बाजार में बेलन के शेप में पिचकारी दिखी है।यह देखने में हू ब हू बेलन की तरह दिखता है।लेकिन है पिचकारी।इस पिचकारी में रंग भरिए और दे मारिए किसी को भी।अच्छी बात यह हैं कि लोग आपसे दूर भी नहीं भागेंगे। लोग समझेंगे कि आप बेलन लेकर आ रहे हैं।उन्हें क्या पता कि इस बेलन में रंग भरा है।

**तिरंगा पिचकारी भी है बाजार में:** बाजार में इस साल तिरंगा पिचकारी भी आ गया है।देशभक्ति के जज्बे के साथ जैसे इस साल चाइनीज माल का बहिष्कार किया गया है, उसी से एक कदम आगे बढ़ते हुए इस साल तिरंगा पिचकारी आ गया है।इसमें हरा, सफेद और केसरिया रंग का समावेश है। मतलब कि रंग भी खेलिए और देशभक्ति भी दिखाइए। कुछ दुकानों में तिरंगा पैकिंग में गुलाल और गुब्बारे भी दिख रहे हैं।

**हर्बल रंग और गुलाल का है जोर:** इस साल बाजार में हर तरह के रंग और गुलाल बिक रहे हैं।लेकिन लोगों का ध्यान हर्बल रंग और गुलाल पर है।लोग इसे पसंद भी कर रहे हैं।क्योंकि हर्बल रंग और गुलाल से शरीर की त्वचा पर कोई नुकसान नहीं होता। वहीं केमिकल से बने रंग और गुलाल से शरीर की त्वचा पर नुकसान होता है। इसलिए दुकानदार भी इसे ही प्रोत्साहित कर रहे हैं।



## म्यूजिकल पिचकारी बनी पहली पसंद



लखनऊ।होली के बाजार में पिचकारियों के मामले में इस साल सबसे अधिक म्यूजिकल गन पिचकारी लोगों की पसंद बनी हुई है।इस पिचकारी में रंग के साथ ही गाना भी बजेगा। बटन दबाने के साथ ही यह चेंज भी हो सकते हैं।बैटरी से बजने वाली यह पिचकारी लोगों को खूब भा रही है।पटना के कंकड़बाग के रितेश कुमार बताते हैं कि एक दिन में लगभग 50 म्यूजिकल गन पिचकारी बिक रहा है।उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यह बिक्री जारी है।गुलाल उड़ाने वाले सिलेंडर भी उपलब्ध हैं।वहीं छोटे बच्चों के लिए भी अलग-अलग कार्टून कैरेक्टर्स आयरन मैन, स्पाइडर मैन, हल्क, बाघ, चिपांजी, गुरिल्ला की शक्ल के मुखौटे भी बाजार में मौजूद हैं।

**गन पिचकारी की बढ़ी डिमांड:** दुकानदार राजकुमार ने कहा कि होली का रंग चढ गया है।1 सप्ताह होली में बचा हुआ है।होली की खरीदारी करने के लिए अब ग्राहक दुकानों पर पहुंच रहे हैं। अभी तो बाजार शुरू हुआ है, उम्मीद है कि बाजार अच्छा होगा।गन पिचकारी इस बार सबसे खास है।मुखौटा और रंगीन बाल तो हर साल बिकता है, लेकिन गन पिचकारी में एक अबीर उड़ाने वाली आई है, यह 500 रुपए में मिल रहा है. टैंक वाली पिचकारी भी बच्चों को पसंद आ रहा है।इसबार की होली खास होने वाली है।खरीदारी करने के लिए ग्राहक भी आ रहे हैं। बच्चों के लिए इसबार रंग-बिरंगी पिचकारी आया है।इस बार गन पिचकारी की डिमांड ज्यादा है, जिसकी कीमत 500 रुपए है।इसमें अबीर को उड़ाया जा सकता है।

## होली स्पेशल : फूलों से घर पर बनायें नेचुरल गुलाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इस साल 4 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली आने में अब कुछ ही दिन बाकि है तो निश्चित ही आपने भी इस खास त्योहार की तैयारियां शुरू कर दी होंगी। विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ रंग, गुलाल और पिचकारियों की व्यवस्था में लोग काफी पहले से जुट जाते हैं।

त्योहारों पर बाजार में सामानों की मांग बढ़ जाती है जिस वजह से मिलावट वाली चीजें ज्यादा रहती है।काफी घरों में अब बाजार की जगह घर पर ही खास मौकों के लिए मिठाई बनाई जाने लगी है। क्या आपको पता है कि मिठाईयों की तरह आप अपने घर पर होली के लिए अलग-अलग रंगों का गुलाल भी तैयार कर सकते हैं।कई तरह के फूलों की मदद से आप कलरफुल गुलाल घर पर ही बना सकते हैं।यह नेचुरल कलर आपके स्किन पर सौम्य रहेगा और किसी भी तरह की स्किन से जुड़ी समस्या होली खेलने के बाद नहीं होगी। तो इस होली बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त गुलालों की जगह घर पर ही फूलों की मदद से गुलाला तैयार करें।

**गुलाब के फूल:** गुलाब से आपके मन में सबसे पहले लाल गुलाब का ख्याल आया होगा लेकिन, अब बाजार में कई और रंगों का गुलाब भी मौजूद होता है। इसीलिए आप गुलाब फूल से लाल के अलावा पिंक और पीला रंग का गुलाल भी तैयार कर सकते हैं।

**गुलदाउदी:**खासतौर पर बसंत में खिलने वाली गुलदाउदी में एक बेहद खूबसूरत और मीठी महक होती है। गुलदाउदी के फूलों से भी आप कई रंगों के गुलाल घर पर बना सकते हैं।

**गेंदा:** शादी-ब्याह से लेकर पर्व-त्योहार में सजावट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गेंदा के फूलों की मदद से भी आप गुलाल बना सकते हैं। आप घर बैठे गेंदा फूल की मदद से नारंगी और पीले रंग का गुलाल तैयार कर सकते हैं।

**गुड़हल:** ग्रामीण भारतीय घरों में सबसे कॉमन फूल गुड़हल अपने औषधीय गुणों के कारण भी विशेष पहचान रखता है। आपने अगर कभी घर पर हेयर ऑयल या हेयर पैक बनाया होगा तो इसका इस्तेमाल जरूर किया होगा। आप गुड़हल की मदद से भी कई रंगों के गुलाल बना सकते हैं।

# सुरभि सिंह ने कथक में ढाली अमृता प्रीतम की 'आजाद रूह'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कल्चरल क्वैस्ट संस्था द्वारा कथक गुरु सुरभि सिंह ने अमृता प्रीतम के जीवन को आजाद रूह में समाहित करके नृत्य नाटिका के माध्यम से संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर में आज शाम मंचित किया गया। लेखन, संगीत, वाइस ओवर, निर्देशन संग अमृता प्रीतम के किरदार को कथक गुरु सुरभि सिंह ने अपने शिष्यों के साथ मंच पर दर्शनीय रूप में ढाला।

पंजाब की सुप्रसिद्ध लेखिका, कवयित्री अमृता प्रीतम के जीवन संघर्ष और प्रेम को दिखाती हुई नृत्य नाटिका जो अपने आप में एक दर्शनीय प्रस्तुति रही। बाल्यकाल से ही अमृता प्रीतम का संघर्ष, भारत पाकिस्तान के बंटवारे का दर्द उनकी रचनाओं में दिखाई देता है। स्त्री की संवेदना और वेदना को दशार्ती प्रसिद्ध कविताओं के सार को तबले की थाप, घुंघरुओं की झंकार को कथक की लय में पिरो कर मंच पर प्रस्तुत किया उठने वारिस शाह, मजबूर कविता तवारीक जैसी लम्बी नज्मों के संगीतमय प्रस्तुतीकरण को दर्शकों की भरपूर तालियां मिली। नृत्यांगना सुरभि सिंह ने साहिर के त्याग के साथ प्रेम के विशिष्ट रूप दिखाने के साथ, इमरोज के प्रेम की पराकाष्ठा के पहलू को कथक की लय में खूबसूरती से बांधा। अमृता प्रीतम के जीवन पर आधारित संजय मेहरोत्रा हमनवा की पुस्तक रांझा मेरा का लोकार्पण अतिथियों पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, पद्मश्री कृष्ण कन्हाई, डा.पूर्णिमा पाण्डे आदि ने किया।

पं.धर्मनाथ मिश्र के गायन से सजी नाटिका में पं.रविनाथ मिश्र की तबले की थाप, और दीपेन्द्र कुँवर की बॉसुरी की धुनों पर अमृता प्रीतम के किरदार मे सुरभि सिंह संग अपने शिष्य-शिष्याओं ईशा रतन, मीशा रतन, अंकिता मिश्रा, अंकिता सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, अंजुल, पियूष, अनुभव, सृष्टि, महेश चन्द्र देवा, विकास दुबे, अखिलेश, आरती, सुन्दर, इशिका, मानसी, संगीता, सीमा सहित 25 कलाकारों ने मंच पर नृत्यनाटिका को दर्शनीय बना दिया। शकील द्वारा बने सेट को गोविन्द ने प्रकाश से सजाया। तत्कालीन परिस्थितियों के रहन सहन को दिखाने में मनोज, शहीर ने मुख सज्जा से संवारा, सहारा बानो, उज्ज्वल की व्यवस्था में अर्जित अग्रवाल, दिवाकर ने मंच परे संगीत दिया। कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण के साथ साहित्य की 11 विभूतियों पद्मश्री डा.विद्या विन्दु सिंह, प्रो.रवि भट्ट, डा. अमिता दुबे, हिमांशु वाजपेई, आतिफ हनीफ, संजय मल्होत्रा हमनवा, सुश्री पायल सोनी, सत्या सिंह, डा.करुणा पांडे. साहित्यकार, डा.श्वेता श्रीवास्तव, और सुजाता राज्ञी को अमृता प्रीतम सम्मान से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जेबी सिंह, उपाध्यक्ष केशव नाथ त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रामउग्रह शुक्ल सहित सभी पदाधिकारी सदस्य एवं तमाम कला प्रेमियों ने आजाद रूह के कथक में पिरोयी शायरियों के साथ भरपूर सराहा। आगे इस प्रकार के शायराना प्रयोग के साथ नयी प्रस्तुतियों को देखने की इचछा जतायी।

# महर्षि दयानंद सरस्वती को अंशिका ने अर्पित की नृत्यांजलि

- सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल एवं नृत्यांगना अंशिका त्यागी, डॉ. दरबारी लाल अस्थाना सम्मान से हुईं अलंकृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती माह के पावन अवसर पर प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 28 फरवरी को चिनहट स्थित सनातन धाम लॉन समक्ष रजत डिग्री कॉलेज में किया गया। इसमें नृत्यांगना अंशिका त्यागी के दल द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु राम पर आधारित विभिन्न सतरंगी भाव नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना सम्मान से वरिष्ठ समाज सेविका सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल और नृत्यांगना अंशिका त्यागी को अलंकृत भी किया गया।

सांस्कृतिक संध्या में जनमे अवध में राम मंगल गाओ रे, ठुमक चलत राम चंद्र, हम कथा सुनाते हैं और राम आवे अवध की ओर भाव नृत्य आकर्षण का केन्द्र बने। कार्यक्रम का समापन होली खेले रघुवीरा से हुआ। नृत्यांगना अंशिका त्यागी के साथ शची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, सोनाली गौड़, अभय कुमार, विशाल गुप्ता और अरुण सोनकर ने मनभावन नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। कार्यक्रम का कुशल संचालन नीशू त्यागी ने किया।

सह-संयोजिका रत्ना अस्थाना ने बताया कि आधुनिक भारत के चिन्तक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ही सबसे पहले साल 1876 में 'स्वराज्य' का नारा दिया था। 12 फरवरी 1824 को जन्मे महर्षि ने सत्य, वैदिक ज्ञान, सामाजिक सुधार और शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी थी। डॉ.दरबारी लाल अस्थाना के संदर्भ में बताया कि उनका जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। साल 1930 में वृंदावन के प्रेम महाविद्यालय के छात्रों के साथ जब वह सत्याग्रह आन्दोलन कर रहे थे तब उन्हें 9सी-12 धारा के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था। 4 अगस्त 1930 को उन्हें छह महीने के कठोर कारावास का दंड सुनाया गया था वहीं 11 अक्टूबर 1930 में उन्हें मथुरा जेल से सीतापुर जेल में ट्रांसफर कर दिया गया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने देहरादून में रहकर मेडिकल प्रैक्टिस आरंभ की। इसके बाद वह लखनऊ आ गए और साल 1954 से उन्होंने उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि लखनऊ केंद्र के संचालक के रूप में लम्बे समय तक कार्य किया। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी का स्वर्गवास 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में हो गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र से सम्मानित किया था।

# सपना गोयल ने दिया होली पर्व का संदेश ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।**ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में शनिवार 28 फरवरी को चिनहट के रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित भव्य सनातन धाम लॉन परिसर में, होली के पावन अवसर पर मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने संदेश दिया कि ब्रह्म ही एकमात्र परम सत्य है, और यह जगत मिथ्या है।इस अवसर पर गुझियों का भी वितरण किया गया।

सपना गोयल के अनुसार होली का त्योहार ईश्वरीय शक्ति का साक्षात उदाहरण है। यह मनुष्य की पूजा का ही फल है कि वह भक्ति में लीन हो जाता है।होली का पर्व हमें बताता है कि भक्त प्रह्लाद ने केवल पांच साल की अल्पायु में ही पूरे समाज को ₹ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या₹ का संदेश दे दिया था। फाल्गुन का माह हमें यह संदेश भी देता है कि परमशक्ति द्वारा जो पावन आत्माएं भेजी जाती हैं, जरूरी नहीं कि वे देवताओं के घर में ही जन्म लें, वे असुरों के परिवार में भी जन्म लेकर उनका भी उद्धार कर सकती हैं।इसलिए होली जैसे आध्यात्मिक पर्व का यही संदेश है कि सत्य ही सर्वोच्च शक्ति है। प्रेम से ही सभी तरह के विकास संभव हैं। विश्वास और आस्था में ही ईश्वर है।कण-कण में विधाता विराजमान हैं। होली का त्योहार, नकारात्मकता, अहंकार के अंत और सच्ची भक्ति का प्रतीक है।सच्चे भक्त के समक्ष चाहे कितनी भी कठिनाइयां आएं पर वह कभी भी सत्य मार्ग से नहीं डिगता है। भक्त प्रहलाद ने कितने ही अत्याचार सहे पर अपनी भक्ति नहीं छोड़ी।उन्होंने बताया कि प्रकृति में सूर्य, चन्द्रमा, पेड़ और नदी की तरह मानव को भी अपने-अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। हमारे पर्व और हमारे त्योहार हमेशा सन्मार्ग की राह दिखाते हैं। भारत वर्ष की भूमि आध्यात्मिक पावन भूमि है। इसके महत्व को हर आत्मा को समझना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सुंदरकांड, मन के विकारों को दूर करता है।मन के विकार जब छटते हैं तभी हम सत्य को समझ पाते हैं और उस पर चलते हुए धार्मिक बन सकते हैं।

# सुर और रागों से सजी शास्त्रीय संगीत की शाम




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन की ओर से शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुरम्य सांगीतिक संध्या हुई। राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में सजी संध्या में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखने को मिली। मुख्य अतिथि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह रहीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अक्षत अवस्थी ने शास्त्रीय संगीत की अनुपम प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने राग देवगिरी बिलावल में विलंबित तिलवाड़ा ताल में ए बना ब्याहन आयो प्रस्तुत किया। इसके बाद तीन ताल में छोटा ख्याल मानो जरा अब माननी तथा दादरा की सुमधुर प्रस्तुति से सभागार को रससिक्त कर दिया। उनकी गायकी में राग की शुद्धता, भाव की गहराई एवं तानों की सटीकता ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अक्षत के साथ संगत में हारमोनियम पर दिनकर द्विवेदी, तबले पर मोहित दुबे एवं तानपुरा पर अभिषेक कुमार ने अपनी कुशल एवं सधे हुए वादन से कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, डॉ. सीमा भारद्वाज, प्रो. सृष्टि माथुर, डॉ. रुचि खरे, गिरीश चंद्र बहुगुणा, डॉ. मीरा दीक्षित, आलोक कुमार पांडेय, हेमचंद्र पालीवाल सहित एलुमनी एसोसिएशन के अनेक गणमान्य सदस्य एवं संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ध्रुपद की गूढ़ साधना और स्वर-अनुशासन का मिला प्रशिक्षण



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय ध्रुपद कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा संगीत प्रेमियों को ध्रुपद गायन की पारम्परिक साधना, उसके सैद्धान्तिक आधार और व्यावहारिक प्रस्तुति से गहराई से परिचित होने का अवसर मिला।कार्यशाला में प्रो मधु भट्ट तैलंग ने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को ध्रुपद गायन की परम्परागत शैली, स्वर-साधना, आलाप की संरचना, ताल-व्यवस्था तथा रियाज की अनुशासित पद्धति के विविध आयामों का सप्रयोग प्रशिक्षण प्रदान किया।प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लेते हुए ध्रुपद की पारम्परिक प्रस्तुति शैली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने कहा कि ध्रुपद भारतीय शास्त्रीय संगीत की अत्यंत प्राचीन और गरिमामयी परम्परा है, जो हमारी सांगीतिक संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करती है।विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ सृष्टि धवन भी मौजूद थीं।

# दिल्ली-लखनऊ और वाराणसी के लिए चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे होली पर घर आने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए दो मार्च को नई दिल्ली से लखनऊ के बीच स्पेशल ट्रेन चलाएगा। वहीं, एक ट्रेन वाराणसी से दिल्ली के बीच चलेगी। ट्रेन 04203 स्पेशल दो मार्च को सुबह 8:05 बजे लखनऊ से रवाना होकर शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली शाम 6:30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में 04204 स्पेशल दो मार्च को रात 8:20 बजे नई दिल्ली से चलकर सुबह 6:35 बजे लखनऊ पहुंचेगी। ट्रेन 04209 स्पेशल छह मार्च तक प्रतिदिन रात 10:30 बजे वाराणसी से चलकर रात 3:30 बजे लखनऊ होते हुए दोपहर 1:30 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 04210 स्पेशल सात मार्च तक प्रतिदिन शाम 7:25 बजे दिल्ली जंक्शन से चलकर रात 3:30 बजे लखनऊ होते हुए सुबह 9:40 बजे पहुंचेगी। दोनों ही ट्रेनों में स्लीपर, जनरल और एसी श्रेणी की बोगियां होंगी।

**कई राज्यों के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का ऐलान:** रंगों का त्योहार होली नजदीक आ रहा है। होली के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ की वजह से कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भारतीय रेलवे ने विभिन्न राज्यों के लिए होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। रेलवे के मुताबिक, होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए देश भर में सैकड़ों अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। खासकर मुंबई, पुणे, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों के लिए ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

सेंट्रल रेलवे के मुताबिक, 186 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया गया है. जिसमें 94 ट्रेनें होली स्पेशल हैं और बाकी 92 अन्य स्पेशल सेवाएं हैं. ये ट्रेनें मुख्य रूप से मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) और पुणे से नागपुर, बनारस (वाराणसी), गोरखपुर, समस्तीपुर, दानापुर, सुल्तानपुर जैसे शहरों के लिए चलेंगी. ये ट्रेनें फरवरी के आखिर से मार्च के मध्य तक चलेंगी. आइए देखते हैं कुछ ट्रेनों की लिस्ट। गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलाई जाने वाली गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर स्पेशल 24 फरवरी एवं 03 मार्च, 2026 मंगलवार को लोकमान्य तिलक से 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 15.25 बजे डीडीयू, 18.55 बजे पाटलिपुत्र, 19.55 बजे हाजीपुर रुकते हुए 23.45 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। जबकि, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल 26 फरवरी एवं 05 मार्च, 2026 गुरुवार को समस्तीपुर से 03.00 बजे खुलकर 05.15 बजे हाजीपुर, 06.10 बजे पाटलिपुत्र एवं 10.50 बजे डीडीयू रुकते हुए अगले दिन 16.25 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी।

मुजफ्फरपुर- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलाई जाने वाली गाड़ी संख्या 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल 10 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 19.15 बजे खुलकर दूसरे दिन 00.01 बजे हाजीपुर, 01.05 बजे पाटलिपुत्र एवं 05.00 बजे डीडीयू रुकते हुए तीसरे दिन 05.50 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल 12 मार्च से 02 अप्रैल, 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को लोकमान्य तिलक से 07.55 बजे खुलकर अगले दिन 07.15 बजे डीडीयू, 10.00 बजे पाटलिपुत्र, 11.05 बजे हाजीपुर रुकते हुए 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी। मुजफ्फरपुर- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलाई जाने वाली गाड़ी संख्या 05585 सहरसा-लोकमान्य तिलक स्पेशल 06 मार्च से 27 मार्च, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को सहरसा से 17.45 बजे खुलकर 21.00 बजे समस्तीपुर, 23.15 बजे हाजीपुर, दूसरे दिन 00.50 बजे पाटलिपुत्र एवं 05.00 बजे डीडीयू रुकते हुए तीसरे दिन 05.30 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी।

जबकि, गाड़ी संख्या 05586 लोकमान्य तिलक-सहरसा स्पेशल 08 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को लोकमान्य तिलक से 16.35 बजे खुलकर दूसरे दिन 20.05 बजे डीडीयू, तीसरे दिन 00.05 बजे पाटलिपुत्र, 00.55 बजे हाजीपुर एवं 04.00 बजे समस्तीपुर रुकते हुए 09.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। मुजफ्फरपुर-हाजीपुर -गोरखपुर-मुरादाबाद के रास्ते चलाई जाने वाली गाड़ी संख्या 04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर स्पेशल 01 मार्च से 03 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को श्रीगंगानगर से 13.25 बजे खुलकर अगले दिन 14.30 बजे गोरखपुर, 19.22 बजे हाजीपुर रूकते हुए 23.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 04732 समस्तीपुर-श्रीगंगानगर स्पेशल 03 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को समस्तीपुर से 02.10 बजे खुलकर 03.10 बजे हाजीपुर, 08.15 बजे गोरखपुर रुकते हुए अगले दिन 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। डीडीयू- आगरा फोर्ट-कोटा के रास्ते चलाई जा रही गाड़ी संख्या 09447/48 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद स्पेशल का परिचालन विस्तार होली स्पेशल के रूप में किया जा रहा है. वहीं, गाड़ी संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद स्पेशल 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को अपने पुराने समय एवं ठहराव के अनुसार होली स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी।

## ट्रैक मरम्मत के कारण 3 मार्च तक कई ट्रेनें कैंसिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में हर दिन करीब 3 करोड़ यात्री ट्रेन से सफर करते हैं. इतनी बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही को संभालना अपने आप में बड़ी जिम्मेदारी है. इसी वजह से समय समय पर रेलवे को मेंटेनेंस, अपग्रेडेशन और सुरक्षा से जुड़े काम करने पड़ते हैं, जिनका असर सीधे यात्रियों के शेड्यूल पर पड़ता है। 26 फरवरी से 3 मार्च के बीच कई ट्रेनों को कैंसिल करने का फैसला लिया गया है. इसका असर खास तौर पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल रूट पर दिखेगा. अगर आपने इन तारीखों के बीच यात्रा की टिकट बुक कर रखी है, तो बिना देरी किए अपने ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक कर लें. आखिरी समय की भागदौड़ और परेशानी से बचने के लिए पहले से अपडेट रहना ही समझदारी है।

रेलवे के ताजा अपडेट के मुताबिक 3 मार्च के बीच 24 अहम ट्रेनों को रद्द किया गया है. यह फैसला सिर्फ मौसम या कोहरे की वजह से नहीं लिया गया, बल्कि बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के चलते किया गया है। इस दौरान ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज किया जा रहा है, कई जगह पटरियों की मरम्मत हो रही है और पुराने पुलों को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा लाइन ब्लॉक लेकर तकनीकी सुधार और सिस्टम अपग्रेड भी किए जा रहे हैं. जिससे आने वाले वक्त में ट्रेनों की रफ्तार और वक्त पर उनका संचालन बेहतर हो सके. फिलहाल यात्रियों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है, लेकिन लंबे समय में यह बदलाव सफर को ज्यादा सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

**कैंसिल ट्रेनों की पूरी लिस्ट:** ट्रेन नंबर 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी कोलकाता एक्सप्रेस झांसी से कोलकाता 27 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 22197 कोलकाता वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस कोलकाता से झांसी 1 मार्च तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 12327/28 उपासना एक्सप्रेस हावड़ा झ्र देहरादून हावड़ा 27 और 28 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 14003/04 मालदा टाउन झ्र नई दिल्ली झ्र मालदा टाउन एक्सप्रेस मालदा टाउन से दिल्ली 26 और 28 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 14523/24 हरिहर एक्सप्रेस बरौनी झ्र अंबाला झ्र बरौनी 26 फरवरी के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 14617/18 जनसेवा एक्सप्रेस अमृतसर झ्र पूर्णिया कोर्ट झ्र अमृतसर 28 फरवरी और 2 मार्च तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 15903/04 डिब्रूगढ़ चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिब्रूगढ़ से चंडीगढ़ 27 फरवरी और 1 मार्च तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 15619/20 गया कामाख्या गया एक्सप्रेस गया से कामाख्या 23 और 24 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 15621/22 कामाख्या आनंद विहार कामाख्या एक्सप्रेस कामाख्या से दिल्ली 26 और 27 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 12873/74 हटिया आनंद विहार हटिया एक्सप्रेस हटिया से दिल्ली 26 और 27 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 18103/04 टाटा अमृतसर टाटा एक्सप्रेस टाटानगर से अमृतसर 25 और 27 फरवरी तक के लिए कैंसिल की गई। ट्रेन नंबर 22857/58 संतरागाछी आनंद विहार संतरागाछी एक्सप्रेस संतरागाछी से दिल्ली 2 और 3 मार्च तक के लिए कैंसिल की गई।

## रंग बरसे भीगे चुनर वाली... गीतों पर खूब नाचे लोग, एक दूसरे लगाया रंग गुलाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली का पर्व नजदीक आते ही लोगों पर रंग-गुलाल का खुमार छाने लगा है। लोगों ने पापड़, चिप्स और गुझिया के जायके संग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उत्साह, उल्लास और होली गीतों के बीच शहर में नृत्य संगीत के साथ कई जगह आयोजन हुए। कार्यक्रमों में होली खेले रघुवीरा अवध में.., होली के दिन दिल खिल जाते हैं..., रंग बरसे भीगे चुनर वाली.., बलम पिचकारी..., अवध में होली, ब्रज में होली.., आज ना छोड़ेंगे.., अंग से अंग लगाना... जैसे गीत बजते रहे और लोग खूब नाचे। एपिक ईवेंट के सहयोग से प्री होली का आयोजन रंग दे गुलाल मोहे का आयोजन गोमती नगर नगर के कसाया इन होटल में हुआ। संस्था की सीईओ हेमा खत्री और महिलाओं ने भगवान गणेश की स्तुति व आराधना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। क्लब की महिलाओं ने होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। फूलों से वर्षा कर एक दूसरे को फागुन की बधाईयां दीं। सभी ने होली के गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर तालियों से एक दूसरे का उत्साहवर्धन किया। बच्चों, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हेमा ने समाज के सभी वर्ग को प्राकृतिक होली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रंग गुलाल संग फूलों की होली गोमती नगर विशाल खंड के अटल पार्क में स्थानीय लोगों ने होली उत्सव मनाया। होली के गीतों की धुन पर लोग खूब नाचे। गोमती नगर हैनीमैन चौराहे के पास नक्षत्र होटल सभागार में होली पार्टी का आयोजन किया गया। यहां पर महिलाओं और पुरुषों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया। गीतों की मस्ती के बीच लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। रोटरी क्लब की ओर से प्री होली पार्टी का आयोजन गोमती नगर के विक्रांत खंड स्थित होटल यूटोपियन लक्स में हुआ।

## नशा मुक्त सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संकल्प दिलाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आज हनुमंत धाम मंदिर लखनऊ (क्लार्क अवध होटल के पीछे) परिसर में आयोजित भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ ने नशा मुक्त सौहार्दपूर्ण सादगी से होली मनाने का संकल्प दिलया।

समाज में नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक सुधार के साथ आगामी सनातन नववर्ष को उत्साह, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाने के उद्देश्य से हनुमंत धाम मंदिर लखनऊ परिसर में आयोजित भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।

यज्ञ में भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के मुख्य संयोजक अभिषेक खरे, अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विमर्श रस्तोगी, गायत्री परिवार के जोन प्रमुख अतुल सिंह और डॉ. अरविन्द निगम ने पूरे विधि-विधान से आहुति देकर संपूर्ण विश्व की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना को लेकर आम जनमानस को होली के पावन पर्व को भारतीय संस्कृति के अनुरूप नशा मुक्त, बिना हुड़दंग सौहार्दपूर्ण सादगी से मनाने के लिए जागरूक करते हुए संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में लोगों से अपील करते हुए भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के मुख्य संयोजक अभिषेक खरे ने कहा कि होली का त्योहार अत्यंत पवित्र त्यौहार है, परंतु बीते कालखंड में शराब और हुड़दंग से इसका स्वरूप परिवर्तित हो रहा है।

हमें इस बार संकल्प लेना है कि प्रेम और सौहार्द के इस पावन पर्व होली को हम बिना नशे और हुड़दंग के भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाये। इस अवसर पर इक्यावन सौ दीपक जलाये गये, जिसकी जगमगाहट से सम्पूर्ण परिसर दिव्य प्रकाश से आलोकित हो गया। समारोह में भक्तिमय भजनों की रस-सरिता प्रवाहित हुई। भारतीय नववर्ष सांस्कृतिक चेतना दीपयज्ञ मे सुनील वैश्य, ज्ञान किशोर श्रीवास्तव सहित गायत्री परिवार की दिया यूथ विंग ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

## जब किसी कार्य में सृजनात्मकता का समावेश हो तो वह कला बन जाती है : डॉ अवधेश मिश्र



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में 27 एवं 28 फरवरी को भारतीय कला में विविधता, निरंतरता और वैश्विक संवाद विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश-विदेश के कला विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं कलाकारों ने भारतीय कला की परंपरा, समकालीन चुनौतियों तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर सार्थक विमर्श किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंबई के वरिष्ठ कलाकार सुहास बहुलकर और मुख्य वक्ता प्रख्यात कलाकार अवधेश मिश्र थे। कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय कला केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और सामाजिक अनुभवों का सजीव प्रतिबिंब है। आज भारतीय कलाकार लोक एवं पारंपरिक कलाओं को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए नई सृजनात्मक दिशाएँ स्थापित कर रहे हैं। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कलाकार सुहास बहुलकर ने भारतीय कला की प्राचीनता एवं उसकी अखंड परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला साधना निरंतर अनुभव और आत्मानुशीलन की प्रक्रिया है। उन्होंने चित्रकूट में निर्मित राम दर्शन को केवल एक मंदिर न मानते हुए कला की जीवंत पाठशाला बताया, जिससे प्रत्येक कलाकार को प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। बीएचयू से पधारे बीज वक्ता प्रो. शांति स्वरूप सिन्हा ने भारतीय कला के ऐतिहासिक विकास क्रम को रेखांकित करते हुए प्रागैतिहासिक शैलचित्रों, अजंता की भित्ति चित्र परंपरा तथा चोलकालीन शिव तांडव मूर्तियों के उदाहरणों द्वारा भारतीय कला की निरंतरता को वैश्विक पहचान का आधार बताया। वहीं वक्ता प्रो. मनीष अरोड़ा ने पारंपरिक कला विधाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी माध्यम कला को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होंगे। चित्रकूट से आए डॉ. जयशंकर मिश्रा ने लोककलाओं को जनजीवन के उत्सव और सामूहिक संवेदना का प्रतीक बताया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं कला दीर्घा, अंतर्राष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका के संपादक डॉ. अवधेश मिश्र ने संगोष्ठी के मूल विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कला स्वभावतः विविधतापूर्ण होती है, क्योंकि वह कलाकार के ज्ञान, अनुभव और कौशल से निर्मित होती है। यही विविधता कला को जीवंत बनाए रखती है तथा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास क्रम के साथ उसकी निरंतरता सुनिश्चित करती है। डॉ. मिश्र ने कला की अवधारणा स्पष्ट करते हुए कहा कि जब किसी कार्य में सृजनात्मकता का समावेश हो जाता है, वही कला का रूप ग्रहण कर लेता है। कलाएँ कलाकार की पृष्ठभूमि, परिवेश और जीवनानुभवों से आत्मसात संस्कारों एवं मूल्यों की अभिव्यक्ति होती हैं।

## उत्सव वंदेमातरम : सुरलहरियों में डूबा लखनऊ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आकाशवाणी लखनऊ ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के सहयोग से शनिवार को कैसरबाग स्थित कलामंडपम में राष्ट्रभक्ति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव वंदेमातरम का आयोजन किया। शाम 5 बजे से 8 बजे तक चले इस कार्यक्रम में देशभक्ति, संस्कृति और स्वतंत्रता चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (रेडियो वायरलेस) आशुतोष पांडेय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम्‌ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग के लिए भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत भातखण्डे विश्वविद्यालय के छात्र कलाकारों द्वारा छह छंदों सहित वंदेमातरम्‌ के प्रभावशाली समूहगान से हुई। स्वातंत्र्य स्वरांजलि में आकाशवाणी के कलाकारों ने हिन्दी, अवधी और भोजपुरी में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन्होंने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। लोकराग कार्यक्रम में अवधी और भोजपुरी लोकगीतों ने लोकसंस्कृति की सजीव झलक प्रस्तुत की।

विशेष आकर्षण के रूप में आल्हा सम्राट रामरथ पाण्डेय और उनके साथियों ने ओजपूर्ण आल्हा गायन प्रस्तुत कर वीररस का वातावरण बनाया। कविगोष्ठी मातृ स्वर-धारा में डॉ. शिव ओम अम्बर, शिव किशोर तिवारी खंजन, हिना रिजवी हैदर और डॉ. सुमन दुबे ने राष्ट्र चेतना से ओतप्रोत कविताएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वाधीनता के स्वर में भारतेंदु नाट्य अकादमी के कलाकारों ने आनंदमठ पर आधारित प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। इतिहास के पन्नों से शीर्षक के अंतर्गत क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उमाशंकर सिंह रहे तथा संचालन राजेश्वरी और नंदिनी ने किया।

## इंटीग्रल विवि को एग्रोटेक 2026 में मिला बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड



**लखनऊ।** लखनऊ के इंटीग्रल विश्वविद्यालय को एग्रोटेक 2026 में बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी 26 से 28 फरवरी 2026 तक आईसीएआर-इंडियन शुगरकेन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईआईएसआर), लखनऊ में आयोजित हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया, जो विश्वविद्यालय की कृषि प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शनी और नवाचारी योगदान को मान्यता देता है।

एग्रोटेक 2026 का आयोजन नई दिल्ली स्थित इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (आईसीएफए) द्वारा किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय मेले में देश-विदेश के प्रमुख संस्थान, उद्योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता, नीति निमार्ता और उद्यमी एकत्र हुए, जहां कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रगतिशील उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए चांसलर एवं संस्थापक प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने विश्वविद्यालय बंधु-मंडल को बधाई दी और इंटीग्रल विश्वविद्यालय की उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्र की कृषि एवं ग्रामीण विकास की दिशा में सार्थक योगदान देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की ओर से यह पुरस्कार प्रो-चांसलर सैयद नदीम अख्तर तथा प्रोफेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी, रजिस्ट्रार एवं कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन ने ग्रहण किया। विश्वविद्यालय का स्टॉल कृषि विज्ञान एवं संबद्ध विषयों में नवाचारी अनुसंधान पहलों, प्रौद्योगिक हस्तक्षेपों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। आगंतुकों एवं गरिमामय अतिथियों ने विश्वविद्यालय की सतत कृषि संवर्धन, अनुसंधान-आधारित समाधानों तथा उद्योग-शिक्षा संस्थानों के मध्य सहयोग को सराहा।

# युवाओं को 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब क्रिएटर' बनाने पर जोर

- एकेटीयू परिसर में एबीवीपी का 'सविष्कार स्टार्टअप संगम' का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सविष्कार का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026 का शनिवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शुभारंभ हुआ। नवाचार और उद्यमिता के इस महाकुंभ के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय आयोजन में 9 तकनीकी सत्रों के माध्यम से प्रतिनिधियों को उद्यमिता के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया गया।

सविष्कार द्वारा देशभर में युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जाता है। इस दो दिवसीय स्टार्टअप सम्मेलन में मेटा, एड्यूबुक, हाउस एस्थेटिक्स, बमशम, वॉक्सऑरा लैब्स, रेशनल एआई, एएम स्किल्स ई-एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, डेक्सटोरा एआई एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, राइट लेफ्ट एआई, फिजिक्स वाला, ड्रोन लैब, आईआईएम लखनऊ इनक्यूबेशन सेंटर तथा आई-हब यूपी अङळव जैसे प्रमुख कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि पैनल संवाद में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आज हमारे देश का नौजवान गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एडोबी जैसी विश्व की अग्रणी कंपनियों का नेतृत्व कर रहा है, लेकिन प्रश्न यह है कि हम भारत में रहकर गूगल क्यों नहीं बना पा रहे हैं? इसका सबसे बड़ा कारण हमारा सामाजिक परिवेश है, जो नए प्रयोगों को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं देता। आज भी अधिकांश अभिभावक चाहते हैं कि उनका बच्चा सुरक्षित सरकारी नौकरी, आईएएस, डॉक्टर या इंजीनियर बने, लेकिन स्टार्टअप के अनिश्चित भविष्य से जुड़े जोखिम से घबराते हैं। हमें इस मानसिकता की जंजीरों को तोड़ना होगा। यदि हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, तो हमें अपने बच्चों को उनके स्टार्टअप और नवाचार के सपनों में सहयोग देना होगा, न कि उन पर पारंपरिक करियर का दबाव बनाना होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि आज हम स्टार्टअप्स की बात कर रहे हैं, लेकिन यह भारत के लिए कोई नई अवधारणा नहीं है। पहली से 11वीं शताब्दी तक विश्व की कुल जीडीपी में भारत का योगदान 30 से 32 प्रतिशत तक रहा है। हम पुनः उसी दिशा में अग्रसर हैं। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि हमारे कैंपसों से केवल डिग्रीधारक नहीं, बल्कि समस्या समाधानकर्ता निकलने चाहिए। सविष्कार के माध्यम से हम युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि आपको समाज में कोई समस्या, कोई कमी दिखाई देती है चाहे वह एक्सेसिबिलिटी की हो या तकनीक की—वही आपके स्टार्टअप का आधार बन सकती है। हम केवल व्यवसाय की नहीं, बल्कि सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) की भी बात करते हैं। हमारे कैंपसों में जीरो प्लास्टिक वेस्ट का लक्ष्य हो, संडे फॉर कैंपस के माध्यम से पर्यावरण सेवा हो या सेवा शनिवार के जरिए वंचितों की सहायता इन सभी में नवाचार की आवश्यकता है। सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026 इसी नवाचार को एक मंच प्रदान करने का प्रयास है। यहां उपस्थित फिजिक्स वाला स्टार्टअप स्कूल और एनआईईटी जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ आगामी दो दिनों में प्रतिभागियों को मेंटरशिप देंगे। मुझे विश्वास है कि यहां से निकलने वाला प्रत्येक युवा भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान देगा। इस सत्र में सविष्कार के राष्ट्रीय संयोजक श्री निसर्ग राठौड़, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया तथा लोक नीति भारत के निदेशक सत्येंद्र त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के प्रथम दिन आयोजित स्टार्टअप इनेबलर्स टॉक सत्र में आई आईएम लखनऊ इनक्यूबेशन सेंटर के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुणोदय बाजपेई, एसटीपीआई के पूर्व महानिदेशक डॉ. ओंकार राय, वंदना शर्मा और डॉ. संजय सूर्यवंशी ने स्टार्टअप ईकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने पर मार्गदर्शन दिया।

## आईआईटी कानपुर में ट्रेनिंग लेंगे चार विज्ञान शिक्षक

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक स्कूलों के विज्ञान शिक्षकों को आईआईटी कानपुर में रोचक ढंग से पढ़ाई कराने के गुर सिखाए जाएंगे। यही नहीं जेईई का तोड़ शीर्षक से ट्रेनिंग देकर इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की बारीकियां भी सिखाई जाएंगी। झांसी व चित्रकूटधाम मंडल के चार शिक्षकों का इसके लिए चयन किया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज झांसी की भौतिक विज्ञान की शिक्षिका प्रीति खरे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कालेज मोठ झांसी के भौतिक विज्ञान के शिक्षक शिवेन्द्र सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज मर्का बांदा के भौतिक विज्ञान के शिक्षक राजेश कुमार व राजकीय इंटर कॉलेज लोहरा बांदा के शिक्षक हरीश चंद्र निषाद शामिल हैं। शिक्षकों को सात दिवसीय प्रशिक्षण 13 मार्च से लेकर 19 मार्च तक दिया जाएगा।

## यूजीसी पर भाजपा से मांगा जा रहा है जवाब : अजय राय

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूजीसी पर भाजपा से जवाब मांगा जा रहा है। सामान्य वर्ग के नौजवान भाजपा से खुले आम सवाल पूछ रहे हैं। शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भी ऐसा ही हुआ। भाजपा नेताओं से जनता ने सीधा सवाल किया, लेकिन भाजपा के नेता जवाब दिए बिना चल दिए। उन्होंने साफ तौर पर यूजीसी पर कुछ नहीं कहा। वहीं, इजरायल द्वारा ईरान पर हमले को अजय राय ने वैश्विक शांति और सौहार्द के लिए बड़ी चोट बताया है। उन्होंने कहा कि किसी संप्रभु देश पर हमला ना सिर्फ निंदनीय है बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने वाला है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा करने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**कुशीनगर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर प्रभात सिंह ने बताया कि जनपद में 14 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दीवानी न्यायालय, कुशीनगर एवं वाह्य न्यायालय, कसया के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संपन्न होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराएं। साथ ही ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में दाखिल नहीं किए गए हैं, उन्हें भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है।

# शिक्षा पर ही टिका है देश का भविष्यः राकेश जायसवाल

## छात्रों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों का है अहम योगदान : अशोक कुमार यादव

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** आज के बच्चे, कल के भविष्य हैं। बुनियादी शिक्षा पर ही बच्चों व देश का भविष्य टिका होता है। बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। उक्त बातें शनिवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए नगरपालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कही। कहा कि मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना साकार तभी हो सकती है जब हमारे बच्चे कुशल व सुशिक्षित हो। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व बीईओ कसया अशोक कुमार यादव ने दीप प्रज्वलन कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। इस दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों की मनोहारी प्रस्तुति देखकर उनके अभिभावक गदगद दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने अपने सम्बोधन में शिक्षकों के साथ अभिभावकों को भी अपने नौनिहालों के भविष्य निर्माण में सकारात्मक योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास में गैर शैक्षणिक सहायक गतिविधियों का भी विशेष महत्त्व है। बच्चों के अंदर प्रतिभा का अंबार है बस उसे निखारने की जरूरत है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, धूम्रपान आदि विषयों पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को संदेश देने का काम किया। इससे पूर्व बच्चों ने विद्यालय में आयोजित खेल कूद के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उसके पश्चात को आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में विभाग के विभिन्न योजनाओं तथा डीबीटी आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर से स्थानांतरित सहायक अध्यापक चंद्रपाल सिंह का माल्यार्पण के स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र ओढ़ाकर विदाई किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार तिवारी ने किया। अन्त में सहसंयोजिका प्रियंका सिंह ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभासद राकेश यादव, गीता शर्मा, निशा ओझा, सविता सिंह, इंदू कुशवाहा, सत्यभामा सिंह, इसरावती, सुमित्रा, चानमति, आराधना गुप्ता, सपना, पिंकी, रागिनी राजभर, यशोदा, सुंदरी, निधि, सुप्रिया, रागिनी, अनामिका, ज्योति, सोनाली, रिया, खुशबू, अर्चना, सोगरा, संदीप, कन्हैया, व्यास, अभिषेक, अमन, सूरज आदि मौजूद रहे।

## शादी से इनकार किया तो फंदे से लटकी प्रेमिका

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र में प्रेमी की ओर से शादी से इंकार किये जाने के बाद एक युवती अपने ही घर में फंदे से लटक जान दे दी। पुलिस ने शव का वीडियोग्राफी के बीच डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है। प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के रेतिया मुरावन टोला निवासी कोमल निषाद (22 वर्ष) पुत्री रामलौटन निषाद शनिवार को साढ़े 11 बजे अपने घर में फंदे से लटकी मिली। मामले की जानकारी पर पुलिस पहुंची तो वह नीचे फर्श पर पड़ी थी। हसनू कटरा चैकी के सिपाही सुनील कुमार ने तत्काल उसको जिला अस्पातल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया। घटना के समय परिवार के लोग जमथरा स्थित खेत पर गए थे। लोगों का कहना है कि युवती का मोहल्ले के ही युवक सावन निषाद से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने उसको युवती के साथ घर में पकड़ा था और पुलिस के हवाले कर दिया था।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**कुशीनगर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत कुशीनगर उत्तर प्रदेश ( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ) के तत्वावधान में एक विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पडरौना नगर स्थितः सेंट जेवियर्स स्कूल में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष कुमार गुप्ता (जिला सूचना विज्ञान अधिकारी) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक नंदलाल कुशवाहा तथा वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षक एवं साहित्यकार आर के भट्ट ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक परितोष कुमार दुबे ने किया। उपस्थित अतिथियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासा विकसित करने तथा नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं से किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य खुशबू मिश्रा, शिक्षक आदित्य, राहुल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि उनमें विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक चेतना को भी सुदृढ़ किया।

# ग्राम प्रधान और शिक्षकों ने लिया शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प

**बरहज, देवरिया।** नगर के ऐश्वर्या पैलेस में शनिवार को ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों और शिक्षकों के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण

- **प्रधानाध्यापक और प्रधान समन्वय बनाकर शिक्षा के विकास पर कार्य करें : दीपक**



कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बरहज विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायतो से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान आपसी समन्वय बनाकर शिक्षा के विकास पर कार्य करें। खंड शिक्षा अधिकारी बरहज राजेश कुमार यादव ने ग्राम प्रधानों से शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए सहयोग की अपील की। खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ती है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुभाष प्रसाद, एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी, सीडीपीओ सुषमा दुबे ने भी संबोधित किया। विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपस्थित प्रतिभागियों ने शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरडी पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अजय मिश्रा ने की। इस अवसर पर कृष्ण मोहन पाठक, शशि भूषण पाठक, संजीव दुबे, उमेश चंद, बच्चा उपाध्याय, अशोक सिंह, आशुतोष शाह, विक्रम प्रताप, दुर्गेश उपाध्याय, विजय खरवार, आदित्य नारायण गुप्ता, निजामुद्दीन अंसारी, संजय प्रजापति, रविशंकर उपाध्याय, राजेश यादव, सुशील यादव, हेमंत शुक्ला, विनोद यादव, अमृता मिश्रा, राजनाथ यादव, गोरखनाथ यादव, विजय कनौजिया, नौशाद आलम, मुकेश कुमार, दीपक जायसवाल, अजय यादव, चंदन कुमार, कृतमुख पांडे, धनंजय सिंह, संतोष, सुनील सुरेंद्र यादव, विजयमल चौहान, महातम लाल मौजूद रहे।

# सीडीओ ने की स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में संचालित स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पिछली बैठक की अनुपालन आख्या पूर्ण न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अवशेष सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड हर हाल में 15 मार्च तक बनाए जाएं। समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 6 लाख पात्र लाभार्थियों के कार्ड अभी भी लंबित हैं, जिस पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाने की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के भीतर प्रभावी कार्यवाही कर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में संस्थागत प्रसव, आशा कार्यकत्रियों के भुगतान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति, टीकाकरण कार्यक्रमों, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों, नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन, एईएस/जेई नियंत्रण, परिवार नियोजन अभियान तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश आशा कार्यकत्रियों का भुगतान हो चुका है, शेष लंबित भुगतान को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीएचसी स्तर पर वाई-डिलेवरी से संबंधित चयनित 5-5 ग्रामों की पंजिकाओं की भी जांच की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने, मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की गहन समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही करने तथा रिक्त पदों के सापेक्ष लंबित भर्तियां शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी टीकाकरण कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण करने तथा 16 से 27 फरवरी तक संचालित विशेष परिवार नियोजन अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम को भी जन-जागरूकता के माध्यम से सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। साथ ही रेफर मरीजों की स्थिति, डेथ ऑडिट, पोस्टमार्टम मामलों एवं विभिन्न प्रशासनिक प्रस्तावों पर भी विचार कर आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ करें। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता या बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचायेगी एचपीवी वैक्सीन : डॉ. शलभ मणि




**देवरिया।** सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार शनिवार से प्रदेशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ में इस अभियान का शुभारंभ किया। महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कॉलेज के सभागार में सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ रजनी सहित मेडिकल कालेज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश की किशोरियों को यह वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी। शीघ्र ही यह वैक्सीन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क लगाई जाएगी। इसके लिए उनके अभिभावकों की सहमति जरूरी है। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो महिलाओं में होने वाले सभी कैंसर का लगभग 22.86 प्रतिशत है। गर्भाशय कैंसर के नए मामलों और इससे होने वाली मौतों की संख्या में भी भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है लेकिन सर्वाइकल कैंसर ही एक ऐसा कैंसर है जिसकी रोकथाम वैक्सीन से हो सकती है। इसलिए प्रदेश सरकार का यह फैसला सराहनीय है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी पत्र के अनुसार 14 साल की सभी किशोरियों को गार्डासिल-4 टीके की सिंगल डोज लगाई जाएगी। यह वैक्सीन सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल व मेडिकल कालेजों में निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। तीन महीने तक यह रोज लगाई जाएगी। इसके बाद रुटीन टीकाकरण के दिनों में ही इस वैक्सीन को भी लगाया जा सकेगा। प्राचार्या डॉ रजनी ने कहा प्रदेश का यह टीकाकरण अभियान सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है।

कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा, पाण्डेय, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी, डॉ आरपी यादव, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, एआरओ राकेश चंद, डॉ संजय भट्ट, डॉ प्रियंका राय, डॉ जमाल हैदर, डॉक्टर कविता, डॉ जफर अनीस, सहयोगी संस्था सीफार के जिला प्रतिनिधि सहित जेएसआई के जिला प्रतिनिधि अभिनय कुशवाहा और मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## इलाज के दौरान लावारिस घायल ने दम तोड़ा

अयोध्या। नगर कोतवाली में पुराने भाजपा कार्यालय के पास लावारिश हाल में मिले घायल की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। डाक्टर ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम और पहचान के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया है। बताया गया कि सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पुराने भाजपा कार्यालय के पास शुक्रवार की रात एक 35 वर्षीय शख्स घायल हाल में मिला था। एंबुलेंस के ईएमटी विवेक पांडेय ने उसको बेहोशी की हालत में रात 10.25 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी शनिवार सुबह सात बजे मौत हो गई।

# नकल कांड पर नोटिस का पर्दा, महर्षि वाल्मीकि केंद्र पर बड़ा खेल

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले में संचालित हो रहे यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरैचा में सामने आए कथित नकल कांड ने शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि यहां मिश्रित सीटिंग व्यवस्था को सुनियोजित ढंग

- **मिश्रित सीटिंग की धज्जियां, नोटिस से निपटा मामला**
- **सीटिंग ध्वस्त, वाइस रिकॉर्डिंग ठप—कार्रवाई शून्य**

से ध्वस्त किया गया, वाइस रिकॉर्डिंग को निष्प्रभावी कर दिया गया और इमला बोलकर छात्रों को प्रश्नपत्र हल कराए गए। लेकिन इन गंभीर आरोपों के बावजूद न तो केन्द्र व्यवस्थापक पर कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही केन्द्र को डिबार किया गया, जो अपने आप मे यक्ष प्रश्न है। बतादे कि बोर्ड के स्पष्ट निर्देश हैं कि परीक्षा के दौरान मिश्रित सीटिंग व्यवस्था अनिवार्य है, ताकि किसी एक विद्यालय के छात्रों को सामूहिक लाभ न मिल सके। आरोप है कि इस मूल नियम को दरकिनार कर महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपने छात्रों को अलग कमरों में बैठाया गया। इतना ही नहीं, कई कक्षों में वाइस रिकॉर्डिंग व्यवस्था निष्प्रभावी रही, जिससे निगरानी तंत्र कमजोर पड़ गया।

### इमला बोलकर नकल का आरोप

महर्षि वाल्मीकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वाह्यय केन्द्र व्यवस्थापक रहे विजय यादव व स्टेटिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त को दिये गये पत्र में खुलासा किया गया है कि केन्द्र पर वाइस रिकॉर्डिंग के अभाव का फायदा उठाकर छात्रों को इमला बोलकर उत्तर लिखवाए गए। ऐसे में यह न सिर्फ परीक्षा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मेहनती और ईमानदार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।

### कार्रवाई के नाम पर नोटिस की कोरमपूर्ति

शिक्षा विभाग से जुडे विशेषज्ञो की माने तो बड़ा सवाल यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बाद भी केन्द्र को डिबार क्यों नहीं किया गया। विभाग-ए-शहंशाह ने कोरमपूर्ति के तौर पर केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिस थमा दिया और मामले का पटाक्षेप कर दिया। शिक्षा जगत में चर्चा है कि क्या इतनी बड़ी अनियमितता पर महज नोटिस पर्याप्त है? मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि प्रकरण को उजागर करने वाले वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक विजय यादव को यह कहकर हटा दिया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इलाज के लिए उन्हें ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है, ऐसे मे सवाल यह उठता है कि जब विजय यादव की तवीयत ठीक नही थी तो फिर उन्हे वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक बनाया क्यो गया? सवाल यह भी उठता है कि जब विजय यादव ने अपने केन्द्र पर हो रहे नकल का खुलासा किया तभी क्यो उनका तवीयत बिगड गया और उन्हें बोर्ड परीक्षा के जिम्मेदारी से मुक्त होना पडा। जानकारों का कहना है कि यदि अनियमितताओं की पुष्टि हुई थी, तो पहले केन्द्र को डिबार कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए थी। लेकिन इसके विपरीत शिकायतकर्ता को ही किनारे कर दिया गया।

### सवालों के घेरे में निर्णय

डीआईओएस पर उठ सवाल पर गौर करे तो केन्द्र को डिबार क्यों नहीं किया गया? वाइस रिकॉर्डिंग निष्प्रभावी करने की जिम्मेदारी किसकी रही? मिश्रित सीटिंग व्यवस्था तोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं? शिकायतकर्ता को हटाने का वास्तविक कारण क्या है? ऐसे तमाम सवाल है जो सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है जिसका जबाब सिर्फ और सिर्फ डीआईओएस ही दे सकते है।

## दो परिवारों में हुई मारपीट

अयोध्या। नगर कोतवाली के वजीरगंज केवटहिया मोहल्ले में हुई दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में पांच लोगों को चोट आई है। पुलिस ने चोटहिलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। जिला अस्पताल में घायल रिंकी निषाद (35) पत्नी पंचम और इसके बेटे सचिन (17 वर्ष) व पुत्री कामना (19 वर्ष) तथा दीपक निषाद (33 वर्ष) व दीपक की पत्नी चंदा निषाद (32) का मेडिकल कराया गया है।

## खेल शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है: बी के श्रीवास्तव

**भटनी (देवरिया)।** नगर स्थित के.के. पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। खेल महोत्सव के पहले दिन लगभग आधा दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि मनन श्रीवास्तव (भूतपूर्व सैनिक) और अरविंद श्रीवास्तव (प्रवक्ता, इंजीनियरिंग कॉलेज इलाहाबाद) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव तथा कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। खेल महोत्सव के दौरान छात्रों ने बैंड डिस्प्ले, मार्च पास्ट और विभिन्न ट्रैक इवेंट के साथ-साथ जंप एंड कैच, जिगजैग रेस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, लंबी कूद, कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रमोद यादव सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभाएं

**बरहज,देवरिया।** साइंस डे पर शनिवार को दुर्गावती देवी शिक्षण संस्थान खुदिया मिश्र,करुअना में बच्चों ने विविध प्रकार के माडल बनाकर अपनी प्रतिभाओं का सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य व शिक्षक नेता प्रेमचंद्र मिश्र, नगर पंचायत भलुअनी के सभासद प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने किया। बच्चों ने इस आयोजन के प्रति काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पी सी मिश्र ने कहा कि साइंस डे नोबेल पुरस्कार से विभूषित सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक चंद्र शेखर व्यंकट रमन की स्मृति में 28 फरवरी को मनाया जाता है।

## पंच दिवसीय रोजर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**भटनी(देवरिया)।** रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर भटनी मे चल रहे पंच दिवसीय रोजर्स रेंजर्स प्रशिक्षण का हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम केसाथ भब्य समापन समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि किसान इण्टरमीडिएट कालेज सल्लहपुर के प्रधानाचार्य प्रभुनाथ राय प्रवक्ता इन्द्रदेव राय विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभुनाथ राय ने कहा कि स्काउट/गाइड के सामाजिक कार्यों एवं व्यवहारिक जुवन में आने वाले कठिनाइयों का विस्तार से वर्णन किया। वही विशिष्ट अतिथि डॉ इन्द्रदेव राय ने कहा कि स्काउट/गाइड विषम परिस्थितियों में भी बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। और हर आने वाले संकट का समाना करते हुए समाज सेवा मे लगा रहता है। प्रशिक्षक सूरजचंद सहायक प्रशिक्षक शिवकुमार नंदिनी सैनी ने भी अनुशासन सहित विभिन्न कलाओ का सीखाया। जिससे स्काउट/गाइड आत्मनिर्भर बन सके। बी एड विभागाध्यक्ष डॉ मनमोहन सिंह ने कहा कि युवाओ में आत्मनिर्भर दुसरो की सेवा करने की भावनाओं का विकास करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यक्तिगत व सामाजिक राजनैतिक विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान छात्राध्यापकों/छात्राध्यापिकाओं द्वारा गजल नृत्य नाटक की सुन्दर प्रस्तुति ने उपस्थित लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ राजेश्वर शाही ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि व प्रशिक्षको को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश्वर शाही व विभागाध्यक्ष डॉ मनमोहन सिंह ने प्रशिक्षको व उपस्थित लोगो के प्रति आभार प्रकट किया।

## नि:शुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच और प्रशिक्षण शिविर में 105रोगियों की हुई जाँच

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम भरहेचौरा के उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान गीता वाटिका गोरखपुर द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी देवरिया के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर की प्राथमिक जाँच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ 105कैंसर रोगियों की जाँच चिकित्सकों की टीम द्वारा की गयी। कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डाँ नरेन्द्र बिरबिया व सहायक चिकित्सक डाँ राकेश श्रीवास्तव ने कैंसर के रोगियों की गहनता से जाँच की और कैंसर के लक्षण की जाँच कर रोगियो व उनके परिजनों को कैंसर से सम्बन्धित उचित परामर्श दिया। शिविर में आने वाले अधिकांश मरीज छाती स्तन में गाँठ गर्भाशय में समस्याएं मुलह के छाले पाचन किया ठीक न होने, भूख न लगने आदि से परेशान थे। उन्हे उचित निःशुल्क औषधि उपलब्ध करायी गयी। कैंसर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत इस स्वास्थ्य केन्द्र से सम्बंधित एएनएम जीएनएम आशा संगिनी एवं आशा कार्यकताओं को लोगों को जागरूक करने के लिए डाँ राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुँह (मुख गुहा) जीभ (मुख ग्रहनी) व गले (मुँखग्रहनी) के कैंसर मुख्य रुप से स्थान व लक्षणो के आधार पर भिन्न होते है। मुँह जीभ के कैंसर (सामने व दो तिहाई भाग) मुँह का निचला भाग मसूडे व गालो के अंदरुनी हिससे को प्रभावित करती है। इसमें लगातार लाल/सफेद धब्बे ठीक न होने वाले घाव (अल्सर) ढीले दाँत या मुँह में गाँठ होता होता गले का कैंसर (मुखग्रसनी) मुलह के पीछे होता है। जिसमें जीभ के पिछले हिस्से टाँन्सिल नरम लालू व ग्रसनी की दीवारें शामिल हैं। इसके अलावे बहुत सारी जानकारी कैंसर के लक्षण के सम्बन्ध में बताये। शिविर मे.लोगों को कैंसर सम्बन्धित पत्रकविवरण पुस्तिका को वितरित किया गया। जिससे कैंसर के रोग के बारे मे अपने व लोगो को जागरूक कर सके। जिससे इस बिमारी को बढने से पहले ही उपचार कराकर ठीक किया जा सके। शिविर में प्रभारी चिकत्साधिकारी डाँ दिनेश सिंह डाँ राकेश श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव सत्यवती तिवारी देवेन्द्र यादव विशाल यादव नारदमुनि अंकित पाण्डेय व स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत की बैठक संपन्न




**बहराइच।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पंचायत बहराइच की सामान्य बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि करणवीर सिंह, प्रमुखगण, जिला पंचायत बहराइच के सदस्यगण, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर मुख्य अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र बहादुर, जिला पंचायत के अभियन्ता रवीन्द्र सिंह व वित्तीय परामर्शदाता विरेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदस्यगण द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक अनुपूरक कार्ययोजना एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला पंचायत विकास योजना/वार्षिक कार्ययोजना अनुमोदित की गयी। वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट एवं आगामी वर्ष 2026-27 का मूल बजट एवं जिला पंचायत की सम्पत्ति एवं विभव कर प्रस्तावित सूची वर्ष 2025-26 का अनुमोदन, जनपद-बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत खनिज परिवहन शुल्क वसूली का मॉडल उपविधि, जनपद-बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसायियों को नियंत्रित एवं विनियमित करने हेतु 09 दिसम्बर 2025 से प्रभावी उपविधि को राजस्व संकलन के दृष्टिगत तैयार की गयी संशोधित उपविधि, जिला पंचायत के अकेन्दीय संक्राम्य संवर्ग के पदों पर पदोन्नति का अनुमोदन तथा जनपद-बहराइच मनरेगा का वर्ष 2026-27 का श्रम बजट का अनुमोदन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने वार्षिक अनुपूरक कार्ययोजना एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला पंचायत विकास योजना/वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान करने के लिए सभी सदस्यों का आभार ज्ञापित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सदस्यों द्वारा उठायी समस्याओं का समाधान कराएं।

संक्षेप

## समाधान दिवस पर महज दो मामले आये

पाटन, उन्नाव। शनिवार को थाना बिहार में आयोजित समाधान दिवस थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, इस मौके पर मात्र दो प्रार्थना पत्र आए। थाना प्रभारी ने पिछले थाना दिवस में आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद फरियादियों की समस्या सुनी जिसमें राकेश बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर सिंह निवासी धनकोली ने शिकायत की, कि मेंड़ बंदी के बाद विपक्षी गणों द्वारा जबरिया मेंड़ तोड़कर कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। वही ग्राम बाबू खेड़ा की सोनी देवी पत्नी अनूप कुमार कहार ने अपनी शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के दीनदयाल व महिपाल जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं। संबंधित प्रार्थना पत्रों को पुलिस व राजस्व टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव आयोजित

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली के निकट स्थित स्थानीय श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक मयूर वर्मा ने गणेश वंदना एवं हनुमान स्तोत्र की प्रस्तुति से किया। जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में देव शुक्ला द्वारा प्रस्तुत भजन ह्लकोई खाली हाथ ना लौटा दरबार सेह्व ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से भाव-विभोर कर दिया। भजन के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तगण झूमते नजर आए। प्रसिद्धि भजन गायिका दीपांशी तिवारी सनातनी ने वृंदावन में डोलोगे तो राधे-राधे बोलोगेह्व एवं ह्लजगन्नाथ चक नेना लीलांचल वाले, तू न संभाले तो हमें कौन संभालेह्व जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। वहीं कुमार शुभम ने ह्लकीर्तन की है रात बाबा, आज ठाणे आना हैह्व भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। भारी संख्या में उपस्थित श्याम भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। इस अवसर पर शिव कुमार खेतान, नरेश खेतान, मुकेश खेतान, मनीष खेतान, सौरभ बंसल, रमेश बंसल, अंकित बंसल, अमित नौसरिया, अंकित धवन, सचिन सिंह, संतोष गुप्ता, संजू, श्रवण गुप्ता, डॉ. विमल गुप्ता, विजय अवस्थी, दीपक अग्रवाल, सचिन गुप्ता, राम मिश्रा, श्याम मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, लकी सरदार, अनिल रस्तोगी, अनमोल गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## आधी छूट पर कृषि यंत्र पाकर किसानों के खिले चेहरे

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव देश की प्रतिष्ठित चीनी मिल जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव अन्तर्गत स्थित अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि. हरगांव द्वारा क्षेत्रीय किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 प्रतिशत अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। मिल प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिष्ठान्न भेंटकर सम्मानपूर्वक कृषि यंत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी व बीज उत्पादन अधिकारी पूनम यादव ने कृषकों को कृषि यंत्र प्रदान किए। जिला गन्ना अधिकारी ने कृषकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक ही खेती को लाभकारी बना सकती है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चीनी मिल हरगांव द्वारा विगत वर्षों से किसानों को अनुदान पर छोटे ट्रैक्टर (44), ट्रेंच प्लांटर, ट्रैक्टर चलित स्प्रे मशीन, ऑटोमेटिक गन्ना बुवाई मशीन, पेड़ी प्रबंधन मशीन आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल न केवल सराहनीय है। बल्कि इससे क्षेत्र में गन्ने की पैदावार में लगातार वृद्धि भी हो रही है। अधिशाषी अध्यक्ष अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि जनपद में गन्ने की औसत उत्पादकता बढ़ाने और श्रमिकों की कमी को दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। जो आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से ही संभव है। आटोमैटिक केन प्लांटर से खेत में कूंड़ कटेगा, गन्ना बीज काटेंगे, कूड़ में दवा डालने के साथ कूंड़ को खोलेगा एवं बंद भी करेगा। इस मशीन से खाद कूंड़ में पड़ती है जिससे पैदावार बढ़ जाती है।

# मिश्रिख में पंचकोशी पड़ाव पर लगने वाले मेले का उद्घाटन



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद में चल रही पावन 84 कोसी परिक्रमा के अंतर्गत पंचकोशी पड़ाव पर लगने वाले पारंपरिक मेले का आज भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। 18 तारीख से प्रारंभ हुई 84 कोसी परिक्रमा विभिन्न पड़ावों से होती हुई पंचकोशी के लिए मिश्रिख पहुंच चुकी है। परिक्रमा के आगमन के साथ ही कस्बा मिश्रिख में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और परंपरागत मेले का आयोजन किया गया है।

उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित जिलाधिकारी राजागणपति आर0 भी मौजूद रहे। अतिथियों ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं विधायक रामकृष्ण भार्गव ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि मिश्रिख की यह पावन धरती संत-महात्माओं की तपोभूमि रही है और मेले का आयोजन क्षेत्र की धार्मिक गरिमा को और बढ़ाता है। मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## गुरु गोरखनाथ गोरख पुराण महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का आयोजन



परसेण्डी (सीतापुर)। परसेंडी श्री गुरु गोरखनाथ गोरख पुराण महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन कार्यक्रम कनपुर मंदिर ग्राम पंचायत कैमहरा वजीरपुर ब्लॉक परसेंडी पोस्ट धोधी के तृतीय दिवस के पावन अवसर पर यज्ञ आचार्य पंडित उमाशंकर तिवारी नैमिष धाम अभिषेक शुक्ला नैमिष धाम के द्वारा यज्ञ शाला में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ यज्जमान श्री कृष्णा पाल महंत व राम भजन पुजारी के द्वारा पूजन का कार्यक्रम हुआ। विशाल सत्संग हॉल में मानस प्रवक्ता सोनी यादव ने रामचरितमानस के माध्यम से भगवान राम के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान राम ने भक्तों का उद्धार करने के लिए मनुष्य रूप में अवतार लिया था। रामभूषण जी महाराज के द्वारा विशाल सत्संग हॉल में गुरु गोरखनाथ जी की कथा सुनाते हुए भक्तों को आनंदित किया। कार्यक्रम में हजारों भक्तों के द्वारा कथा सुनाई गई एवं यज्ञ में विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरपाल, विजय शंकर पाल, ओमप्रकाश, आनंद यादव, मनोज त्रिवेदी, जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर श्रीकृष्ण पाल पूर्व प्रधान मुख्य यजमान ओम प्रकाश शुक्ला, गंगा प्रसाद त्रिवेदी, महंत श्री विष्णु मंदिर, राही दुर्गा धाम राही बाबा भयंकराचार्य जी महाराज सहित सहित हजारों हजार भक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित हुये।

## 9 माह से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने दिया ज्ञापन



बिसवां नगर (सीतापुर)। विकासखंड बिसवां में मनरेगा कर्मियों के द्वारा अपनी समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को खंड विकास अधिकारी बिसवां के द्वारा दिया गया। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को रखते हुए बताया की विगत 9 माह से हम लोगों को मानदेय नहीं मिल रहा है जो की बहुत ही अल्प मानदेय मिलता है। दीपावली पर्व भी पूर्व में निकल गया और मानदेय नहीं मिला और अब चार दिन बाद होली जैसे महा पर्व भी मनरेगा कर्मी के परिवार वाले कैसे होली मनाएंगे, कैसे त्यौहार मनाएंगे। यह शासन एवं विभाग विचार करे, मनरेगा कर्मी रोजगार सेवक विगत 9 माह से बिना मानदेय के मनरेगा के अतिरिक्त बिलों एसएआर जैसे कार्य को भी निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं। लेकिन अब उनकी कार्य दक्षता प्रभावित हो रही है। किसी भी समय कार्य बहिष्कार कर दिया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमरेंद्र वर्मा, नितिन गुप्ता लेखा सहायक, मनरेगा यशपाल सिंह, आशुतोष मिश्रा, जितेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, श्रवण कुमार, संजय कुमार, नितिन मिश्रा, सरोजनी देवी, अंजलि कश्यप आदि बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

## विद्यालय परिसर में छलका रंगों का उल्लास, उत्साह से मनी होली



उन्नाव। औरास का उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा परिसर शनिवार को रंगों की फुहार और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। रंगों से सराबोर चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। गीत-संगीत और सामूहिक उत्सव ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों में प्रदीप वर्मा, शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर, इंद्रपाल ने बच्चों को सुरक्षित, संयमित एवं पर्यावरण हितैषी होली मनाने का संदेश दिया। साथ ही सामाजिक समरसता और आपसी एकता की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। रंगों के इस पर्व ने विद्यालय परिवार में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया।

## उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर सब्सिडी वितरण



फतेहपुर । होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी प्रदान की।

लखनऊ के लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रिमोट बटन दबाकर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को लाभ पहुंचाया गया, जिसमें फतेहपुर के 2.91 लाख परिवार शामिल हैं। कार्यक्रम का स्थानीय आयोजनजिले के सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर और बड़ी संख्या में उज्ज्वला लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। डीएम ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर और चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री का संदेशमुख्यमंत्री ने होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व समता, भाईचारा और सौहार्द का प्रतीक है। उज्ज्वला योजना महिलाओं को ऊर्जावान बनाने वाली पहल है, जो होली-दीपावली पर सब्सिडी प्रदान करती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर दिया, बेटियां ही देश को खुशहाल बनाएंगी। फतेहपुर जिले के आंकड़ेजिले में कुल 2,91,720 उज्ज्वला लाभार्थी हैं, जिनमें से 2,34,809 का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। इनमें से प्रथम चरण में दीपावली पर एक सिलेंडर और अब होली पर दूसरा निःशुल्क सिलेंडर मिलेगा। शेष लाभार्थियों को ई-केवाईसी जल्द पूरा करने की अपील की गई। जिलाधिकारी के निर्देशडीएम रविन्द्र सिंह ने त्योहारों की बधाई दी और जिला पूर्ति अधिकारी को ग्राम्य विकास विभाग से समन्वय कर जीरो पॉवर्टी व पीएम आवास योजना के पात्रों का सर्वे कर लाभ पहुंचाने को कहा। प्रेक्षा गृह में स्वास्थ्य कैंप, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड हेल्पडेस्क लगाए गए, जहां महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर 22 शिकायतें आईं , 2 का निस्तारण



मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। जिले के मौरावां थाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 9 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे जिनमें से एक का तत्काल समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त, आपसी विवाद से जुड़ी सात शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण हुआ। अन्य मामलों से संबंधित चार शिकायतें भी दर्ज की गईं थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना उन्होंने संबंधित हल्का सिपाहियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। राजस्व संबंधी शिकायतों पर उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि जांच के समय पुलिस से समन्वय स्थापित किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की सहायता ली जाए। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह गुलरिहा पुलिस चैकी इंचार्ज अमर चंद्र एसआई अमरेश सिंह सोढ़ी एसआई केसीएम सक्सेना रविंद्र सिंह सहित राजस्व विभाग के लेखपाल फाजिल अंसारी लवकुश विजय यादव और अमित पाल मौजूद रहे थाना परिसर में लगभग 50 लोग उपस्थित थे।

## सर्वोदय मंडल की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन



उन्नाव। गांधीवादी विचारों के प्रचार प्रसार में सक्रिय उन्नाव सर्वोदय मंडल के जिला कार्यकारणी का पुनर्गठन लोक नगर स्थिति जिला संयोजक रघुराज मगन के आवास पर संपन्न हुआ। सम्मेलन में पिछले कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। साथ ही 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में जनपद में गांधीवादी मूल्यों का प्रचार प्रसार करने वाले साथी संजीव श्रीवास्तव को तथा समाजवादी विचारों के अखिलेश तिवारी को मंत्री के रूप में चुना गया, इसके साथ ही अरविन्द कमल को संरक्षक, राम सजीवन यादव को उपाध्यक्ष, सुशील मिश्रा कोषाध्यक्ष, अनुपम यादव मीडिया प्रभारी तथा प्रदेश में पार्टी प्रतिनिधि के रूप में पूर्व अध्यक्ष नसीर अहमद को चुना गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ रामनरेश, सीताराम गुप्त, दिनेश नारायण अवस्थी, अमरेंद्र सिंह राजन यादव, हेमंत नंदन पंत आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## इंद्रा गांधी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बाबा मोतेश्वर क्रिकेट अकादमी की टीम घोषित




हिलौली, उन्नाव। राजधानी लखनऊ में होने वाली इंद्रा गांधी आल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल की टीम की घोषणा कर दी गयी। जानकारी के अनुसार लखनऊ के एलसीए मैदान पर इंद्रा गांधी ऑल इंडिया अंडर-16 क्रिकेट लीग में बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल मौरावां की टीम भी प्रतिभाग कर रही है। मुख्य प्रशिक्षक तौफीक अहमद की उपस्थिति में संरक्षक शीतल प्रसाद ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि टीम में कई आलराउंडर खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। उन्होंने प्रतियोगिता में टीम के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। टीम की बागडोर फहद को सौंपी गई है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीम में फहद (कप्तान), वीरू (उपकप्तान), अनुराग (विकेटकीपर), अभिषेक यादव, आर्यन, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, आयुष, प्रांजुल, कृष्णा सोनी, विमल, गोविंद, कृष्णा वर्मा, प्रीत, विकास शामिल रहेगें।

## मांगो को लेकर भाकियू भानू गुट ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



पाटन, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडल महासचिव बृजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसनों की समस्या से संबंधित 11 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी से संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया तथा निर्धारित समय में मांग पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

कस्बा पाटन में 2019 में बनी उप मंडी बनने के बाद भी अब तक चालू नहीं की गई जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई। वही कस्बा पाटन में बना कृषि कल्याण केंद्र बीज भंडार आज तक चालू नहीं किया गया जिसे चालू किए जाने को लेकर भी लोगों द्वारा आवाज उठाई गई समाचार पत्रों में भी अनेकों बार प्रकाशित किया गया। लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर धानी खेड़ा के पास हाइट गेज बैरियर लगाकर मार्ग अवरूद्ध किए जाने से बसों का आवागमन बंद है। भगवंत नगर विद्युत उपकेंद्र में विद्युत अधिभार की शिकायतों के कारण किसान समस्या से जूझ रहा है। शारदा नहर में जल स्तर मानक के अनुरूप न होने से क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त पानी न मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डलमऊ बी पंप को परियोजना द्वारा 4-5 पंप लगातार चलाए जाने की मांग किसानों ने की है। किसान यूनियन ने किसानों की खाद, गौशालाओं में औचक निरीक्षण सहित 11 मांगो का जिलाधिकारी से संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा। मांगो की समस्या निर्धारित समय में निस्तारित न की गई तो धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर ओंकार नाथ जिला प्रभारी, अंबुज सिंह चौहान जिला अध्यक्ष, अभिषेक पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फरियादियों को अंतिम निर्णय देकर करायें सम्पूर्ण समाधानः एसडीएम

महोली (सीतापुर)। थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडे ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस की आयोजन कराया। इस दौरान उपजिलाधिकारी देवेंद्र मिश्र ने कानूनगो राम कुमार दीक्षित, देशराज एवं अशोक राजवंशी लेखपाल संत कुमार तिवारी सिद्धांत पांडे की के साथ फरियादियों की शिकायते सुनीं। होली त्यौहार के कारण जहां लोगों की उपस्थिति कम रही और कुल तीन शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें दो राजस्व तथा एक पुलिस से रही। जिनके लिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। एसडीएम देवेंद्र मिश्र ने कहा जनसुनवाई के लिए अंतिम निस्तारण करना है। इसके लिए नायब तहसीलदार और लेखपाल की ऐसी टीम के साथ पुलिस टीम लेकर अंतिम निर्णय देकर शिकायतकर्ता को संतुष्टकर गुणवत्तापूर्ण समाधान करायें।

# कृषि जागरूकता गोष्ठी का आयोजन




सफीपुर, उन्नाव। राजकीय कृषि बीज भंडार परिसर में कृषि सूचना तंत्र एवम् जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत सहायक विकाश अधिकारी (कृषि) सुनील रावत द्वारा गोष्ठी में कृषि उत्पादन की तकनीक बताई गई जिसके साथ-साथ कृषि विभाग में सरकार द्वारा संचालित प्राकृतिक खेती करने व फसल प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदे और रासायनिक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा करते हुए कृषकों को खुद जैविक खेती करने और अपने आसपास क्षेत्र में किसानों जागरूकता अभियान चलाने और जागरूक होने वाली के बारे में भी बताया कार्यक्रम का संचालन तकनीकी प्रबंध शिवकुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर बीज भंडार प्रभारी संजय रावत, शशि कांत, राज, प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ चंद्रपाल, गणेश शंकर सिंह,राहुल सिंह, रामचंद्र, राम प्रताप सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। इसी कड़ी में सफीपुर राजकीय कृषि बीज भंडार में कामदार के पद पर कार्यरत रहे त्रिलोकी नाथ मिश्र का 37 वर्ष तक विभाग की सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत हो गए। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी संजय ,शिव कुमार पांडेय, शशिकांत, राज द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भव्य समारोह में उनके व्यक्तित्व एवम कृतित्व को याद कर उन्हे पुष्प गुच्छ, दुशाला,प्रतीक चिन्ह देकर उनके स्वस्थ एवम दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए अपनी विदाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान, व्यापारी, प्रधान, बीडीसी सदस्य,संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## 19 गैर राज्यों में जीएसटी चोरी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह गिरफ्तार

सीतापुर। सीतापुर में आर्थिक अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वाट और कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 19 गैर राज्यों में जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इन अभियुक्तों के द्वारा करोड़ो रुपए की जीएसटी चोरी की वारदातें की गई है। सीओ सिटी विनायक भोसले के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस और सर्विलांस स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में यह गिरोह पकड़ा गया। पुलिस को दावा है कि अभियुक्तों को आरएमपी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गैंग लीडर सोना उर्फ आशीष और उसके साथी कुलदीप सिंह, विवेक कुमार (सभी निवासी जनपद आगरा) तथा सूरज रावत निवासी अल्मोड़ा, उत्तराखंड शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 लाख 30 हजार रुपये नकद, 3 लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन, 23 सिम कार्ड, 6 एटीएम, पैन कार्ड, चेकबुक, पासबुक, सोने की दो अंगूठियां, एक चेन तथा बिना नंबर प्लेट की महिंद्रा कार बरामद की है।

## संजीव सक्सेना जिला पर्यावरण समिति के सदस्य नामित



सीतापुर। संजीव सक्सेना को जिला पर्यावरण समिति में वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित समिति में नामित किये गये।

सदस्य नियुक्त किए जाने के उपरांत भगवान चित्रगुप्त मंदिर सिविल लाइंस सीतापुर में दर्शन करने पहुँचे। आरती प्रसाद अर्पित कर चित्रगुप्त महराज के चरणों में मस्तक नवाया। इस अवसर पर उपस्थिति कायस्थ समाज सीतापुर के गणमान्य व्यक्तियों ने शासन का आभार जताया है। श्री सक्सेना अपने कुशल मार्गदर्शन द्वारा वन एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने दूषित जल के दुष्प्रयोग से बचने के लिए आम जन को जागरुक कर शासन का सहयोग प्रदान कर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कर राष्ट्र के निर्माण में सहयोग प्रदान करने की बात कही। भगवान चित्रगुप्त मंदिर प्रबंधक के. बी. श्रीवास्तव, समाज सेवी ललित श्रीवास्तव चंचल, एडवोकेट वरिष्ठ पत्रकार नीरज श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव पत्रकार, एडवोकेट आशीष श्रीवास्तव, मंदिर सेवक विजय श्रीवास्तव, राजू लाला, शिवांश, दुर्गेश श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, विवेक मोहन, अभिषेक, वैभव, नीलम आदि कायस्थ समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूलमाला पहना कर पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान कर बधाई दी।

## दो पक्षों में हुआ संघर्ष, पुलिस ने शुरू की जांच

महोली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के डिघरा गांव में बीते शुक्रवार की रात दो पक्षों के हुए संघर्ष में कई लोग घायल हुए हैं। लाठी डंडे और बांके के हमले में दोनों ओर से डिघरा निवासी प्रमोद पुत्र छोटे, तथा दीपक पिंकू रामू पुत्रगण दर्शन में तीन लोगों को चोटें आई हैं। जिसमे पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। जमीनी मामले को लेकर हुई इस घटना में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# होली व रमजान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायें

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पवित्र रमजान माह, होलिका दहन व रंग भरी होली का पर्व सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न की गयी। बैठक में उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं से क्षेत्रवार सामान्य परिचय प्राप्त करते हुए विगत वर्षों में होली पर्व के दौरान पायी गयी कमियों के सापेक्ष आवश्यक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा होली व रमजान माह में शाम के समय पर्याप्त विद्युत आपूर्ति एवं समुचित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की गयी।



जनपद के अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित हुए धर्मगुरुओं के द्वारा समुचित चिकित्सा, सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु प्रस्तुत आवश्यकताओं से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग जनपद में उपलब्ध ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समस्त चिकित्सालयों पर आपातकालीन सेवायें सुदृढ़ रखी जायें तथा बर्न यूनिट को एलर्ट मोड में रखा जाये जिससे किसी भी आपात स्थिति में अभाव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग होली पर्व एवं रमजान माह के दौरान बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की टीम बनाकर सतत निगरानी रखी जाये तथा किसी भी स्थिति में अपमिश्रण की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चत की जाये जिससे कोई घटना घटित होने से बचा जा सके।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, राबर्ट्सगंजध्पिपरी, सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि होलिका दहन हेतु शहरी

- **आगामी होली व पवित्र रमजान माह के दृष्टिगत डीएम व एसपी की अध्यक्षता धर्मगुरुओं व विभागीय अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न**

क्षेत्रों का पर्यवेक्षण करा लें तथा जहॉ भी विद्युत पोलों या तारों के समीप होलिकायें बनायी गयी हों उनको चिन्हित करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थापित करा लिया जाये अथवा आवश्यकतानुसार वहॉ के जन समुदाय से वार्ता करते हुए इसका समुचित समाधान करा लिया जाये जिससे विद्युत जनित घटनायें उत्पन्न न हो सकें साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति आवश्यकतानुसार सुनिश्चित करायी जाये, जिससे पेयजल, प्रकाश की असुविधा त्यौहारों, पर्वों के दौरान न रहें।

बैठक में उपस्थित नोडल अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त नगर निकायों में होलिका दहन स्थलों की निगरानी कराते हुए उक्त स्थलों पर साफ-सफाई एवं नगर के प्रमुख स्थलों पर समुचित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चत करा ली जाये।ऐसे स्थलों को चिन्हित करते हुए टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये जिससे अपेक्षित सुविधाओं का अभाव न हो सके। जिला आबकारी विभाग के उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के प्रमुख क्षेत्रों में टीम बनाकर इसकी सतत निगरानी करायी जाये कि कहीं भी जहरीली शराब का निर्माण या उसकी बिक्री न हो सके। इसके अतिरिक्त अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर पुलिस बल के साथ टीम बनाकर नाकाबन्दी करते हुए चेकिंग अभियान चलाया जाये। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की चोरी छिपे घटनायें संज्ञान में आते ही गठित संयुक्त टीम द्वारा त्वरित ढंग से समुचित जॉच एवं वैधानिक कार्यवाही करते हुए ऐसे विधि विरुद्ध कार्यवाही को प्रतिबन्धित रखा जाये।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि होली, रमजान माह तथा ईद में पूर्व घटित घटनाओं का संज्ञान लेते हुए संवेदनशील स्थानों पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाये तथा सोशल मीडिया पर नजर रखते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रणधीर मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, पी0डब्ल्यू0डी0, विद्युत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, धर्मों के प्रतिष्ठित धर्मगुरु आदि उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### मधुमक्खियों के हमले में युवक की मौत

भदोही। स्टेशन रोड स्थित भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के व्यावसायिक परिसर में मधुमक्खियों के हमले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जलालपुर निवासी सद्दाम अंसारी उर्फ टीपू (35) पुत्र आजाद अंसारी की बीडा परिसर में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान थी।शुक्रवार देर रात वह दुकान पर कार्य कर रहा था। दुकान के ऊपर मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था, जिसे हटाने का प्रयास करते समय मधुमक्खियों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन उसे तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सद्दाम प्रतिदिन सुबह लगभग नौ बजे दुकान खोलता और रात करीब नौ बजे बंद कर घर लौटता था।काम के दबाव के चलते शनिवार को दुकान देर रात तक खुली रही, जिससे यह दुखद घटना घटित हुई।

### दूधेश्वर महादेव धाम पर जमकर उड़े अबीर-गुलाल

सोनभद्र।जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के उत्तर मोहाल स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर रंगभरी एकादशी के अवसर पर देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमें सर्वप्रथम मंदिर में स्थापित शिव परिवार की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया गया इसके पश्चात वहां उपस्थित महिलाओं ने एक से बढ़कर एक होली से संबंधित लोकगीत गायन व भजनों का गायन किया गया।जिसे सुनकर वहां उपस्थित श्रद्धालु गण झूमने लगे।

वहीं भजन संध्या का समापन महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंगभरी एकादशी की बधाई दी और इसके पश्चात गोविंद केसरी द्वारा शिव परिवार की दिव्य आरती की गई।इस अवसर पर प्रतिभा केसरवानी, पिंकी, निधि, गीता, सपना, सीमा, बबीता, निशु, सीमा, सोना, मुनमुन अनु सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### मणिकर्णिका घाट पर खेली गयी चिता भस्म की होली

वाराणसी। धार्मिक नगरी काशी में रंगभरी एकादशी के ठीक अगले दिन शनिवार को महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेली गई।जलती चिताओं के बीच जमकर अबीर-गुलाल उड़े और भस्म से होली की गई।पूरा श्मशान घाट डमरूओं और हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा।इस अनोखे उत्सव को लेकर पहले से विवाद चल रहा था।घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों और उमड़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। विश्वनाथ धाम, ललिता घाट और आसपास की गलियों में पुलिस बल तैनात किया गया था। केवल आयोजकों, साधु-संतों और मीडिया प्रतिनिधियों को ही होली स्थल तक जाने की अनुमति दी गई। आम श्रद्धालुओं और पर्यटकों को रोका गया, जिससे कई लोग मायूस होकर लौट गए।

### गैस टैंकर और कंटेनर में टक्कर एक की मौत

सुलतानपुर। जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को कंटेनर और गैस टैंकर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है।पुलिस सूत्रों के अनुसार हलियापुर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 87.500 के पास एक गैस टैंकर सड़क किनारे खड़ा था।इसी दौरान हरियाणा नंबर का एक कंटेनर गुरुग्राम से पटना जा रहा था।चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण कंटेनर ने पीछे से टैंकर में टक्कर मार दी।टक्कर के बाद टैंकर से तरल पदार्थ सड़क पर फैल गया और गैस रिसाव शुरू हो गया। दुर्घटना में दोस्तपुर थाना क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।दूसरे घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अयोध्या भेजा गया है।

# लाइनमैन की मौत के मामले मे अधिशासी अभियंता और एसडीओ सस्पेंड

जिला संवाददाता(vol)

## खबर का असर

करमा,सोनभद्र। स्थानीय कर्मा थाना क्षेत्र के जोगिनी ग्राम पंचायत के लोढ़ौउटा गांव में दो दिन पहले बिजली के पोल पर चढ़ कर लाइन की मरम्मत कर रहे संविदा लाइनमैन की हाइवोल्टेज करेंट की चपेट में आने से जिंदा जलकर मौत हो गई थी। शुक्रवार देर रात मृतक का शव घर पहुंचा। इसके बाद शनिवार सुबह आक्रोशित परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने घोरावल रॉबर्ट्सगंज मार्ग पर खरुआंव ब्लाक तिराहे पर पिकअप गाड़ी में शव को रख कर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच कर जाम हटाने की कोशिश की परंतु मृतक परिवार के लोग नहीं माने।घंटो बाद किसी तरह जाम हटा।



बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बीसहार गांव निवासी संतोष (46) पुत्र चिंता घोरावल उपखंड क्षेत्र के बिसरेखी फिडर पर संविदा लाइनमैन था।गुरुवार को शाम करीब 7 बजे वह शट डाउन लेकर लोढ़ौउटा गांव में पोल पर चढ़ कर काम कर रहा था। उसने विभाग से शट डाउन करवाया था।लेकिन काम के दौरान 11 हजार वोल्ट की सप्लाई चालू कर दी गई।संतोष खंभे पर ही बुरी तरह से जल गया। बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान गुरुवार को देर रात उसकी मौत हो गई।

पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता और एसडीओ व अवर अभियंता को सस्पेंड कर दिया वही अन्य दो कर्मचारियों को भी बर्खास्त कर दिया है।उधर शुक्रवार को वाराणसी मैं पोस्टमार्टम के बाद संतोष का शव देर रात बिसहार गांव पहुंचा। शनिवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीण और परिजन पिकअप में शव लेकर खरूआंव पहुंचे।आक्रोशित परिजनों ग्रामीणों ने शव लदे पिकअप को खरूआंव में ब्लॉक तिराहे रॉबर्ट्सगंज मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। चक्काजाम दो घंटे तक रहा।जाम की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में अफरा तफरी मच गई।

परिजनों की मांग थी कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।मौके पर पहुंचे तहसीलदार प्रवीण सिंह और सीओ सदर राज सोनकर ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम हटवाया और मौके पर ही 25 हजार रुपए की सहयोग राशि दिया।इस मौके पर कर्मा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह, घोरावल चैकी प्रभारी त्रिभुवन राय, उभ्भा चैकी प्रभारी आशुतोष राय, बिजली विभाग के जेई राजेंद्र बिंद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# कार मालिक को लौटायी गयी सड़क हादसे में जब्त लैम्बोर्गिनी

कानपुर। कानपुर में एक हाई प्रोफ़ाइल सड़क हादसे के बाद जब्त की गई लैम्बोर्गिनी रेवुएल्टो कार को शुक्रवार देर रात पुलिस हिरासत से उसके मालिक को सौंप दिया गया।इस हादसे में छह लोग घायल हो गए थे। अदालत ने 8.30 करोड़ रुपये के जमानत बॉण्ड के बदले इस कार सौंपने की अनुमति दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता (अपराध) दिलीप अवस्थी ने शनिवार को बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरज मिश्रा ने तंबाकू व्यवसायी के.के. मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा की लैम्बोर्गिनी रेवुएल्टो कार को सौंपने का आदेश पारित किया।

अवस्थी ने बताया कि अदालत ने वाहन सौंपने समय कड़ी शर्तें लगाईं, जिनमें कहा गया कि कार को बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता, इसके रंग, इंजन नंबर या चेसिस नंबर में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता और मालिक को आवश्यकता पड़ने पर अपने खर्च पर वाहन को अदालत या जांच अधिकारी के समक्ष पेश करना होगा।

अवस्थी ने आगे कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में आवेदक को राज्य सरकार के पक्ष में पूरी जमानत राशि जमा करनी होगी। आवश्यक जमानत और वचन पत्र जमा करने के बाद, अदालत के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हुए वाहन को छोड़ दिया गया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि आधी रात के कुछ ही समय बाद लैम्बोर्गिनी कार को ग्वालटोली पुलिस थाना से निकालकर घनी आबादी वाले इलाके में यातायात जाम से बचने के लिए एक ट्रेलर ट्रक पर लादकर ले जाया गया।

बचाव पक्ष के वकील धर्मेंद्र सिंह उर्फ धर्मू ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 7.5 करोड़ रुपये की जमानत राशि और लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के दो वाहनों के दस्तावेज अदालत में जमा किए गए थे। यह आवेदन आठ फरवरी को हुई दुर्घटना के तुरंत बाद मिश्रा के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक सुनील कुमार के माध्यम से दायर किया गया था।शिवम मिश्रा को 12 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ ही घंटों में उसे जमानत मिल गई क्योंकि उस पर लगे अपराधों की सजा सात साल से कम थी। यह दुर्घटना पॉश ग्वालटोली इलाके के वीआईपी रोड पर हुई, जब कथित तौर पर तेज रफ्तार लैम्बोर्गिनी ने कई यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे छह लोग घायल हो गए, जिनमें चमनगंज निवासी मोहम्मद तौफीक, एक ई-रिक्शा चालक भी शामिल थे, जिन्हें गंभीर चोटें आईं। पुलिस का कहना है कि शिवम मिश्रा वाहन चला रहा था, हालांकि बचाव पक्ष ने इस दावे का खंडन किया है। इस बीच, घायल बाइकर विशाल त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि उनकी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल अब भी पुलिस हिरासत में है, जबकि आरोपी की लग्जरी कार को छोड़ दिया गया है। मुझे मीडिया में आयी खबरों से पता चला कि लैम्बोर्गिनी को छोड़ दिया गया है, लेकिन मेरा वाहन अब भी पुलिस थाने में पड़ा है। मैं इसे छुड़ाने के लिए पुलिस से संपर्क करूंगा।

# त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क, ग्राम प्रहरियों संग कोतवाली में बैठक

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जयसिंहपुर कोतवाली परिसर में ग्राम प्रहरी एवं चैकीदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने की। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी ने उपस्थित ग्राम प्रहरियों व चैकीदारों को त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक तत्वों की गतिविधि या आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। उन्होंने सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी ने ग्राम स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं की तुरंत जानकारी देने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस और ग्राम प्रहरी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रहे। बैठक में कोतवाली क्षेत्र के सभी ग्राम चैकीदार एवं प्रहरी मौजूद रहे। अंत में सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर सतर्कता बढ़ाने की अपील की गई।

## अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री व निष्कर्ष को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को आबकारी व थाना बिहार की संयुक्त टीम द्वारा छापा मारकर ग्राम केदारखेड़ा लोन नदी के किनारे प्लास्टिक की बोरी में 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नया खेड़ा निवासी ललेश पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल को आबकारी इंस्पेक्टर प्रतिभा सिंह व बिहार थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की गई है।

# बटुकों की चोटी खींचने के विवाद पर इस्तीफा दें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक : अखिलेश यादव

जिला संवाददाता(vol)

कन्नौज। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माघ मेले के दौरान बटुकों की चोटी कथित तौर पर खींचे जाने के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की हालिया टिप्पणी की निंदा की है। अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि अगर पाठक इस घटना को लेकर इतने गंभीर हैं तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सपा प्रमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के शासनकाल में भी पुलिस कार्वाई की घटनाएं हुई थीं, लेकिन तत्कालीन सरकार ने अपनी गलती स्वीकार की, संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की और संतों से माफी मांगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शासनकाल में भी लाठीचार्ज हुआ था। हमने इसे गलती माना, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की और जब मुझे मौका मिला, तो मैंने तत्कालीन शंकराचार्य से माफी मांगी और यह आश्वासन भी दिया कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। अखिलेश ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि उपमुख्यमंत्री घटना के लगभग एक महीने बाद इस बारे में बात कर रहे हैं। पाठक ने हाल में एक बयान में कहा था कि बटुक ब्राह्मणों की चोटी खींचना एक गंभीर पाप है। सपा प्रमुख ने सवाल किया कि सनातन धर्म की रक्षक होने का दावा करने वाली सरकार में कोई ब्राह्मणों की चोटी कैसे खींच सकता है?अखिलेश ने कहा कि उपमुख्यमंत्री पाठक, मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य होने के नाते या तो अपने समुदाय की गरिमा की रक्षा करें अथवा यदि वे ऐसा करने में असमर्थ हैं तो पद छोड़ दें। यदि उन्हें वास्तव में लगता है कि कोई अन्याय हुआ है, तो उनके पास सरकार से इस्तीफा देने का विकल्प है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूजनीय धार्मिक हस्तियों का अपमान कर रही है जबकि सनातन परंपरा में शंकराचार्यों का बहुत सम्मान किया जाता है। भाजपा का व्यवहार स्पष्ट करता है कि वह किसी भी हद तक गिर सकती है।सपा प्रमुख ने ये टिप्पणियां जनवरी में प्रयागराज में हुए माघ मेले के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े एक विवाद के बीच की हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया था कि मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान के लिए संगम की ओर जाने से रोके जाने के दौरान पुलिसकर्मियों ने उनके शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार किया और बटुकों की चोटी खींची।

# राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के प्रभारी प्राचार्य बने राजेश भारती

दुद्धी, सोनभद्र। तहसील मुख्यालय पर स्थित बी आर डी पीजी कॉलेज दुद्धी, सोनभद्र के प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ राजेश भारती ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव आज सेवानिवृत हो गए हालांकि उनका कार्यकाल 30 जून तक बतौर प्रोफेसर बढ़ा दिया गया हैं।डॉ रामसेवक सिंह यादव के सेवानिवृत होने के बाद कॉलेज के सबसे सीनियर प्रोफेसर डॉ राजेश भारती को प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया हैं।



प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करने के डॉ राजेश भारती ने कहा कि डॉ रामसेवक सिंह यादव अभी कॉलेज में सेवा देंगे इसलिए इनके निर्देशन में मै प्रभारी प्राचार्य का बेहतर कार्य करने की कोशिश करूंगा और समस्त विभागाध्यक्ष से समन्वय बनाकर महाविद्यालय हित में कार्य किया जाएगा।कार्यभार ग्रहण के दौरान समस्त प्रोफेसर एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# विषय परिवर्तन विवादः बोर्ड परीक्षा से वंचित करने की धमकी से छात्र आहत

उन्नाव।एक ओर सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जा रहा है वह दूसरी ओर जिम्मेदार परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक व बाह्य अतरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा छात्र को परीक्षा में सम्मिलित न होने की धमकी दे तो छात्र का मानसिक रूप से आहत होना स्वाभाविक है ऐसा ही एक मामला नवाबगंज ब्लॉक के ज्ञानोदय पब्लिक इंटर कॉलेज में देखने को मिला जहां बाह्य अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक द्वारा विषय परिवर्तन होने के बाद भी छात्र के अभिभावक व विद्यालय के प्रधानाचार्य को फोन कर धमकी दी गई कि वह छात्र को परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने देगा।

जानकारी के अनुसार सोहरामऊ में स्थित आर्यावर्त गुरुकुल इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद शोएब (अनुक्रमांक 1261 070 361) को परीक्षा से संबंधित गंभीर मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है।छात्र का परीक्षा केंद्र ज्ञानोदय पब्लिक इंटर कॉलेज रानीपुर निर्धारित किया गया है, जहां के अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सियाराम (सहायक शिक्षक ) श्यामलाल इंटर कॉलेज नवाबगंज पर आरोप है कि वे विषय परिवर्तन लागू हो जाने के बावजूद छात्र को चित्रकला की परीक्षा न देने की धमकी दे रहे हैं।बताया जा रहा है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विषय संशोधन का पत्र जारी किया जा चुका है, जिसमें विषय परिवर्तन को मान्यता दी गई है।इसके बावजूद अतिरिक्त बाह्य केंद्र व्यवस्थापक द्वारा लगातार आर्यावर्त गुरुकुल इंटर कॉलेज सोहरामऊ की प्रधानाचार्य गीता दीक्षित तथा छात्र के अभिभावक को फोन कर परीक्षा से वंचित करने की चेतावनी दी जा रही है।परिजनों का कहना है कि बार-बार मिल रही धमकियों से छात्र मानसिक रूप से आहत हो गया है और उसके परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अभिभावकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर छात्र को निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दिलाने की मांग की है।इस संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता की गई तो उनका कहना था बाह्य अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सहायक शिक्षक श्यामलाल इंटर कॉलेज सियाराम से स्पष्टीकरण मांगा गया है उनके स्पष्टीकरण देने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाईः बी.एन. सिंह



जिला संवाददाता

सोनभद्र।डीएम बी0एन0 सिंह की अध्यक्ष्यता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्डों की प्रगति की समीक्षा, बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सी0एच0ओ0 डी0पी0एम0, एम0वाई0सी0 व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी।कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर सी0एच0ओ0 डी0पी0एम0 द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में ढिलाई बरती जा रही है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर संबंधित सी0एच0ओ0 डी0पी0एम0 की सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सी0एच0ओ0 अपनी आईडी एक्टिवेट कर ले इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम एवं वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाए तथा कैंप लगाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाये, प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जगृति अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पंकज राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण सीएचओ, एम0वाई0सी0, डी0पी0एम0 उपस्थित रहें।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

## निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्णः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नमामि गंगें विभाग द्वारा हर घर को नल से जल की समीक्षा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पेयजल परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है उनके माध्यम से गॉवों में पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित करायी जाये और इन ग्रमों में जिला पंचायत विभाग द्वारा टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति न किया जाये जिन गॉवों में पेयजल परियोजना से जल आपूर्ति की जा रही उन गॉवों की सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध करा दें।



इस दौरान उन्होंने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है और असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी इस दौरान उन्होनें कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालयों में प्रातः 10 बजे 12 बजे तक बैठे और प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीएएसके. राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संक्षेप

### ठगी से सऊदी अरब भेजे गए युवक ने लगाई न्याय की गुहार

सोहावल-अयोध्या। धोखाधड़ी से युवक को कारोबार का झांसा देकर सऊदी अरब भेजा। काम के बदले उत्पीड़न और पिटाई हुई तब दलित युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर घर आ गया। वीजा पासपोर्ट के नाम पर लिए गए 1 लाख 65 हजार की वापसी के लिये पीड़ित युवक ने उप जिलाधिकारी सोहावल से न्याय की गुहार की है। शनिवार को उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार करते हुए रौनाही थाना की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के शहजौरा गांव निवासी युवक अमित कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव निवासी मौलाना महताब आलम व गुड्डू ने मिलकर एक साजिश के तहत युवक को फंसाया। पासपोर्ट वीजा के नाम पर एक लाख 65 हजार की ठगी किया। सऊदी में बताए गए रोजगार की जगह भेड़ और ऊंट चराने के साथ सफाई का काम कराया गया। काम से ना नुकर करने पर काफी पिटाई हुई। किसी तरह जान बचाकर घर वापस लौटा। धोखाधड़ी से लिए गए रूपयों की वापसी के लिए युवक ने पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाई।

# विकास भवन में हर्बल उत्पादों के स्टाल पर उमड़े खरीदार

जिला संवाददाता



अयोध्या। होली के पावन अवसर पर शनिवार को विकास भवन परिसर में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक एवं हर्बल उत्पादों का विशेष स्टाल लगाया गया। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने स्टाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त रोजगार सरिता गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। स्टाल पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल, चिप्स, पापड़ सहित अन्य आकर्षक एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

● स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने तैयार किया है उत्पाद

ये उत्पाद पूरी तरह प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए गए हैं, जिसमें रासायनिक रंगों का कोई प्रयोग नहीं किया गया है। हर्बल गुलाल फूलों, जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल है। चिप्स एवं पापड़ भी घरेलू एवं पारंपरिक तरीके से बनाए गए हैं, जो गुणवत्ता एवं स्वाद में उत्कृष्ट हैं। उद्घाटन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों की सराहना की और कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ये महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि समाज को सुरक्षित एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने होली के रंगों को हानिकारक रसायनों से मुक्त रखने की अपील की और ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उपायुक्त रोजगार सरिता गुप्ता ने महिलाओं के उद्यमिता को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि ये स्टाल न केवल आय का स्रोत हैं, बल्कि महिलाओं की पहचान और सम्मान बढ़ाने का माध्यम भी बने हैं। विकास भवन के सभी अधिकारीगण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उत्पादों की खरीदारी कर दीदियों का हौसला बढ़ाया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के होली विशेष अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। विकास भवन परिसर में लगा यह स्टाल होली के उत्सव को और भी रंगीन एवं अर्थपूर्ण बना रहा है, जहां परंपरा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण एक साथ नजर आ रहे हैं।

## जेल से छूटने के बाद मोईद खान से मिले पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय



अयोध्या। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने मोईद खान के जेल से छूटने के बाद भदरसा उनके आवास पर जाकर मुलाकात करके उनका हाल-चाल लिया एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से फोन पर वार्ता करायी, प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने फोन वार्ता कर उनका हालचाल लिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम पहले भी आपके साथ थे आगे भी साथ रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोईद खान व उनके परिवार का हर संभव मदद का भरोसा दिलाया , पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने कहा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के इशारे पर बुजुर्ग मोईद खान को फर्जी मुकदमे में फंसा कर अपमानित करना उनके बेकरी एवं प्रतिष्ठान पर बुलडोजर चलाकर परिवार की आर्थिक क्षति करने का काम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया था लेकिन आज न्यायालय ने मोईद खान जी को बइज्जत बरी कर दिया और वह अपने घर पहुंच गए , पूर्व मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और मीडिया के लोगों ने जिस तरह से चैनल में मोईद खान को अपराधी घोषित कर दिया था मेरा उनसे सवाल है कि क्या आर्थिक सामाजिक क्षति की भरपाई करते हुए वो आज उनसे माफी मांगेंगे, जब से भाजपा की सरकार आई है पूरे प्रदेश में यह लोग इसी तरह से फर्जी मुकदमे लगाकर लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं उत्तर प्रदेश की देवतुल्य जनता इस बात को जान चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब 2027 में प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना कर देगी।

## सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर की गई विदाई



बहराइच। पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर ₹पुलिस लाइन सभागार₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बहराइच महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप रामायण/ कुरान शरीफ व ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## तीन से चार मार्च तक बंद रहेंगी आबकारी की दुकानें

बहराइच । आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा होली के त्यौहार के अवसर पर त्योहार की संवेदनशीलता के दृष्टिगत मादक पदार्थों के सेवन को रोकने हेतु 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप, भांग, सीएल-2, एफएल-2, एफएल-2बी, एफएल-16/17, एफएल-41, एफएल-49, एफएल-9/9ए) आदि को होलिकोत्सव पर्व पर 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। बन्दी हेतु किसी भी अनुज्ञापी को कोई अतिरिक्त प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

## विघ्नेश्वरनाथ महादेव मंदिर शाहगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



अयोध्या। अयोध्या विकास खंड मिल्कीपुर के विघ्नेश्वरनाथ महादेव धाम शिवाला मंदिर, रमपुरवा शाहगंज में जनता मेडिकल द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 300 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। बदलते मौसम के कारण क्षेत्र में सर्दी, जुकाम, बुखार, फेफड़ों में संक्रमण, एलर्जी, खुजली और दाने जैसी मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा था, जिसे देखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में डॉ.राकेश और डॉ. इरफान ने मरीजों की जांच की। उन्होंने सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, इन्फेक्शन, मौसमी बीमारियों और शुगर की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ राकेश व इरफान ने जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित कीं। श्री विघ्नेश्वरनाथ महादेव व्यवस्थापक अमित योगी ने बताया कि हर महीने 15 और 30 तारीख को शिवसती चिकित्सा कैंप एवं प्रतिदिन शिवसती निशुल्क भोजनालय का आयोजन समाज के लोगों द्वारा किया जाएगा । डॉ राकेश ने मरीजों सलाह देते हुए कहा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने से समय से रोगों के बारे में जानकारी मिल जाती है। जिसका सफलता पूर्वक इलाज किया जा सकता है। उन्होंने सभी को सलाह दी कि आप लोग अपनी दिनचर्या सही रखे संतुलित आहार और व्यायाम अच्छे स्वस्थ्य के लिए जरूरी है। मौसम के अनुसार मौसमी फलों और सब्जियों का प्रयोग जरूर करें , जिससे मिनरल्स , विटामिन्स जैसे पोषक तत्व शरीर को मिलते रहे। विश्वनाथ महाविद्यालय बीकापुर के डायरेक्टर दिग्विजय सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर का आयोजन हर महीने 15 और 30 तरीखा को रहेगा। उन्होंने कहा शिविर के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेना आवश्यक है। बच्चों और बुजुर्गो के स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी है । जब बच्चे बुजुर्गों स्वस्थ रहेंगे , तभी बच्चों के अच्छी शिक्षा सम्भव है। आज के समय मे स्वास्थ्य और शिक्षा दोनो जरूरी है।

# कृषि विवि के वित्त नियंत्रक अपने ऑफिस में ताला बंद कर फरार

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की होली से पहले वेतन मिलने की उम्मीद पर एक बार फिर पानी फिर गया है। उन्हें बीते जनवरी माह का बकाया वेतन भुगतान मिलने की तो बात दूर फरवरी माह का भी वेतन नसीब नहीं हो सका है। जिसके चलते अब उनके होली त्यौहार की खुशियां मायूसी में बदल गई हैं। प्रदेश के कर्मचारियों को 28 फरवरी तक वेतन भुगतान हर हाल में कर दिए जाने संबंधी आदेश की भी वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने खुलेआम धज्जियां उड़ा दी हैं और वह 28 फरवरी को अपने ऑफिस कार्यालय से गायब रहे तथा उनके कार्यालय में ताला बंद रहा।

● मुख्यमंत्री के आदेशों की उड़ी धज्जियां, विश्वविद्यालय कर्मियों को नहीं मिला वेतन



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में कार्यरत लगभग 2 हजार कार्मिकों के अबकी बार की होली वित्त नियंत्रक सहित जिम्मेदार लोगों के मनमानी की बलि चढ़ गई है।

विश्वविद्यालय के एक जिम्मेदार कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब से विश्वविद्यालय में नीरज श्रीवास्तव की कंट्रोलर के रूप में तैनाती हुई है तब से विश्वविद्यालय कर्मियों को नियमित रूप से वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है।.

जिसका परिणाम है कि कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा दीक्षा से लेकर घर की रसोई तक सुव्यवस्थित नहीं चल पा रही है।

## 5 परिवारों को टूटने से बचाया गया



बहराइच। आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## अनियंत्रित बोलेरो ने स्कूल की टेंपो में मारी टक्कर , आठ बच्चे घायल



अयोध्या। जनपद के थाना महराजगंज इलाके के राजेपुर गांव के पास अयोध्या-अम्बेडकरनगर राजमार्ग पर शनिवार की सुबह अनियंत्रित बोलेरो ने निजी स्कूल की टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में आठ बच्चे घायल हो गए। सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहुंचाया गया। वहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसा महाराजगंज थाना क्षेत्र में अयोध्या-अंबेडकर नगर मुख्य मार्ग पर राजेपुर गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूल टेंपो बच्चों को लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने अनियंत्रित होकर टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण, दुकानदार और राहगीर मौके की ओर भागे। लोगों ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि घायल बच्चों को सीएचसी पूरा बाजार में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में मामूली चोट आने के कारण पांच बच्चों को सीटी स्कैन के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जांच रिपोर्ट सामान्य आई है। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। घायलों में मानवी (9), सृष्टि (9), सुमित (9), प्रियांशी (9), आयुषी (8), खुशबू (7), साहिल (9) और जान्हवी (9) निवासी राजेपुर शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने बोलेरो चालक सचिन वर्मा (26) निवासी दरियाबाद, बाराबंकी को हिरासत में लिया है। आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का एमएलसी अंगद सिंह ने किया शुभारंभ



जिला संवाददाता

टिकैतनगर, बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई अन्तर्गत ग्राम खुटौली स्थित ब्लाक संसाधन केन्द्र में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एमएलसी श्री सिंह ने सभी शिक्षकों व आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पूर्ण मनोयोग से ब्लॉक तथा प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे सीडीपीओ अधिकारी श्रीपाल ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बुनियादी साक्षरता की महत्ता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता मे चयनित 10 बच्चो को मुख्य अतिथि एंव खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्चना ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एआरपी अलोक राज, दिवाकर सिंह, संजय सोनी, मान सिंह, राकेश यादव, सतीश यादव, जगदीश मिश्र मौजूद रहे।

● क्विज प्रतियोगिता में चयनित 10 बच्चों को किया सम्मानित

# प्रभारी मंत्री ने किया महर्षि बालार्क चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



बहराइच । प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीजों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने इमरजेन्सी वार्ड, आई.सी.यू. वार्ड, ओ.पी.डी., ई.एन.टी. ओ.पी.डी., मेडिसिन ओ.पी.डी., औषधि वितरण केन्द्र, हिसंक पशुओं के हमलों में घायलों उपचार के लिए स्थापित आईसोलेशन, कैंसर वार्ड सहित अन्य वार्डों तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया।

प्रभारी ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीजों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप मरीजों को अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जाएं। श्री शाही ने सुझाव दिया कि वार्डों में एक मरीज के साथ एक अटेन्डेन्ट को अलाउड किया जाय जिससे अनावश्यक लोगों के कारण मरीजों के इलाज में बाधा न आये। प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री व प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष मिश्रा को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था के स्तर को बनाये रखें तथा चिकित्सालय औषधियों एवं संसाधन की कमी न होने पाये। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथलेश, शल्य चिकित्सक डॉ. अमित श्रीवास्तव, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान अली सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## समान कार्य समान वेतन हो लागू: नरेन्द्र धर द्विवेदी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कम्प्यूटर ऑपरेटर लेखाकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र धर द्विवेदी का एक दिवसीय अयोध्या भ्रमण पर जनपद के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मनोज सिंह के अगुवाई में भव्य स्वागत वंदन व अभिनंदन किया गया। अयोध्या धाम के विभिन्न मंदिर दर्शन के उपरांत तुलसी उद्यान में प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र धर द्विवेदी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक का सफल संचालन जिलाध्यक्ष रजनीश पाण्डेय द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कावा द्वारा कहा गया कि हम कार्मिकों को समान कार्य समान वेतन का लाभ मिलना न्यायोचित है, हम इसको लेकर रहेंगे। शिक्षा विभाग में विगत 15 वर्षों से कार्यरत लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों व दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते चले आ रहे है, इनके मेहनत व कार्य को देखते हुए इनको समान कार्य समान वेतन दिया जाना चाहिए, साथ ही साथ कार्मिकों को दिया जाने वाला समस्त विभागीय लाभ भी दिया जाए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर आबकारी ने चलाया चेकिंग अभियान

## टैकरो, मालवाहक वाहनो सहित संदिग्ध टैक्सियों की हुई गहनता से चेकिंग





बाराबंकी। गैर प्रान्त से तस्करी कर लाई जाने वाली अवैध शराब के खिलाफ लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर देर रात आबकारी विभाग ने ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाया। होली त्यौहार पर सक्रिय शराब तस्करो के खिलाफ जंहा लगातार कार्यवाहिया की जा रही है। तो वही दूसरी तरफ अब हाइवे पर भी आबकारी विभाग की पैनी नजर है। राष्ट्रीय राजमार्गो पर संचालित ढ़ाबो पर भी चेकिंग अभियान चलाकर विभाग ने अपनी सक्रियता ढ़ाबा संचालको के बीच में दर्ज कराई है।

● एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक ने किया दुकानों का निरीक्षण

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में होली पर्व पर लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत देर रात आबकारी निरीक्षक प्रथम इंगिता पाण्डे द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर चेकिंग अभियान चलाया गया। राजमार्गो से होकर गुजरने वाले टैकरो, मालवाहक वाहनो सहित संदिग्ध टैक्सियो की भी गहनता से चेकिंग की गई। टीम का मुख्य उद्देश्य शराब तस्करी पर लगाम लगाना है। चेकिंग अभियान के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही सत्य प्रकाश उपाध्याय, आबकारी सिपाही प्रवीण कुमार, नन्दलाल, सुनील सचान शामिल रहे। तो वही दूसरी तरफ शनिवार देर शाम को उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत संचालित रामसनेहीघाट व दरियाबाद शराब की दुकान का गहनता से निरीक्षण किया। तत्पश्चात थाना असन्द्रा अन्तर्गत ग्राम मझौती, अशरफपुर, गढ़ी, बठौली, दिलावलपुर सहित 30 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। मौके पर 25 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। साथ ही ग्रामवासियो को अवैध शराब का सेवन न करने हेतु जागरुक किया गया। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही अनिल मौर्या, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## सहयोगी कालेज में हुई युवा मंडल विकास अभियान के तहत बैठक



जिला संवाददाता

जैदपुर, बाराबंकी। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत खुशहालपुर स्थित सहयोगी ग्रुप ऑफ कॉलेज मे प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 विनोद कुमार गौतम एवं विशिष्ट अतिथि प्रवक्ता राजनीति विज्ञान डॉ दारा सिंह, हनुमान ज्ञानी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 गौतम ने सभी युवा मंडल पदाधिकारियों को मेरा युवा भारत के विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि ने सभी से ऑनलाइन गतिविधियों में प्रतिभाग करने पर जोर दिया। बैठक मे कार्यक्रम प्रभारी रामरुप वर्मा, कार्यालय लिपिक इंद्राज, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार, अनिकेत कुमार, महेंद्र कुमार, आकाश, रजनी, विवेक कुमार, वंश कुमार वर्मा, पुनीत कुमार, राजेश गौतम मौजूद रहे।

● मेरा युवा भारत के विभिन्न गतिविधियों के बारे में पदाधिकारियो को दी जानकारी

## सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक

बहराइच 28 फरवरी। सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे आरडीएसएस, बिजनेस प्लानह्व एवं एल.ओ.एच. इत्यादि के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता विद्युत राम यश यादव द्वारा विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सांसद बहराइच व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार, जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन में तीव्रता तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाय। अधीक्षण अभियंता द्वारा आश्वस्त किया गया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधिशासी अभियंता बहराइच प्रवेश कुमार, कैसरगंज के जगेश कुमार, नानपारा के अनुभव कुमार, अधिशासी अभियंता मीटर प्रवीण कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता भंडार खंड पी.सी. राम, अधिशासी अभियंता कार्यशाला तथा समस्त उपखण्ड अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी**। एसपी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त शाकिर उर्फ बुल्लू उर्फ जहीर पुत्र जाबिर अली निवासी ग्राम तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 28 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त शाकिर उर्फ बुल्लू उर्फ जहीर एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है जिसके विरुद्ध थाना मुसाफिरखाना पर गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 8 अभियोग पंजीकृत हैं।

## कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**परशदेपुर,रायबरेली**। डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक किशोरी की कुएं में गिरने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी क्षेत्र के कनकपुर मजरे चन्दाबाहीपुर निवासी मुन्ना पासी की 16 वर्षीय बेटी शिवानी ने शुक्रवार देर शाम को घर से कुछ दूर स्थित एक कुएं में छलांग लगा दी। यह देख बड़ी बहन आशमा ने आवाज लगाई, शोर सुन परिजनों व ग्रामीणों ने आनन फानन में किशोरी को कुएं से बाहर निकालकर एक निजी अस्पताल ले गए लेकिन तब तक किशोरी की सांसे थम गयी थी। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है। वहीं पिता मुन्ना पासी ने बताया की बेटी ने आत्महत्या क्यों की समझ नहीं आ रहा, वह कह कर रोने लगे। वहीं मृतक की माँ ममता देवी बेटी की मौत के बाद से सहम सी गयी है। सूचना मिलने पर चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया की किशोरी की कुएं में कूदने से मौत हुई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आंगनबाड़ी सुपरवाइजर को नम आंखों से दी विदाई

**डलमऊ,रायबरेली**। करीब नौ वर्षों तक बाल विकास परियोजना डलमऊ में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर के रूप में अपनी सेवाएं देने वाली गीता शुक्ला की विदाई पर ब्लॉक सभागार भावनाओं से भर उठा। सरल स्वभाव, अनुशासित कार्यशैली और कार्यकत्रियों के प्रति मातृत्व भाव के लिए जानी जाने वाली गीता शुक्ला को शुक्रवार को नम आंखों के साथ विदा किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एक स्वर में कहा कि गीता शुक्ला केवल एक सुपरवाइजर नहीं, बल्कि पूरे आंगनबाड़ी परिवार की अभिभावक रहीं। उन्होंने हर परिस्थिति चाहे विभागीय दबाव हो, व्यक्तिगत समस्या हो या क्षेत्रीय चुनौतियां में हमेशा कार्यकत्रियों का मनोबल बढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। एक कार्यकत्री ने भावुक होकर कहा, मैडम ने हमें सिर्फ काम करना नहीं सिखाया, बल्कि विपरीत हालात में भी मुस्कराते हुए जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी।

# दोस्तों ने राज उजागर करने पर की दृष्टिहीन की हत्या

### दृष्टिहीन युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**रायबरेली**। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। दृष्टिहीन युवक अजय कुमार सरोज की उसके दो कथित दोस्तों ने रंजिश के कारण उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मात्र एक सप्ताह के भीतर मामले का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी रवि कुमार ने बताया कि बीती 21 फरवरी को दोपहर में दृष्टिहीन अजय कुमार सरोज अपने घर रेलवे मंडी, नहर पट्टी, रतापुर से खाना खाकर दोस्तों से मिलने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे। उनकी मां कुन्ती देवी ने 22 फरवरी को कोतवाली नगर थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य माध्यमों से खोजबीन की। 27 फरवरी को थाना भदोखर क्षेत्र के कुचरिया के पास अजय का शव मिला। भदोखर पुलिस ने पंचनामा पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई गई।

पुलिस टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, धरातलीय साक्ष्य व मुखबिर सूचना के आधार पर जांच तेज की। 28 फरवरी को कोतवाली नगर थाना और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने चकबहेलियापुर मोड़, मटिहा रोड से दो आरोपियों अंकुश यादव पुत्र शिवबहादुर, निवासी पूरे मडावन सिंह का पुरवा, मुराईबाग, थाना डलमऊ व गौरव उर्फ अजीत यादव पुत्र राममनोहर, निवासी मटिहा, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि घटना के दिन वे तीनों (गौरव, अंकुश और अजय) साथ थे। रतापुर चैराहे से शराब लेकर सफारी पेट्रोल पंप के पास शारदा नहर किनारे झाड़ियों में बैठकर शराब पी। इसके बाद गौरव व अंकुश ने मिलकर अजय की हत्या कर दी और शव वहीं फेंक दिया। आरोपियों ने बताया कि मृतक अजय ने गौरव की महिला मित्र के बारे में गौरव के घरवालों को बता दिया था। साथ ही अंकुश और उसकी महिला मित्र के बीच झगड़ा भी करवा दिया था। इसी पुरानी रंजिश और बदले की भावना से दोनों ने अजय को मौत के घाट उतार दिया।

# फ्लैग मार्च कर नगर वासियों को कराया सुरक्षा का अहसास

**परशदेपुर, रायबरेली**। चैकी क्षेत्र के नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे में शनिवार को होली के त्यौहार के मद्देनजर उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश, क्षेत्राधिकारी सलोन यादुवेन्द्र बहादुर पाल, तहसीलदार दीपिका सिंह व डीह थाना अध्यक्ष जीतेन्द्र मोहन सरोज की अगुवाई में चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने पुलिस बल के साथ कस्बे की गलियों में फ्लैग मार्च कर नगर वासियों को सुरक्षा का एहसास कराया।

नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे में शनिवार को होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परशदेपुर कस्बे में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

परशदेपुर कस्बे के मेन चैराहा, जिल्ला बाजार, कटरा बाजार, महाबीरन, शुक्लाना, साकेत नगर चैराहा सहित अंसार चैक होते हुए कस्बे की गलियो में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। सलोन एसडीएम चन्द्रप्रकाश ने कस्बे के लोगो से अपील करते हुए कहा कि शांति पूर्वक आपसी भाई चारे की मिशाल पेश करते हुए सभी लोग मिलजुल कर होली का त्यौहार मनाएं। अगर कहीं कोई अराजकतत्व सौहार्द बिगाड़ने की कोशिस करता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। माहौल बिगाड़ने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगरपालिका की कूड़ा गाड़ी से टकराकर युवक घायल, चालक गाड़ी छोड़कर फरार

**हरचंदपुर, रायबरेली**। थाना क्षेत्र के डिडौली स्थित राधा स्वामी सत्संग आश्रम के सामने उस समय हादसा हो गया जब नगरपालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी से पीछे से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार कुलदीप पुत्र रामलाल (उम्र लगभग 22 वर्ष) नगरपालिका की गाड़ी से पीछे टकरा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद नगरपालिका की गाड़ी का चालक डर के कारण वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हरचंदपुर थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार है और तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विज्ञान का विकास आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों के साथ हो : डॉ. सीमा



**सुलतानपुर (वीओएल)**। राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा राष्ट्रीय विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. संतोष कुमार सिंह ह्यअंशह्ण ने कहा कि इस वर्ष की थीम विकसित भारत में महिलाओं का वैज्ञानिक योगदान अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षिक भागीदारी को सशक्त बनाना आवश्यक है। विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर, प्रोत्साहन और नेतृत्व प्रदान कर ही आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विज्ञान को मानवीय मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए। असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें नए आयामों की ओर अग्रसर होते हुए विज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करना होगा। उन्होंने बल देते हुए कहा कि धरती और पर्यावरण के संरक्षण हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि हमारी वैज्ञानिक सोच और कर्म लोककल्याण की भावना से युक्त होने चाहिए। विज्ञान का विकास आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के साथ हो, तभी वह समाज के लिए सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने कहा कि विज्ञान की प्रत्येक खोज सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना अध्यापक का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा, तर्क और प्रयोगशीलता ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आधारशिला हैं। संगोष्ठी में अभिषेक कुमार, बृजेश कुमार, वर्षा यादव, बॉबी तिवारी, पुष्पा निषाद, राहुल निषाद, कुँवर कमल कांत एवं स्वेता मौर्या ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## दो बाइकों की भिड़ंत में वृद्धा की मौत, दो घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)**। गोसाईगंज थाना अंतर्गत टांडाद्दबांदा हाईवे स्थित डीह ढग्गूपुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक सेमरी बाजार, थाना जयसिंहपुर निवासी कलावती 68 वर्ष पत्नी स्व.अमृत लाल जायसवाल अपने बेटे रमेश के साथ बाइक से अपने देवर सज्जन लाल निवासी सिप्तापुर, हनुमानगंज थाना कोतवाली देहात के यहां अपनी देवरानी के शुद्ध संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। बताया गया कि पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए जैसे ही रमेश ने बाइक मोड़ी, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने कलावती को मृत घोषित कर दिया। रमेश की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। दूसरी बाइक सवार राकेश गुप्ता निवासी महुवारी आशापुर, थाना दोस्तपुर को भी चोट लगी है। जिसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चैकी प्रभारी भटमई सुनील सिंह यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**तिलोई,अमेठी**। खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विद्यालय के सभी सदनों के जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों ने बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से मॉडल्स का निर्माण किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रीय वनस्पति विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ के सहायक वैज्ञानिक डॉ० कृष्ण कुमार रावत जी ने किया। डॉ० रावत को विद्यालय के बैंड दल ने गार्ड आफ ऑनर दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सहित विद्यालय अध्यक्ष डॉ ० राम कल्प तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ ० जया त्रिपाठी, प्रबंधक डॉ ० आलोक तिवारी इत्यादि ने बच्चों द्वारा निर्मित मॉडल्स का अवलोकन किया। डॉ ० रावत ने बच्चों की प्रतिभा की भूरि भूरी सराहना की। कार्यक्रम संयोजक सुरभि शुक्ल ने बताया कि बच्चों ने ए आई रोबोट, स्मार्ट सिटी, हाइड्रोलिक ब्रिज, सुसाइड संकेतक, रेन वाटर डिटेक्टर, वाटर हार्वेस्टिंग आदि मॉडल्स का प्रदर्शन किया। बच्चों व अतिथियों के मध्य रोबोट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक, अतिथि, बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**हरचंदपुर रायबरेली**। एसबीएस पब्लिक स्कूल गंगागंज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इसका प्रारंभ प्रातः कालीन सभा से ही हो गया जहां पर बच्चों ने विज्ञान के बहुत सारे मॉडल प्रस्तुत किए एवं वैज्ञानिकों के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद क्लास 3तक से क्लास 8जी तक के बच्चों के द्वारा बनाए हुए मॉडलों की एक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। बच्चों के द्वारा वाटर साइकिल, टाइप्स ऑफ मोशन, फंक्शन ऑफ हार्ट, न्यूटनश्स क्रैडल, डाइजेस्टिव सिस्टम, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, सोलर इरीगेशन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि का आकर्षक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया गया। जिसका मूल्यांकन विद्यालय के उप प्रबंधक अखिलेश चरण सिंह एवं प्रधानाचार्य एमपी वर्मा रसायन विज्ञान प्रवक्ता कामद मिश्रा, अरविंद कुमार, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता आदर्श शुक्ला, देवराज पटेल, जीव विज्ञान प्रवक्ता अवनीश सिंह ने बच्चों के प्रोजेक्ट कार्य एवं मॉडलों का निरीक्षण कर उस पर आधारित प्रश्न बच्चों से पूछे। बच्चों ने अपने अपने मॉडल का स्पष्टीकरण बहुत ही अच्छे ढंग से किया। क्लास 6 से प्रथम स्थान कल्पना चावल ग्रुप ने, द्वितीय स्थान चार्ल्स लैमार्क एवं तृतीय स्थान फैराडे ग्रुप ने हासिल किया।

क्लास 7 में प्रथम स्थान एमएस स्वामीनाथन ग्रुप ने, द्वितीय स्थान इसाक न्यूटन ग्रुप एवं तीसरा स्थान एस चंद्रशेखर ने हासिल किया। क्लास 8 में प्रथम स्थान चैडविक ग्रुप ने, द्वितीय स्थान चार्ल्स डिकेंस ने एवं तीसरा स्थान मैरी क्यूरी एवं एरिस्टोटल ग्रुप ने संयुक्त रूप से हासिल किया।

उप प्रबंधक अखिलेश चरण सिंह ने बच्चों को विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उनको देश के वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य देव शंकर चैधरी, प्राचीन परिसर प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह, नवीन परिसर प्रधानाचार्या सुनीता सिंह, विद्यालय के विज्ञान वर्ग के शिक्षक सी एल गुप्ता, सुनील तिवारी, अतुल कुमार, रजत सिंह, मनीष श्रीवास्तव, नवनीत वर्मा, अपजोश सिंह, रमा शैलेंद्री सिंह, दीपिका सिंह, सुष्मिता, रोशनी त्रिवेदी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## रासेयो का मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना: योगेश

**लंभुआ, सुलतानपुर वीओएल)**। लंभुआ क्षेत्र में स्थित संजय गांधी पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने चयनित ग्राम तेरयें के शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय में समापन समारोह का आयोजन किया। स्वयंसेवकों स्वयंसेविकाओं ने धरती बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबंधक योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य है युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना एवं समाज के समस्याओं के समाधान हेतु बढ़-चढ़कर भाग लेना। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवियों में नेतृत्व, टोली में कार्य करना एवं सामुदायिक विकास की भावना का विकास होता है। मौके पर प्राचार्य डॉ मंजू मगन, कार्यक्रमाधिकारी डॉ धर्म विजय सिंह, डॉ शीला सिंह आदि मौजूद थे।

# एनएसबीवीएम में परीक्षा फल वितरित




**रायबरेली**। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में प्राइमरी, जूनियर और सीनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने माँ सरस्वती का पूजन-अर्चन सम्पन्न कर उनका आशीश प्राप्त किया।

आज के घोषित परीक्षा परिणामों में प्राइमरी विंग टॉपर अराध्या पाण्डेय, जूनियर विंग में स्वस्तिका गुप्ता और सीनियर विंग में अनुष्का मौर्या रहीं। जूनियर में स्वस्तिका गुप्ता स्कूल टॉपर रहीं। अपनी-अपनी क्लासेज में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेण्ट्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वर्ष पर्यन्त प्रजेन्ट रहने वाले स्टूडेण्ट्स को भी प्रतीक चिन्ह और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। आज ही नेशनल साइंस डे पर डॉ. सी. वी. रमन की वैज्ञानिक उपलब्धियों एंव उनके जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। स्कूल की शिक्षिका अन्जू त्रिपाठी द्वारा किये गये संचालन ने आज के कार्यक्रम को और अधिक विशिश्ट बना दिया।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य ने कक्षाओं में उत्तम स्थान प्राप्त करने वाले एवं स्कूल में अध्ययनरत सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविश्य की कामना की और आये हुए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही कार्यक्रम में परोक्ष-अपरोक्ष रूप से अपना योगदान देने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की। होली का पर्व नजदीक होने के कारण सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारे का आयोजन शिव शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**अमेठी**। कस्बे में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे एवं भगवान शिव की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा शिव मंदिर गुरही कटरा से प्रारंभ हुई। डीजे व ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे।

शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख चौराहों से होती हुई प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद यात्रा पुनः शिव मंदिर गुरही कटरा पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा तथा सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

## विशाल यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

**अमेठी**। फाल्गुन शुक्ल की त्रयोदशी को स्वामी परमहंस महराज की 80वीं पुण्यतिथि पर टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम में यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। आयोजन से पहले आश्रम स्थित श्रीमत परमहंस संस्कृत माध्यमिक ,महाविद्यालय में नव प्रवेशी ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी किया जाता है। यज्ञ एवं भंडारे के आयोजन से एक दिन पहले शनिवार को संस्कृत महाविद्यालय में नवप्रवेशी ब्राह्मण बटुकों का आश्रम परिसर में यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। आश्रम व महाविद्यालय के प्रबंधक स्वामी हरिचैतन्य ब्रह्मचारी जी महराज के सानिध्य में महाविद्यालय के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 108 ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार किया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों के अलावा ब्राह्मण बटुकों के माता पिता व परिवारजन भी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के आचार्यों ने ब्राह्मण बटुकों को गुरुमंत्र देकर उन्हें गुरुकुल परंपरा में शामिल कर संस्कार की जानकारी दी।

# पेड़ की डाल से फांसी के फंदे में लटका मिला युवक का शव

**लंभुआ, सुल्तानपुर (वीओएल)**। रविवार को घर से निकले युवक का शाम तक जब पता नहीं लगा तो खोजबीन करते-करते देर रात गांव में ही स्थित बाग में एक पेड़ की डाल से फांसी के फंदे में लटका हुआ उसका शव पाया गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ की डाल से उसके शव को नीचे उतरवाया तथा कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर उत्तरी भागीरथ पट्टी निवासी दिनेश उर्फ विनीत उम्र लगभग 19 वर्ष शनिवार की दोपहर से ही घर से निकला था लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं चल रहा था। उसके भाई स्वामित गौतम ने बताया कि दो दिन से उसका भाई बहुत परेशान था, कुछ बता भी नहीं रहा था। उसके बाद दोपहर में घर से निकल गया और जब शाम तक घर वापस नहीं आया, तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी गई। खोजबीन जारी थी, देर रात गांव में ही नहर के उस पार स्थित एक बाग में पेड़ की डाल से फांसी के फंदे में उसका शरीर लटका देखा गया। पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर उसके शव को नीचे उतरवायी। मृतक के भाई ने बताया कि दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई थी, तब से मेरा भाई बहुत ही परेशान था और वह पेड़ की डाल से गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच की जा रही है।

# एसजेएस पब्लिक स्कूल में होली मिलन संपन्न



**लालगंज रायबरेली**। एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में गत वर्षो की तरह ही प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक अग्रज सिंह और प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने सभी मीडिया बन्धुओं को होली की बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में हिंदू धर्मावलंबियों के लिए होली एक प्रमुख हिंदू त्योहार है, जिसका उद्देश्य बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, जो आम तौर पर फरवरी या मार्च में पड़ता है। होली के दिन, लोग रंगों से खेलते हैं, एक-दूसरे के साथ प्रेम और एकता का प्रतीक बनते हैं। यह त्योहार हमें जीवन के रंगों को देखने और उसकी खुशियों को मनाने का अवसर देता है। होली का उद्देश्य है लोगों को एकजुट करना और प्रेम, एकता, और भाईचारे का संदेश देना है। इस अवसर पर स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव सहित तमाम पत्रकार लोग मौजूद रहे।

## बच्चों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मनाया होली उत्सव

**लालगंज, रायबरेली**। सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में होली उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों व शिक्षकों ने एक दूसरे के अंबीर गुलाल लगाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली त्यौहार मनाया।

शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने होली त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि होली का उद्देश्य है लोगों को एकजुट करना और प्रेम, एकता, और भाईचारे का संदेश देना है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि होली हमारा परंपरागत त्यौहार है। होली से हमें भाईचारे की भावना की सीख मिलती है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक के द्वारा किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, राघवेंद्र सूर्यवंशी, मयंक सिंह, वरिष्ठ आचार्य राम नारायण सिंह सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति सराहनीय रही।

## यासमीन बानो ने एलटी प्रारंभिक परीक्षा पास की

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)**। कूरेभार क्षेत्र के रुसहा गांव की यासमीन बानो ने एलटी ग्रेड की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एक साधारण परिवार से आने वाली यासमीन ने यह साबित किया है कि मजबूत इरादों और कठिन परिश्रम से सफलता हासिल की जा सकती है। यासमीन के पिता वसीम अहमद आजाद पब्लिक स्कूल का संचालन करते हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। परिवार ने शिक्षा को सदैव प्राथमिकता दी। यासमीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आजाद पब्लिक स्कूल और कलावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने केएनआई सुलतानपुर से बीएससी (होम साइंस) और बीएड की डिग्री प्राप्त की। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहीं यासमीन ने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने सपनों को भी पूरा किया। दो बहनों और एक भाई के बीच पली-बढ़ी



यासमीन वर्तमान में जूनियर हाई स्कूल पटना, सैदखानपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। यासमीन अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता वसीम अहमद और माता को देती हैं। उन्होंने बताया कि समाज की चुनौतियों के बीच आगे बढ़ने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता से मिली, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। गांव के प्रधान राजेंद्र कुमार पिंटू, सिद्धीगनेशपुर ग्राम प्रधान दिनेश यादव और सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने यासमीन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

संक्षेप

## गैंगस्टर की 13 लाख 39 हजार की अचल संपति कुर्क की

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त भीमसेन पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम बुढाना थाना ताजगंज आगरा की 13 लाख 39 हजार सत्तर रुपए की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। अभियुक्त द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित किया गया था। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स व राजस्व टीम शामिल रही।

## जन्मभूमि के दर्शन समय में परिवर्तन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तदनुसार 03 मार्च की सांय खग्रास चन्द्रग्रहण होने के कारण 03 मार्च (मंगलवार) को प्रातः 5 बजे मंगला आरती के साथ सभी मंदिरों के पट खुलेंगे तदोपरान्त प्रातः 6 बजे पट बन्द होंगे। चन्द्रग्रहण मोक्ष के उपरान्त मंगलवार की सांय 8 बजे सभी मंदिरों के पट उत्थापन आरती के साथ पुनः एक साथ खुलेंगे तत्पश्चात रात्रि 9 बजे नियत समय सभी मंदिरों के पट बन्द होगें।

## पारंपरिक तरीके से खेलें होली: थानाध्यक्ष

**चौमुहाँ।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष उमेश त्रिपाठी ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व समाज के जिम्मेदार लोगों से सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि होली पारंपरिक तरीके से और आपसी भाईचारे के साथ खेली जाए। किसी भी व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न डाला जाए और न ही अभद्र व्यवहार किया जाए। त्योहार की आड़ में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब पीकर बाइक या चैपहिया वाहन चलाने वालों की खैर नहीं होगी। ऐसे लोगों के विरुद्ध चालान, वाहन सीज करने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रमुख चैराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न करने की भी हिदायत दी गई। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने की बात कही बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## गौ को राष्ट्र माता घोषित करे सरकार

मथुरा। जूना अखाड़ा परिषद द्वारा शंकराचार्य पद पर पट्टाभिषेक के बाद जगद्गुरु स्वामी शंकराचार्य चक्रपाणि नंद गिरी महाराज शनिवार को राधाकुण्ड के जुल्हेंदी स्थित ह्यचित्रगुप्त पीठह्न पहुंचे। देश की एकमात्र चित्रगुप्त पीठ आगमन पर पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान शंकराचार्य ने न केवल ब्रज की पारंपरिक फूलों की होली खेली, बल्कि सनातन धर्म पर हो रहे प्रहारों और आंतरिक मतभेदों पर तीखी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। मीडिया से मुखातिब होते हुए शंकराचार्य चक्रपाणि महाराज ने काशी मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।

# नववर्ष मेले का मुख्य आकर्षण होगा 'एक शाम राष्ट्र के नाम'



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के रूप में इस वर्ष नवसंवत्सर 2083 पर एक दिवसीय विशाल नववर्ष मेला 18 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। मेला की तैयारी के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। मेला का मुख्य आकर्षण अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, चित्रकार एवं गायक बाबा सत्यनारायण मौर्य की संगीतमय प्रस्तुति ह्यएक शाम राष्ट्र के नामह्न का मंचन होगा। नववर्ष मेला समिति मथुरा की शुक्रवार की रात्रि को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित बैठक में मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया है कि इस वर्ष नवसंवत्सर 2083 के अवसर पर आयोजित होने वाला विशाल नववर्ष मेला 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। रजत जयंती वर्ष में मेला स्मारिका का प्रकाशन होगा, जिसका विमोचन मेला के दिन 18 मार्च को मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। महामंत्री ने बताया है कि प्रतियोगिताएं 15 मार्च से होंगी, जिसमें रंग भरो, पोस्टर बनाओ, मेंहदी प्रतियोगिताएं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होंगी। 17 मार्च को सामान्य ज्ञान एवं निबंध प्रतियोगिताएं कृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर में और 18 मार्च को रंगोली, रुपसज्जा, एकल नृत्य, समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं मेला स्थल सेठ बी०एन०पोद्दार इन्टर कॉलेज पर होंगी। एकल व सामुहिक नृत्य का ट्रायल (परीक्षण) 16 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होगा। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया जायेगा। सहभागिता पुरस्कार सभी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन मेला अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने एवं संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। बैठक में आचार्य बृजेंद्र नागर, डॉ० संजय, ललिता गुप्ता, मंत्री डॉ. दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, रजत बाल्मीकि, सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला, सह प्रचार प्रमुख सचिन बंसल, जीपीएस सिसोदिया, डॉ० सीमा मिश्रा, रजनी भट्ट, डॉ० जमुना शर्मा, राजीव शर्मा, राजीव कृष्ण, प्रदीप अग्रवाल, बृजभान गोस्वामी, कौशल अग्रवाल, हरस्वरूप यादव, तरुण सैनी, रामदास चतुर्वेदी, डॉ० नीतू गोस्वामी, डॉ० रिचा अग्रवाल, राजेश पचैरी, अजय शर्मा, सुनील अग्रवाल, फूलचंद शर्मा, सुरेश कुमार, एमडी आचार्य, विनय कुमार, तपेश भारद्वाज, अनुराग चतुर्वेदी, गौरव शर्मा, कृष्ण यादव, देवेश कुमार, महावीर सिंह, ब्रजनंदन सिंह, दीपेश कुमार श्रीवास्तव, उमेश शर्मा, रविंद्र प्रताप सिंह, अथर्व पांडे एवं नयन शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवर्धन पुलिस ने 3.5 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क की

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गोवर्धन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित गिरोह बनाकर अपराध से अर्जित की गई करीब 3.5 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी गोवर्धन के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन द्वारा ग्राम जुल्हैंदी निवासी अभियुक्त रामवीर दीक्षित, रमाकान्त दीक्षित, देवेन्द्र दीक्षित एवं कमलचन्द्र उर्फ कमलकान्त के विरुद्ध धारा 14(1) गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में 28 फरवरी 2026 को क्षेत्राधिकारी गोवर्धन एवं नायब तहसीलदार सदर के निर्देशन में ग्राम जुल्हैंदी स्थित अभियुक्तों की चल-अचल संपत्तियों पर कुर्की के बोर्ड लगाए गए तथा मुनादी कराई गई। कुर्क की गई संपत्तियों में करीब 1.17 हेक्टेयर भूमि, दो जेसीबी मशीनें, मारुति सुजुकी ब्रेजा व स्विफ्ट कार तथा पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के खाते शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3.5 करोड़ आंकी गई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के विरुद्ध मारपीट, धोखाधड़ी, पोक्सो एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध से अर्जित संपत्ति को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी।

## इण्डियन पब्लिक स्कूल में मना होली महोत्सव

**वृन्दावन।** सुनरख रोड स्थित इण्डियन पब्लिक स्कूल में होली महोत्सव मनाया गया। होली की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आए। विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती मंजु लता गौतम, निदेशक योगेश गौतम तथा प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक योगेश गौतम ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है।

# नेत्र शिविर में 900 से अधिक मरीजों का हुआ चेकअप



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद मोहल्ला गढ़ैया स्थित अग्रवाल धर्मशाला में संस्था कल्पतरू ट्रस्ट द्वारा एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों के नेत्रों की जांच कर मोतियाबिन्द के मरीजों का चयन किया। सभी मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा अग्रवाल ने की। जबकि मुख्य अतिथि जिला कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, डा मुकेश गोयल थे। उद्योगपति राजीव अग्रवाल, दयाशंकर गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। ट्रामा सेन्टर से आए डाक्टरों की टीम ने 900 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की। जिसमें 150 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन किया गया। चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं दृष्टि कम होने वाले मरीजों को चश्मा दिया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक कृष्णकुमार खण्डेलवाल, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, सुशील यादव, ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल तनय, लकी जैन मनु तोमर नवीन चंदेल, प्रशान्त राजपूत गगन कपूर, चिराग, तरुण ओमशंकर निखिल अमित अग्रवाल, गौरव अरोरा विकास अमन मित्तल हरजीत सिंह हीरा, ल हेमंत सोनी, गगन तोमर आदि लोग मौजूद थे।

# ब्रज की होली बदनाम करने वालों पर मथुरा पुलिस का डिजिटल प्रहार

**मथुरा।** ब्रज की विश्वविख्यात होली की भव्यता और पवित्रता को सोशल मीडिया के माध्यम से कलंकित करने की कोशिश करने वालों पर अब पुलिस की सख्त नजर है। बरसाना की लठामार होली और वृंदावन की रंगभरनी एकादशी से जुड़े कई वर्ष पुराने विवादित वीडियो को ह्यवर्तमानह्न बताकर वायरल करने वाले यू-ट्यूबर्स गिरोह पर मथुरा पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

बीते कुछ दिनों से यू-ट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे वीडियो प्रसारित किए जा रहे थे जिनमें महिलाओं के साथ अभद्रता या जबरन रंग डालने की घटनाएं दिखाई गई हैं। जांच में सामने आया है कि ये वीडियो पुराने हैं जिन्हें जानबूझकर इसी पर्व-काल में वायरल किया गया ताकि धार्मिक नगरी की छवि धूमिल की जा सके और सस्ती लोकप्रियता बटोरी जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर साइबर सेल और आईटी टीम को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस उन सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों की पहचान कर रही है, जिन्होंने पुराने वीडियो को नए घटनाक्रम के रूप में प्रस्तुत कर सनसनी फैलाने का प्रयास किया। एसएसपी श्लोक कुमार ने स्पष्ट कहा कि ब्रज की होली आस्था, परंपरा और उल्लास का पर्व है। इसे फर्जी प्रचार और सस्ती लोकप्रियता का माध्यम बनाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भ्रामक और भड़काऊ कंटेंट पोस्ट करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की आईटी टीम 24 घंटे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी कर रही है और ऐसे लिंक, प्रोफाइल व चैनलों की सूची तैयार की जा रही है, जो पुराने और भ्रामक वीडियो को नए रूप में पेश कर रहे हैं। वहीं, आमजन से भी अपील की गई है कि बिना पुष्टि किसी भी वीडियो या पोस्ट को साझा न करें, ताकि अफवाह और दुष्प्रचार को रोका जा सके। ब्रज की पावन परंपराओं को बदनाम करने की साजिश करने वालों पर अब कानून का डंडा तय माना जा रहा है।

# डीएम ने ली जनगणना समन्वय समिति की बैठक



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 हेतु जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, उप जिलाधिकारी महावन कंचन, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर दीपिका मेहर, ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, चंद्र भूषण प्रताप, अजीत, राघवेंद्र, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, नगर निगम के चारों जोन के जोनल अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जनगणना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जनगणना कार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्बद्ध तरीके से संपादित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से आए गोविंद सोनी सहायक निदेशक, मृगेन्द्र बहादुर सिंह जिला प्रभारी मथुरा एवं अभिषेक पाण्डेय सहायक जिला प्रभारी मथुरा द्वारा अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण, डिजिटल प्रणाली और फील्ड कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसे 22.05.2026 से 20.06.2026 के मध्य संपादित किया जाना है। दिनांक 7 मई से 21 मई 2026 के मध्य स्वगणना पोर्टल के माध्यम से आम जनता द्वारा जानकारी दर्ज की जा सकेगी।साथ ही, डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया ताकि डेटा संग्रहण में सटीकता बनी रहे। दूसरे चरण में प्रत्येक परिवार और व्यक्तियों के विवरण एकत्र किए जाएंगे। यह कार्य 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 के मध्य किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी, जिससे कार्य में तेजी और पारदर्शिता आएगी।

# टूंडला एटा सड़क मार्ग निर्माण जल्द प्रारंभ कराने को मुख्य अभियंता से मिले श्रीकृष्ण



**टूंडला।** राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति राज्य स्तरीय दिशा के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी से उनके लखनऊ कार्यालय में मुलाकात कर टूंडला- एटा फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनका धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया कि टूंडला- एटा फोरलेन सड़क चौड़ीकरण हेतु राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी से पेड़ों की कटाई अनुमति हेतु प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार कराकर भेजा जाए। जिला अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों को तेजी से कार्यवाही के निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग फिरोजाबाद अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया जाए कि वह वन विभाग से अनापत्ति हेतु प्रस्ताव राजस्व विभाग से वृक्षारोपण हेतु शासकीय भूमि आवंटन एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से पोल शिफ्टिंग कार्यों हेतु निरंतर समन्वय स्थापित कर पहल करें। ज्ञात हो उपरोक्त सड़क लंबाई 17.5 किलोमीटर हेतु शासन द्वारा 100 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।

# कैबिनेट मंत्री ने लाभार्थियों को चेक बांटे



- उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का मथुरा में हुआ सजीव प्रसारण

**मथुरा।** होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रुपए 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ के लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का जनपद मथुरा के राजीव भवन परिसर में सजीव प्रसारण देखा गया। मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, एम0एल0सी0 ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार सहित जनपद के विभिन्न लाभार्थियों द्वारा उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी, माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं एम0एल0सी0 ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता ने जनपद के लाभार्थियों को चेक वितरण किया। लाभार्थियों में सर्वश्रीमती आरती मेहतो, कल्लो देवी, ईशू देवी, पिंकी देवी, गुड्डी, जूली, रेखा, इसरत बेगम, हेमलता एवं शारदा को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर की राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी के चैक प्रदान किये गये साथ ही अन्य उपस्थित उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी सब्सिडी के चैक प्रदान किये गये। जनपद में कुल लाभार्थी 213380 है। उ०प्र० सरकार द्वारा प्रतिवर्ष दिपावली एवं होली पर्व पर 01-01 निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्रदान कराये जाने हेतु लाभार्थियों को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों का शीघ्रताशीघ्र जिनके बैंक खाते आधार लिंक होगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होगे वही उक्त योजना हेतु पात्र होगे। समस्त एल०पी०जी० वितरक अपने यहाँ उक्त योजना के सम्बन्ध मे फ्लेक्सी बोर्ड लगवाएं तथा लाभार्थियों को उनका आधार प्रमाणन कराये जाने के समबन्ध में टेलीफोन, हॉकर्स, मोबाइल एस०एम०एस० प्रेषित कराये।

# शाष्वत तेज से परिपूर्ण है तपोभूमि सांख्य योग आश्रमः सुंदरदास महाराज

**वृन्दावन।** कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में विराजित ठा. राधाबिहारी जू महाराज का त्रिदिवसीय पाटोत्सव विविध धार्मिक अनुष्ठानों और संत समागम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। छटीकरा मार्ग स्थित कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में विराजित ठा. राधाबिहारी जू महाराज समारोह के 21वें पाटोत्सव में विद्वत संगोष्ठी के मंच को सुषोभित करते हुए महंत सुंदरदास महाराज ने कहा कि संतों की तपोभूमि में एक शाष्वत तेज विराजित रहता है। जिसके सानिध्य में सामान्य जनों, मुमुक्षुओं और जिज्ञासुओं को योग और आध्यात्म के साथ ही सांसारिक अभिलषित तत्वों की भी प्राप्ति होती है। महंत सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि सांख्य योग आश्रम की महत्ता यहां के तपोनिष्ठ संतों की अक्षुण्ण परंपरा से हैं। आश्रम की अध्यक्षा महामण्डलेष्वर राधिका साधिका पुरी जटावाली माताजी ने कहा कि हमारे ठाकुर श्री राधाबिहारी जू महाराज का यह 21वां पाटोत्सव है। जो त्रिदिवसीय महोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इसी भूमि में हमारे गुरुजनों ने वृन्दावन बिहारी की उपासना कर आध्यात्म के उच्च षिखरों को अनुसंधान किया। महोत्सव के अंतर्गत अखण्ड हरिनाम संकीर्तन, विश्व शांति महायज्ञ, रामचरित मानस पाठ, ठाकुरजी की नगर शोभायात्रा के साथ ही संत समागम की विशिष्ट परंपरा है। महामण्डलेश्वर डा. आदित्यानंद महाराज तथा महामण्डलेष्वर नवल गिरि महाराज ने कहा कि संतों की भूमि से ठाकुरजी की नित्यता की अनुभूति होती है। दष्शकों से यह भूमि आध्यात्मिक प्रेरणा का श्रोत रही है। संत समागम तथा महोत्सव पूणार्हुति के अवसर पर पं. बिहारीलाल वषिष्ठ, रामदेव सिंह भागौर, देवी सिंह कुंतल, साध्वी आषानंद, स्वामी भुवनानंद, रामकिषोर आदि उपस्थित रहे।

# कोल्ड स्वामी से 7 लाख रुपये गबन के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद एटा रोड स्थित एक कोल्ड स्वामी को फर्जी चेक देकर 7 लाख रुपए के गबन के आरोपी को पुलिस ने उसके घर से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।एटा रोड निवासी कोल्ड स्वामी ने बताया कि 2 साल पहले कोल्ड में रखे आलू को अराव निवासी रचित कुमार भारद्वाज द्वारा किसानों के लिए 7 लाख रुपए का आलू खरीदा था उसके एवज में रचित कुमार द्वारा कोल्ड स्वामी को 7 लाख रुपए का चेक दिया गया था। जब कोल्ड स्वामी ने चेक बैंक में लगाया तो चेकबाउंस हो गया। जिसके बाद पीड़ित कोल्ड स्वामी ने रचित कुमार से चेक बाउंस होने की बात कही लेकिन रचित कुमार टाल मटोल करने लगा इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और 138एनआईए के चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराया जिसके बाद कोर्ट द्वारा रचित कुमार कोर्ट में न पहुंचने पर उनके नाम वारंट काट दिया गया जिसके बाद पुलिस ने शनिवार दोपहर को आरोपी को घर से पकड़ लिया। और आरोपी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कोर्ट द्वार चेक बाउंस के मामले में एक आरोपी का वारंट कटा था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित



फिरोजाबाद। जनपद के उद्यान विभाग प्रांगण में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत विशेष सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 1.36 करोड़ परिवारों को दी जा रही 1500 करोड़ की धनराशि सब्सिडी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद में भी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में 20 चयनित लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से सब्सिडी लाभ एवं स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया, विदित है कि फिरोजाबाद जनपद में कुल 2 लाख 32 हजार 323 उज्ज्वला लाभार्थी है, वर्तमान में कुल 50,000 लाभार्थियों ने सब्सिडी प्राप्त करने हेतु अपना सफल पंजीकरण कराया है, अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना है, उन्होंने शेष लाभार्थियों से भी जल्द से जल्द पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है, ताकि सब्सिडी की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा सके, इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सेठ और उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज का चित्रगुप्त पीठ पर भव्य स्वागत

**मथुरा।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जूना अखाड़े के नवनियुक्त जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणिानंद गिरि महाराज के ह्यजगद्गुरुह्न की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात प्रथम बार मथुरा आगमन पर हिंदू समाज एवं महासभा कार्यकताओं द्वारा चित्रगुप्त पीठ पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं हर्ष का वातावरण देखने को मिला। डॉ० स्वामी सच्चिदानंद महामंडलेश्वर श्री लाल बाबा श्री चित्रगुप्त पीठ अखाड़ा वृंदावन के सानिध्य में हिंदू महासभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा के नेतृत्व में श्याम शर्मा, आशीष शर्मा, अर्जुन पंडित, अरविंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने स्वामी चक्रपाणि महाराज का पुष्पमालाओं, अंगवस्त्र एवं शंखध्वनि के साथ जोरदार स्वागत किया। संत समाज एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयघोष कर उनका अभिनंदन किया, जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि महाराज को जगद्गुरु की उपाधि प्राप्त होना संपूर्ण हिंदू समाज के लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से समाज में धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र सेवा की भावना को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में हिंदू महासभा एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के पदाधिकारी, संत समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी चक्रपाणि महाराज का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने आशीर्वचन में स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है। उन्होंने समाज से एकजुट होकर धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु कार्य करने का आह्वान किया तथा मथुरा आगमन पर मिले स्नेह एवं सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# बात वेटिकन की नहीं, ब्रज की है: चिदानंद मुनि

जिला संवाददाता (vol)



**वृन्दावन।** विरक्त शिरोमणि स्वामी वामदेव महाराज का त्रिदिवसीय शताब्दी आनंद महोत्सव शनिवार को विराट संत-विद्वत सम्मेलन के साथ शुरू हो गया। प्रातःकाल प्रथम सत्र में सभी संप्रदायों के जगद्गुरुओं, आचार्य महामण्डलेश्वरों और श्रीमहंतों द्वारा वामदेव महाराज की विद्वता, विरक्तता एवं राष्ट्रीयता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को अपने विचारों से अभिसिंचित किया गया। सभा मण्डप में देशभर से स्वामी वामदेव महाराज को श्रद्धांजलि देने पहुंचे संतों की मौजूदगी से लघु कुंभ सरीखा दृष्य परिलक्षित कर रहा था।

महोत्सव का शुभारंभ विरक्त शिरोमणि वामदेव महाराज के पादुका पूजन के साथ हुआ। इसके बाद जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज, निर्मल पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानदेव सिंह महाराज, अटल पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विष्ववात्मानंद सरस्वती महाराज, महानिवार्णी पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर राजगुरु स्वामी विषोकानंद भारती महाराज आदि ने दीप प्रज्जवलन कर संगोष्ठी के प्रथम सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने यमुना नदी में व्याप्त प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। राजस्थान से पधारे चैतन्य गिरि महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है जब हिंदुत्व को एकता के सूत्र में पिरोना होगा। उन्होंने जात-पात पूछे नहीं कोई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई का नारा बुलंद किया। संगोष्ठी में संपूर्ण महोत्सव के अध्यक्ष निर्मल पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानदेव सिंह महाराज, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, जगन्नाथ मंदिर अहमदाबाद के जगद्गुरु स्वामी दिलीपदास देवाचार्य महाराज, स्वामी रामदेवानंद सरस्वती, निमोर्ही अनी अखाड़े के प्रमुख राजेन्द्र दास महाराज, काशी के महामण्डलेश्वर स्वयंप्रकाषानंद महाराज, स्वामी शिवप्रेमानंद पुरी महाराज, जोधपुर के स्वामी रामसुख शास्त्री, महंत फूलडोल बिहारी महाराज, महा मण्डलेश्वर चिदंबरानंद महाराज, डॉ. उमेशचंद्र शास्त्री, स्वामी वेदानंद महाराज, आदि ने विचार व्यक्त किए।

# कार डिवाइडर तोड़कर एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी

**फिरोजाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के 59.900 किमी पर लखनऊ से आगरा जा रही एक इनोवा कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर एक्सप्रेस वे से नीचे जा गिरी। हादसे में दो उज्बेकिस्तान की महिला सहित चार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना नगला खंगर क्षेत्र पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए सैफई पीजीआई भेज दिया। इनोवा कार का चालक मोहम्मद अफजल दो उज्बेकिस्तान की महिला सहित चार लोगों को लखनऊ से भ्रमण कराकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से होता हुआ आगरा के लिए जा रहा था। जब कार थाना नगला खंगर क्षेत्र के 59.900 किमी पर पहुंची ही थी कि तभी कार चालक का कार से नियंत्रण हट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ती हुई एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी। हादसे के बाद कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस यूपीडा की टीम ने कार सवार उज्बेकिस्तान की महिलाओं सहित अन्य को बाहर निकाला। कार में विदेशी नागरिक होने के मामले की गंभीरता को देखकर एम्बुलेंस से पीजीआई सैफई भेज दिया।

# कांग्रेस बन गयी है मुस्लिम लीग-माओवादी

## प्रधानमंत्री ने 16,600 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास व उद्घाटन

एजेंसी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब इंडियन नेशनल कांग्रेस ( आईएनसी ) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है।


उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कांग्रेस, पूरे देश में लगातार चुनाव हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। मोदी ने इस अवसर पर 16,600 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया भारत की प्रशंसा करती है तो देश के लोगों को गर्व होता है लेकिन कांग्रेस वैश्विक मंचों पर देश की बेइज्जती करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस की युवा शाखा के



कार्यकर्ताओं के कमीज उतारकर किये गए प्रदर्शन की ओर इशारा किया। इस आयोजन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 20 फरवरी को मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट लेकर आयोजन स्थल में घुसे। इन पर एप्स्टीन फाइल्स और पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे भी लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों की आयोजन स्थल पर तैनात सुरक्षाकर्मियों व पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई भी हुई थी। इस प्रदर्शन के सिलसिले में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। चिब को इस मामले में जमानत मिल गई है। मोदी ने इस घटना को लेकर विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अनेक देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री और वैश्विक कंपनियों के प्रमुख इस कार्यक्रम में शामिल हुए और भारत की तरक्की की प्रशंसा की। मोदी ने आरोप लगाया, जब दुनिया के इतने लोग भारत की प्रशंसा करते हैं तो हर भारतीय को गर्व होता है।

लेकिन कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत करने के लिए पूरा ड्रामा किया। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरे देश में लगातार हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। मोदी ने कहा कि एक समय कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी लेकिन अब आईएनसी वैसी नहीं रही जैसी पहले थी। उन्होंने कहा, कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी लेकिन अब आईएनसी नहीं बची है इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बची है आज वो आईएनसी के बजाय एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।

# स्नातक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे : उपराष्ट्रपति



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को विकसित भारत के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय ( डीयू ) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की।

राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा, आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों को दिया। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना किसी देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि हालांकि डीयू पहले से ही भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल है, फिर भी उसे वैश्विक रैंकिंग में और ऊंचा स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। राधाकृष्णन ने कहा, अगले दो वर्षों में हमें शीर्ष 300, फिर 200, फिर 100 में स्थान बनाना चाहिए।

## संक्षेप

### पावरेड ने स्पोर्ट्स ड्रिंक के तौर पर कदम रखा

नई दिल्ली। पावरेड, द कोका-कोला कंपनी के मशहूर स्पोर्ट्स हाइड्रेशन ब्रांड, ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण खेल आयोजनों में से एक, आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप में अपना डेब्यू कर भारत में प्रवेश किया है। टूर्नामेंट के आधिकारिक स्पोर्ट्स ड्रिंक के रूप में पावरेड की मौजूदगी कोका-कोला इंडिया के स्पोर्ट, एक्टिविटी और बदलती जीवनशैली पर आधारित ब्रांडों के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने के फोकस को मजबूत करती है। एक स्पोर्ट्स हाइड्रेशन सॉल्यूशन के रूप में डिजाइन किया गया पावरेड में विटामिन बी3 और इलेक्ट्रोलाइट्स हैं जो खेलों में परफॉर्मेंस एनर्जी प्रदान करता है। यह कठोर प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धी खेल और सक्रिय जीवनशैली के लिए बेहद उपयुक्त है। पावरेड को दो फ्लेवर वैरिएंट में पेश किया गया है माउंटेन ब्लास्ट और फ्रूट पंच जिसमें कम कैलोरी वाली फॉर्मूलेशन है, जो उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को दर्शाता है।

### टेरी का डब्ल्यूएसडीएस 2026 'जलवायु दशक' का खाका पेश

नई दिल्ली। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026 का आखिरी दिन गहरे चिंतन और नए संकल्प के साथ शक्तिशाली स्वर में संपन्न हुआ। फ्लिक्शंस, रिसर्जेंस एंड रिजॉल्व फॉर अवर कॉमन फ्यूचर शीर्षक वाले समापन सत्र में सरकार, बहुपक्षीय संस्थानों, उद्योग और सिविल सोसाइटी के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। प्रतिष्ठित दरबार हॉल में आयोजित इस सत्र ने साबित किया कि डब्ल्यूएसडीएस 2026 केवल वैश्विक आवाजों को जोड़ने वाला मंच ही नहीं है, बल्कि यह जमीनी स्तर पर ठोस जलवायु कार्रवाई को गति देने वाला माध्यम भी है। समापन सत्र में वक्ताओं के एक प्रतिष्ठित पैनल ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्रवाई का अगला चरण जवाबदेही, क्रियान्वयन और विभिन्न पीढ़ियों के साझा नेतृत्व से तय होगा।

### एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक को मिला टाइम वुमन ऑफ द ईयर अवॉर्ड

मुंबई। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन को टाइम वुमेन ऑफ द ईयर 2026 की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान वैश्विक स्तर पर बदलाव लाने वाली और समानता के लिए काम कर रही महिलाओं को दिया जाता है। सफीना हुसैन 16 वैश्विक सम्मानित महिलाओं में से एक हैं। इस सूची में अभिनेत्री टियाना टेलर, जिन्होंने 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में शानदार प्रदर्शन से हॉलीवुड में सराहना पाई; सिडनी मैक्लॉघलिन, ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और रिकॉर्ड तोड़ने वाली खिलाड़ी, जो ट्रैक और फील्ड में उत्कृष्टता की नई परिभाषा दे रही हैं; प्रसिद्ध अभिनेत्री और निमार्ता लूसी ल्यू; और टीवी, फिल्म और थिएटर में काम करने वाली जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका शर्ली ली राल्फ जैसी हस्तियाँ शामिल हैं। 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर' के सम्मान के रूप में यह पहचान सफीना हुसैन के मिशन को वैश्विक स्तर पर पहचान देती है, जो शिक्षा में लिंग अंतर को कम करने के लिए काम कर रही हैं।

### उम्र के साथ रिटायरमेंट पोर्टफोलियो बनाना जरूरी

नयी दिल्ली। भारत में अब रिटायरमेंट का मतलब जिंदगी का धीमा पड़ जाना या कहीं नेपथ्य में चले जाना नहीं रह गया है। रिटायरमेंट के बाद के वर्षों को ऐसे समय में रूप में देखा जा रहा है।

# मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है : सीजेआई

एजेंसी

अहमदाबाद। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारत का मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है, फिर भी विश्वास कायम करने, संस्थागत क्षमता को मजबूत करने और योग्य मध्यस्थ पेशेवर तैयार करने में महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। अहमदाबाद में गुजरात उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ( जीएचएसी ) की आधारशिला रखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत को विश्व के अग्रणी मध्यस्थता केंद्रों के मानकों और उन पक्षों की वैध अपेक्षाओं के अनुरूप खुद को आंकना चाहिए, जो मुकदमेबाजी से बेहतर और तेज समाधान की उम्मीद में मध्यस्थता का विकल्प चुनते हैं।

उन्होंने इसी कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के संबोधन का उल्लेख किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने भारत के कानूनी और न्यायिक ढांचे, खासकर गुजरात जैसे राज्य के लिए संस्थागत मध्यस्थता के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा भारत का मध्यस्थता ढांचा अब



काफी परिपक्व हो चुका है। मध्यस्थता अधिनियम में विधायी सुधारों ने न्यायिक हस्तक्षेप को कम से कम करने, समयबद्ध कार्यवाही और नियुक्तियों में निष्पक्षता पर जोर दिया है। साथ ही, न्यायिक निर्णयों ने पक्षकारों की स्वायत्तता को मजबूत किया और सैद्धांतिक अनिश्चितताओं को स्पष्ट किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रगति के बावजूद मौजूदा चुनौतियां समाप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि संस्थागत मध्यस्थता अभी भी उतनी व्यापक नहीं है।

# सैनिकों के ईसीएचएस व दिव्यांग पेंशन पर किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए प्रयाप्त बजट का आवंटन और विकलांगत पेंशन पर आयकर की छूट को बहाल किया जाए। कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री को 25 फरवरी

**राहुल गांधी का वित्त मंत्री को पत्र**

को यह पत्र लिखा और यह उल्लेख किया कि पूर्व सैनिक इन दोनों मामलों के कारण मुश्किल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना आज धन की कमी के संकट का सामना कर रही है। चिकित्सा बिल के रूप में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक लंबित हैं और अस्पताल भुगतान न करने के कारण इस योजना से बाहर निकल रहे हैं। पूर्व सैनिकों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के



इलाज के लिए अपनी जेब से भुगतान करने या यहां तक कि इलाज में देरी के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिन लोगों ने देश की सेवा की वे संकट की घड़ी में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि इसके अलावा, वित्त विधेयक 2026 में सैनिक को सेवा में बनाए रखने पर दिव्यांग पेंशन पर कर लगाने का प्रस्ताव है। राहुल गांधी ने कहा 1922 के बाद यह पहली बार है कि दिव्यांग पेंशन पर कर लगाया जा रहा है। यह पेंशन उन सैनिकों को राहत प्रदान करने के लिए है जो घायल हो जाते हैं और इसे आय के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

इसके अलावा, जब कोई दिव्यांग सैनिक सेवा में बने रहने का विकल्प चुनता है या उससे अनुरोध किया जाता है तो वह चोट के बावजूद निस्वार्थ भाव से भारत की सेवा करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस चीज़ की प्रशंसा की जानी चाहिए उस पर कर लगाना अपमानजनक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मेरी मुलाकात हुई और उन्होंने इन मुद्दों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया। अपनी ही सरकार द्वारा अपमानित किए जाने की उनकी भावनाओं को सुनना दुखद था। राहुल गांधी ने कहा मुझे यकीन है कि आप इस बात से सहमत होंगी कि सशस्त्र बलों में सेवा करने वाले हमारे भाई-बहन कृतज्ञ राष्ट्र के हर सहयोग के पात्र हैं।

# ईरान पर हमले में एशिया समेत दुनिया के हवाई यातायात प्रभावित

लंदन। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले से पूरे पश्चिम एशिया सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएईए) और इजराइल ने शनिवार को अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। यूएई की एमिरेट्स और एतिहाद लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करती हैं। कतर एयरवेज ग्रुप ने कहा कि कतर का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उसने दोहा से आने-जाने वाली उड़ानें अस्थायी रूप से रद्द कर दी हैं। इजराइल जा रहे विमानों को अन्य हवाई अड्डों पर उतरने का निर्देश दिया गया और बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को वापस भेज दिया गया। एमिरेट्स ने कहा कि यूएई के हवाई क्षेत्र के बंद होने से उसकी कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्रियों से ऑनलाइन अपनी उड़ान की स्थिति जांचने का आग्रह किया। यह विमानन कंपनी दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संचालित होती है, जो अंतरराष्ट्रीय यात्रा का सबसे व्यस्त केंद्र है। नीदरलैंड की विमानन कंपनी केएलएम ने सप्ताह की शुरुआत में ही घोषणा कर दी थी कि वह रविवार से तेल अवीव आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर रही है। वर्जिन अटलांटिक ने लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से दुबई जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी और कहा कि वह इराक के ऊपर से उड़ान भरने से बचेगी।

# मप्र : बोत्सवाना से आ गये नौ चीते

एजेंसी



श्योपुर। बोत्सवाना से नौ चीतों को हवाई मार्ग से शनिवार को मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया और उन्हें एक बाड़े में छोड़ दिया गया। इसके साथ ही देश में चीता पुनर्वास कार्यक्रम के तहत चीतों की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई है। मध्यप्रदेश के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने छह मादा और तीन नर चीतों को पृथकवास (क्वारंटीन) के लिए बाड़े में छोड़ा। श्योपुर की जिला जनसंपर्क अधिकारी अर्वतिका श्रीवास्तव ने संवाददाताओं को बताया कि अफ्रीका से चीतों का यह तीसरा समूह शनिवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विमान से ग्वालियर पहुंचा। इसके बाद उन्हें वायु सेना के हेलीकॉप्टरों से कूनो लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना चीता पुनर्वास कार्यक्रम में सहयोग कर रही है। इससे पहले, सितंबर 2022 में नामीबिया और फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से भी चीतों को इसी तरह लाया गया था। परियोजना चीता के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, और अधिक चीतों के आने से पुनर्वास कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी। केंद्र सरकार के सहयोग से हम जल्द से जल्द देश में चीतों की संख्या को बढ़ाकर 50 तक करना चाहते हैं। शर्मा ने बताया कि तीन चीतों को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित किया गया है, जबकि 36 चीते फिलहाल कूनो राष्ट्रीय उद्यान में हैं। अधिकारियों ने कहा कि विलुप्तप्राय प्रजातियों को आम तौर पर एक ही आवास में नहीं रखा जाता, क्योंकि किसी बीमारी के प्रकोप की स्थिति में पूरी आबादी के प्रभावित होने का खतरा रहता है। उल्लेखनीय है कि विश्व का सबसे तेज दौड़ने वाला स्थलीय जीव चीता लगभग सात दशक पहले भारत से विलुप्त हो गया था। पिछले वर्ष कूनो में 12 शावकों का जन्म हुआ था, हालांकि इनमें से छह जीवित नहीं रह सके। इस वर्ष सात फरवरी से 18 फरवरी के बीच दो अलग-अलग प्रसव में नौ शावकों का जन्म हुआ है।

# भारत ने इजराइल में अपने नागरिकों को परामर्श किया जारी, सावधानी बरतें

यरुशलम। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद भारत ने शनिवार को इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी है।

भारत ने अपने परामर्श में कहा, क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इजराइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया है, भारतीय नागरिक इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों और निर्देशों का सख्ती से पालन करें। परामर्श में कहा गया है, सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के नजदीक रहें और अपने निवास या कार्यस्थल के आसपास मौजूद सुरक्षित स्थानों के बारे में जानकारी रखें। इसमें कहा गया है, भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक इजराइल के भीतर गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है। नागरिकों से स्थानीय समाचार, आधिकारिक घोषणाओं और आपातकालीन अलर्ट पर नियमित रूप से नजर रखने को कहा जाता है। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी जानकारी जारी करता रहेगा।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका-इजराइल

सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। दक्षिणी ईरान में एक बालिका विद्यालय पर इजराइल-अमेरिका के हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 54 हो गई है। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इस्राइली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार इस हमले में करीब 60 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे।

### भारतीय दूतावास

स्थिति के प्रति जागरूक रहें और भारतीय दूतावास से मिलने वाले आगे के निर्देशों का इंतजार करें। भारत ने इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए भी परामर्श जारी करते हुए उन्हें अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी है। भारत ने अपने परामर्श में कहा, क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इजराइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

### ईरान को

में सक्षम मिसाइलों को विकसित करने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि कुछ समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले सभी खतरों को समाप्त करके अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, ईरानी शासन 47 वर्षों से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है और अमेरिका, हमारे सैनिकों और कई देशों में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर रक्तपात और सामूहिक हत्या का एक अंतहीन अभियान चला रहा है।

### युवाओं के लिए

है। उन्होंने कहा जर्मनी या जापान से आने वाले निवेश से केशव के परिवार को व्यक्तिगत लाभ नहीं होगा, लेकिन हमारे राज्य को निश्चित रूप से लाभ होगा। इससे हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। रोजगार के अवसरों और सुरक्षा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी पहल और समन्वय स्थापित किया गया है जिससे प्रदेश में अधिक रोजगार सृजित होंगे और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी गारंटी के साथ विदेशों में सम्मानजनक आय अर्जित करने के अवसर मिलेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं से जोड़ने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री कहते भी हैं कि देश में केवल चार जातियां हैं।

### युद्ध के

का आग्रह किया। यह विमानन कंपनी दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संचालित होती है, जो अंतरराष्ट्रीय यात्रा का सबसे व्यस्त केंद्र है। नीदरलैंड की विमानन कंपनी केएलएम ने सप्ताह की शुरुआत में ही घोषणा कर दी थी कि वह रविवार से तेल अवीव आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर रही है। वर्जिन अटलांटिक ने लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से दुबई जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी और कहा कि वह इराक के ऊपर से उड़ान भरने से बचेगी, जिसका अभिप्राय है कि भारत, मालदीव, दुबई और रियाद से आने-जाने वाली उड़ानों में थोड़ा अधिक समय लग सकता है।

### आंध्र : पटाखा

कोई संभावना नहीं है। कुछ लोगों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। सभी मजदूर समाज के गरीब तबके से थे। मुख्यमंत्री परिवारों को सहायता देने के संबंध में निश्चित रूप से निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया लेकिन हम जिंदगियां वापस नहीं ला सकते। मुझे पता चला है कि विस्फोट के समय इकाई में काफी मात्रा में स्टॉक मौजूद था। इसलिए एक छोटी घटना भी बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो गयी, क्योंकि सभी चीजें विस्फोटक प्रकृति की थीं। यह विस्फोट आपराह्न करीब दो बजे हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि काकीनाडा जिले में पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट से उन्हें गहरा दुख हुआ है।

### बेंगलुरु हवाई

भी स्पष्ट नहीं किया गया। खबरों के मुताबिक, उसी विमान ने शुक्रवार सुबह फिर से उड़ान भरी, लेकिन एक बार फिर काठमांडू में उतरने में विफल रहा और उसे लखनऊकी ओर मोड़ दिया गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि लखनऊमें उतरने के बाद उन्हें कई घंटों तक विमान के अंदर ही बैठाए रखा गया। यहां एक यात्री ने शुक्रवार को अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा हमें घंटों तक बिना उचित जानकारी दिए विमान के अंदर ही रखा गया। किसी ने भी स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया कि क्या हो रहा है।

### पाकिस्तानी हमले

वाहन नष्ट हो गए हैं, साथ ही पाकिस्तान ने हवाई हमलों में 37 ठिकानों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान ने यह बड़ा जवाबी हमला तब शुरू किया, जब अफगानिस्तान ने 2,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा पर एक साथ 53 स्थानों पर हमला किया। शुक्रवार शाम आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अफगान तालिबान को पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के बीच चुनाव करना होगा।

### बीबीडी एजुकेशनल

के समापन अवसर पर आप सभी के सामने खड़े होकर अत्यंत गर्व और हर्ष का अनुभव हो रहा है। पिछले कुछ दिनों में परिसर ने केवल कार्यक्रमों की मेजबानी नहीं की, बल्कि विद्यार्थियों का जुनून, प्रतिभा, समर्पण और रचनात्मकता भी देखी। उत्कर्ष ने सिद्ध किया कि बीबीडी विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि उत्कृष्टता का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुरस्कार जीतना महत्वपूर्ण है, लेकिन मंच पर आकर स्वयं को अभिव्यक्त करने का साहस उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्हें आज केवल एक समापन नहीं, बल्कि उभरती प्रतिभाएं, बढ़ा हुआ आत्मविश्वास और प्रज्ज्वलित सपने दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष की थीम विरासत से विकास तक केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक अनुभव रही। भारत ने विश्व को योग, शून्य और आर्यभट्ट जैसे महान विद्वान दिए। वेदों से लेकर अंतरिक्ष मिशनों तक, नालंदा से चंद्रयान तक, भारत ने अपनी विरासत और विकास का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत हमारी शक्ति है और विकास हमारा संकल्प है। उन्होंने संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका विश्वास था कि शिक्षा पीढ़ियों को बदल सकती है। 1997 में स्थापना के बाद से संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है। आज यहां 25,000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं और 1.5 लाख से अधिक पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि बीबीडी में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उनकी विरासत इमारतों या परिसरों तक सीमित नहीं थी, बल्कि लोगों और परिवार के निर्माण तक सीमित थी। पिछले दिनों टेक फेस्ट में लोगों को कुछ नवोन्मेषी परियोजनाओं को देखने को मिला और मैं यह कहना चाहूंगा कि छात्रों की आविष्कारशील और उद्यमशील भावना बेहद उत्साहजनक थी। बीबीडी में हमारा यही लक्ष्य है एक ऐसा वातावरण, एक ऐसा माहौल जहां हम सभी मिलकर काम करें और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें। इसी उद्देश्य से हमने बीबीडी में एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया है और मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हम अपने संस्थान से कई और युवा उद्यमियों और परिवर्तन लाने वालों को देखेंगे। हम बीबीडी में अवसरों और रचनात्मकता की दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। आज हमारा एलुमनाई पोर्टल, जो मेरे विचार से देश के सबसे उन्नत पोर्टलों में से एक है, पूरी तरह से हमारी आईटी टीम द्वारा विकसित किया गया है, जिसका नेतृत्व मेरी बहन बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास कर रही हैं। हम जो ईआरपी सिस्टम बना रहे हैं, वह भी बीबीडी एड-टेक द्वारा इन-हाउस विकसित किया जा रहा है। मैं अपने छात्रों को उत्कर्ष, मिस इंडिया यूपी और सबसे बढ़कर हमारे दीक्षांत समारोह जैसे आयोजनों के लिए हमारे शिक्षकों और समन्वयकों के साथ अथक परिश्रम करते हुए देखता हूं। हमारा आर्किटेक्चर स्कूल आज परिसर में सभी बुनियादी ढांचा विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहा है। मैं अपने छात्रों को विराज कंस्ट्रक्शंस, फॉर्च्यून और होटल सागर सोना जैसे हमारे होटलों, फॉक्सवैगन और यहां तक कि एडीजी स्कूल में इंटर्नशिप करते हुए देखता हूं। हमारे कुछ पूर्व छात्र अब बीबीडी में प्रोफेसर हैं और उनमें से 12 में से 2 हमारे होटल मैनेजमेंट और आर्किटेक्चर स्कूलों के निदेशक हैं।

यही वह सोच थी जिसके साथ हमारे दिवंगत संस्थापक पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने बीबीडी की स्थापना की थी। वे एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र चाहते थे जहां हम सब एक-दूसरे का सहयोग करें, जहां हम सब एक हों, जहां हम सिर्फ छात्र, शिक्षक या पूर्व छात्र न हों...जहां हम एक परिवार हों। हम सब एक ही विरासत हैं। हम सभी को बीबीडी के छात्र होने पर गर्व है। हम गर्व से कह सकते हैं कि हम बीबीडी के छात्र हैं, इसलिए इसे खुलकर और गर्व से कहें। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप हमारी सच्ची शक्ति हैं, आपकी मेहनत ने ही हमारे संस्थापकों के सपने को साकार किया है और आपके समर्पण से ही बीबीडी का विजन आगे बढ़ रहा है। जिस तरह आप यहां के हर छात्र को अपना परिवार मानते हैं और हमारी संस्था के माध्यम से अपना घर सही मायने में यही हमारी असली ताकत है।

उत्कर्ष 2026 ने साबित कर दिया है कि बीबीडी छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम हैं बल्कि साहसी, रचनात्मक, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बीबीडी एक परिवार है। यहां छात्र, संकाय और पूर्व छात्र मिलकर एक विरासत का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने सभी से गर्व के साथ हम बीबीडियन्स हैं, कहने का आह्वान किया, जिस पर सभी एक स्वर में पूरे जोश के साथ उनकी आवाज से आवाज मिलते हुए कहा, हम बीबीडियन्स हैं। उन्होंने संकाय, स्टाफ, आयोजन समिति, स्वयंसेवकों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया।

उनके परिश्रम से उत्कर्ष 2026 भव्य सफलता बना। अंत में उन्होंने कहा कि संस्थापक ने नींव रखी, संकाय ने उसे सशक्त बनाया और पूर्व छात्रों ने उसका विस्तार किया। अब अगला अध्याय छात्र लिखेंगे। इसे साहसी बनाइए। इसे शानदार बनाइए। इसे अविस्मरणीय बनाइए। बीबीडी के छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना की। मै उन सभी को धन्यवाद प्रकट करता हूं जो इस सफल आयोजन में अपना महत्वपपूर्ण योगदान दे रहे है। उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर उत्कर्ष के विजेता अतुल्या सिंह और दीपांशु यादव रहे। ओवरआल चैम्पियनशिप ट्राफी बीबीडी यूनिवर्सिटी को प्रदान किया गया। इसके बाद मुख्य अधिशासी निदेशक, आरके अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो एसके श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, डॉ. एससी शर्मा, रजिस्ट्रार, डॉ. सुधर्मा सिंह, मुख्य संयोजक-उत्कर्ष, डॉ. एसएमके रिजवी सहित सभी डायरेक्टर आदि सभी की कड़ी मेहनत एंव लगन की सराहना करते हुए उत्कर्ष-2026 की सफलता की दिल से प्रशंसा की एवं बधाई दी।

### चेयरपर्सन श्रीमती

चेयरपर्सन और बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता को सम्मान देने के लिए खड़े होकर करताल ध्वनि की, जिससे पूरा ऑडिटोरियम गूंजायमान होने लगा। ऐसे पल में बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन और बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता भी बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास को देखकर कुछ पल के भावुक सी हो गयी।




# जम्मू कश्मीर ने जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब

## जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया

एजेंसी




हुबली। जम्मू कश्मीर ने शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म करके इतिहास में अपना नाम दर्ज कर दिया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और इस तरह से जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। जम्मू कश्मीर ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई।

कामरान इकबाल और साहिल लोत्रा ने कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी और नाबाद शतक लगाए। जब मैच ड्रॉ करने पर सहमति बनी उस समय सुबह अपनी पारी 94 रन से आगे बढ़ाने वाले इकबाल 160 और लोत्रा 101 रन पर खेल रहे थे। लोत्रा ने सुबह अपनी पारी 16 रन से आगे बढ़ाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी। यह जम्मू कश्मीर का पहला रणजी ट्रॉफी खिताब है, जो इस टीम के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। जम्मू कश्मीर ने इस तरह से रणजी ट्रॉफी जीतने का 67 साल का लंबा इंतजार भी खत्म कर दिया। वहीं दूसरी ओर यह किस्सा 90 के दशक का है, जब रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट दौर से पहले तक मैच क्षेत्रीय प्रारूप में खेले जाते थे। तब प्रत्येक खिलाड़ी को पता होता था कि रन बनाने के लिए उसे किस को निशाने पर रखना है। बंगाल के लिए पूर्व क्षेत्र में त्रिपुरा प्रमुख प्रतिद्वंदी हुआ करता था। दक्षिण में तमिलनाडु और कर्नाटक गोवा को आसानी से हरा देते थे। उत्तर में दिल्ली के दिग्गज खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाफ होने वाले मैच पर नजर रखते थे। भारत की तरफ से टेस्ट और वनडे खेलने वाले दिल्ली के एक पूर्व कप्तान ने यह मजेदार किस्सा सुनाया। इस पूर्व कप्तान ने कहा, यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मेरा पहला सत्र था और हमने जम्मू कश्मीर के खिलाफ बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। आमतौर पर दिन की शुरुआत में पांचवें नंबर तक के बल्लेबाज पैड पहनते हैं। मुझे याद है कि घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाला पांचवें नंबर का हमारा बल्लेबाज पैड पहन रहा था। तभी हमारे तीसरे नंबर के बल्लेबाज ने एक ऐसा सवाल पूछा जिसे वह जरूरी समझते थे। इस बल्लेबाज ने कहा था भाई तू पैड क्यों पहन रहा है। पांचवें नंबर के बल्लेबाज ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जम्मू कश्मीर है तो क्या पैड भी न पहनूं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज ने पलटवार करते हुए कहा कि दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर होने के कारण शायद उनकी बारी भी न आए। जम्मू कश्मीर की शनिवार को रणजी ट्रॉफी में पहली खिताबी जीत ने इस बात को साबित कर दिया कि तीन दशक पुराना यह किस्सा इसका संकेत बन गया है कि टीम ने तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए कितनी प्रगति की है। दिल्ली के एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ने उस समय को याद किया जब दिग्गज मोहिंदर अमरनाथ की उपस्थिति ही जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों को खौफ में डालने के लिए काफी होती थी। इस खिलाड़ी ने कहा उनके लिए जिम्मी पा किसी दूसरे ग्रह से आए थे। उस पीढ़ी के जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी उन्हें देखकर घबरा जाते थे।

उन्हें विश्वास ही नहीं होता था कि जिम्मी पा उनकी गेंदबाजी का सामना कर रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में दिल्ली के दबदबे वाले दिन अब लद चुके हैं और जम्मू कश्मीर के कमजोर टीम होने के दिन भी खत्म होते दिख रहे हैं। जम्मू कश्मीर के इस मुकाम पर तक पहुंचने में दिल्ली के खिलाड़ियों का योगदान अहम रहा है। पूर्व भारतीय कप्तान बिशन सिंह बेदी का कोच के रूप में जम्मू कश्मीर से जुड़ना पहला बदलाव था। जम्मू कश्मीर के पहले भारतीय क्रिकेटर परवेज़ रसूल ने दिवंगत भारतीय कप्तान की सलाह को याद करते हुए कहा, बेदी सर हमसे कहते थे, बेटा तुम यहां सिर्फ गिनती पूरी करने के लिए नहीं हो। तुम यहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए हो। संगठन की राजनीति में मत पड़ो और अपनी पूरी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो। दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर बेदी ने टीम चयन से जुड़े विवादों को समाप्त करने के लिए भी कड़ी मेहनत की। बेदी के बाद पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और दिल्ली की तरफ से खेलने वाले संजीव शर्मा ने जम्मू कश्मीर के कोच के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# तीसरे वनडे में बल्लेबाजी की कमजोरी को दूर करना होगा भारतीय महिला टीम को




होबार्ट। पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है। पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया।

भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच के बाद कहा, निश्चित रूप से हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने फिर से वही गलतियां दोहराई और विकेट गंवाए। इससे हम पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाए। पिछले दो मैच में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए और उसका हमें खामियाजा भुगतना पड़ा। उम्मीद है अगले मैच में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत की गेंदबाजी में भी निरंतरता की कमी दिखी। दीप्ति ने तीन विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने पहले मैच में दो विकेट लिए थे, लेकिन दूसरे मैच में वह काफी महंगी साबित हुईं। काशवी गौतम और क्रांति गौड़ की तेज गेंदबाजी जोड़ी को अधिक निरंतरता दिखानी होगी और पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया को हावी होने से रोकने के लिए शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे। भारत की फील्डिंग भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, जिसमें गौड़, मंधाना और ज्चा घोष ने कैच छोड़े।

## संक्षेप

### जिम्बाब्वे को विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा : वाल्श

नयी दिल्ली। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी को कर्टनी वाल्श ने शनिवार को यहां कहा कि टी20 विश्व कप अभियान में भारत और श्रीलंका में अलग-अलग प्रदर्शन ने यह दिखा दिया है कि टीम को विभिन्न परिस्थितियों में तेजी से अनुकूलन करना सीखना होगा। जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को चौंकाते हुए सुपर आठ में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए श्रीलंका से भारत आने के बाद हालांकि टीम के प्रदर्शन में काफी गिरावट देखने को मिली। श्रीलंका की धीमी पिचों पर गेंदबाजी काफी प्रभावशाली नजर आई लेकिन भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के मैचों में जिम्बाब्वे ने 500 से अधिक रन खर्च कर दिए और सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम अपना अभियान रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समाप्त करेगी। वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी वाल्श ने कहा, भारत में परिस्थितियां निश्चित रूप से श्रीलंका की तुलना में अलग हैं, पिचें अलग हैं। इसलिए हमें अनुकूलन में कुछ समय लगा। हम उतनी जल्दी अनुकूल नहीं हो पाए जितना चाहते थे। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ किया और उम्मीद है कि भविष्य में इन परिस्थितियों से बहुत कुछ सीखेंगे। सबसे बड़ी सीख यह है कि विभिन्न परिस्थितियों में कितनी जल्दी अनुकूलन करना जरूरी है।

### यह टीम हैरी ब्रूक के युग की है : जैक्स

कोलंबो। ऑलराउंडर विल जैक्स का मानना है कि टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का शानदार प्रदर्शन हैरी ब्रूक युग की शुरुआत है, जो शांत और स्पष्ट मानसिकता के साथ खेलती है। टी20 विश्व कप से पहले ब्रुक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसकी शुरुआत एशेज में निराशाजनक प्रदर्शन से हुई और उसके बाद वेलिंगटन में एक नाइटक्लब के बाउंसर के साथ नशे में हुई झड़प के बाद उनके नेतृत्व को लेकर सवाल उठने लगे। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मैच शेष रहते सेमीफाइनल में जगह दिला दी। इसके बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को भी हराया। जैक्स से जब पूछा गया कि क्या उन्हें ऐसा लग रहा है कि बैज़बॉल (आक्रामक अंदाज में खेलना) के अच्छे दिन वापस आ गए हैं तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह हैरी ब्रूक का युग है। वह हमारे सीमित ओवरों की टीम के कप्तान हैं।

# प्राग मास्टर्स : गुकेश को मिली हार, अरविंद ने ड्रॉ खेला

प्राग। विश्व चैंपियन डी गुकेश को प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अरविंद चिदंबरम ने ईरान के परहम मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में लगे गुकेश ने वैन फोरेस्ट के खिलाफ शुरू से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। वह मैच में किसी भी समय अपनी पकड़ नहीं बना पाए।

फोरेस्ट ने सफेद मोहरों से खेलते हुए रूय लोपेज़ शैली का इस्तेमाल किया और टार्टाकोवर वेरिएशन में बिशप की जोड़ी के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गया और उन्हें अपना एक मोहरा गंवाना पड़ा। तकनीकी पेचीदगियां तो बनी रहीं, लेकिन तब तक फोरेस्ट जीत की स्थिति में नहीं दिख रहे थे। रानी के आदान-प्रदान के बाद गुकेश की स्थिति खराब हो गई और फोरेस्ट ने 48 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से फोरेस्ट ने फिर से संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनके तीनों मैच को निर्णय निकला। फोरेस्ट के दो अंक हैं और वह उज्बेकिस्तान की जोड़ी नोदिरबेक याकुबोए और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव तथा स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। दस खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे हैं इस टूर्नामेंट में अभी छह दौर का खेल होना बाकी है। गुकेश, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विन्सेंट कीमर, अमेरिका के हैंस मोके नीमन और मगसूदलू सातवें स्थान पर हैं। इन सभी ने अपने तीन मैचों में एक-एक अंक हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला और अपने अंकों की संख्या 1.5 तक पहुंचा दी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो के भी इतने ही अंक हैं। चैलेंजर्स वर्ग में खेल रहे भारत के दोनों खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और सूर्या शेखर गांगुली को हार का सामना करना पड़ा।

महिला विश्व कप विजेता दिव्या चीन की जिनेर झू के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए हार गईं, जबकि गांगुली को चेक गणराज्य के जैचिम नेमेक ने हराया। गांगुली का पहले तीन दौर के बाद आधा अंक है, जबकि दिव्या का एक अंक है। चेक गणराज्य के फाइनक वाक्लाव 2.5 अंकों के साथ इस वर्ग में सबसे आगे हैं। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनके तीनों मैच को निर्णय निकला। फोरेस्ट के दो अंक हैं और वह उज्बेकिस्तान की जोड़ी नोदिरबेक याकुबोए और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव तथा स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

# जिम्बाब्वे का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से




एजेंसी

नयी दिल्ली। सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

रजा को पता है कि वे बड़ी टीमों से तभी मुकाबला कर सकते हैं जब वे तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करें। रजा ने कहा, विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आपको अपने तीनों विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दुर्भाग्य से अगर एक भी विभाग कमजोर पड़ता है तो मैच आपके हाथ से खिसक जाता है। उम्मीद है की आखिरी मैच में हम तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। जिम्बाब्वे कि गेंदबाजों ने पिछले दो मैच में काफी ढीली गेंदें फेंकी। उन्हें उसी अनुशासन के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसा उन्होंने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ किया था। ग्रुप चरण में वह श्रीलंका की धीमी पिचों पर अजेय रहा, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल भारतीय परिस्थितियों में गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो जाती है, जैसा कि उसने मुंबई और चेन्नई में की।

बल्लेबाजी की बात करें तो ब्रायन बेनेट और तादिवानाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी को पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाना होगा। टूर्नामेंट में अब तक आउट नहीं होने वाले बेनेट ने भारत के खिलाफ यह साबित कर दिया कि वे छक्के भी लगा सकते हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने छक्के लगाने का कोई न कोई तरीका ढूंढना होगा। मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी (प्रत्येक ने 11 विकेट लिए) अब तक दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं।

# महिला हॉकी : मेरे खून में रची-बसी है हॉकी : ज्योति



एजेंसी

बेंगलुरु। लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय धावक की बेटी 21 वर्षीय ज्योति सिंह भारतीय हॉकी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने कहा कि खेल उनके खून में रचा बसा है। झांसी में जन्मी ज्योति ने महिला जूनियर विश्व कप में भारत की कप्तानी की और पिछले साल सीनियर टीम में भी पदार्पण किया, जिसमें उन्होंने प्रो लीग के चार मैचों में भाग लिया। इसमें विश्व में नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ जीत भी शामिल है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, मेरे पिता अंतरराष्ट्रीय एथलीट थे। मैं उनके साथ मैदान में दौड़ने और बैडमिंटन खेलने जाया करती थी। ज्योति ने कहा मेरी चचेरी बहन ने मुझे हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया।

वह सीनियर अकादमी का हिस्सा थी। जब भी वह गर्मियों की छुट्टियों में घर आती थी, मैं उसके साथ समय बिताती थी और उसकी तरह बनना चाहती थी। ज्योति मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लेने के लिए वहां चली गईं, जो उनके करियर में निर्णायक साबित हुआ। ज्योति ने कहा, मेरे परिवार और कोच ने हमेशा मेरा साथ दिया। मुझ पर कभी कोई दबाव नहीं था। खेलों से जुड़े परिवार से आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है क्योंकि उन्होंने भी इसी तरह के अनुभव किए हैं।

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया

एजेंसी



पाल्लेकल । पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। उसने शनिवार को अपने आखिरी सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन टीम टॉप-4 में जगह नहीं बना सकी। इस नतीजे से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गई है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए

> ❍ पाकिस्तान जीतकर भी टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

श्रीलंका को कम से कम 65 रन के अंतर से हराना था। उसे 213 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। लेकिन, श्रीलंकाई टीम ने 16वें ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। पाकिस्तानी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाबी पारी में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 212 रन का टारगेट दिया है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बना लिए हैं। साहिबजादा फरहान ने 60 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। जबकि फखर जमान ने 84 रन बनाए हैं। दोनों के बीच रिकॉर्ड 176 रन की साझेदारी हुई।

श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 3 विकेट झटके। दो विकेट दसुन शनाका को मिले। दुष्मंथा चमीरा के हिस्से एक विकेट आया। मैच का स्कोरबोर्ड फरहान ने इस टूनार्मेंट में दूसरा शतक लगाया है। वे एक टी-20 वर्ल्ड कप में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले पहले बैटर बने हैं। उनसे पहले क्रिस गेल ने दो शतक लगाए थे, लेकिन उनके दोनों शतक अलग-अलग दो एडीशन में आए हैं। फरहान एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने विराट कोहली के 319 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। फरहान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में इस पारी का 37वां रन बनाते ही यह अचीवमेंट हासिल की। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं?

### जम्मू-कश्मीर में स्टेडियम चाहिए बीसीसीआई अध्यक्ष मन्हास

हुबली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष मिथुन मन्हास जम्मू-कश्मीर को अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतते देखकर बहुत खुश थे लेकिन उनकी व्यावहारिक सोच अब घाटी में नए स्टेडियमों के निर्माण पर केंद्रित है ताकि क्रिकेट को और आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर में आधुनिक क्रिकेट बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाए जिससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिल सकें। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल की मेहनत के बाद आठ बार के चैंपियन कर्नाटक से ड्रॉ कराकर बढ़त के आधार पर यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। मन्हास ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के बाद कुछ चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, हमें 67 साल लग गए। खिताब तक का सफर लंबा रहा। मैं बीसीसीआई का बहुत शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने हमें जम्मू में एक अत्याधुनिक सुविधाओं की अकादमी दी है जहां हमारे पास इनडोर सुविधा, स्विमिंग पूल, जिम होंगे। इसी तरह की सुविधाएं हम कश्मीर में भी विकसित करेंगे।

# वेस्टइंडीज व भारत का सामना आज

एजेंसी





कोलकाता। भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छी गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा।

# बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 की झलकियां





























## इंटरटेनमेंट...

# रश्मिका-विजय की 'राणाबाली' का फर्स्ट लुक रिलीज




**मुंबई।** शादी के जश्न के बीच फैंस को बड़ा सरप्राइज मिला। साउथ स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की अपकमिंग फिल्म 'राणाबाली' का फर्स्ट लुक और गाना रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर खास वीडियो शेयर कर कपल को शादी की बधाई भी दी। 'राणाबाली' के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें रश्मिका और विजय के किरदारों, राणाबाली और जयम्मा की शादी से जुड़े खूबसूरत पल दिखाए गए हैं। वीडियो में दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बेहद शानदार तरीके से कैद की गई है, जिससे फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। साथ ही 'राणाबाली' का पहला गाना 'एंधय्या साथी /ओ मेरे साजन' भी जारी किया गया है। यह ट्रैक खास तौर पर फिल्म के शादी वाले सीन को पिरोता है और दर्शकों को 19वीं सदी के माहौल में रोमांटिक जादू का अहसास कराता है। फिल्म 'राणाबाली' को राहुल सांकृत्यायन ने निर्देशित किया है। यह 11 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया ऐतिहासिक ड्रामा है जिसमें विजय देवरकोंडा एक सिपाही राणाबाली की भूमिका में हैं और रश्मिका 'जयम्मा' का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वॉसलू विलेन के रूप में नजर आएंगे, जिसे लेकर भी चर्चा तेज है। बता दें कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में आयोजित एक निजी समारोह में शादी रचा ली। शादी की खुशियों के बीच मेकर्स ने उनके फैंस को फिल्म का फर्स्ट लुक और गाना रिलीज कर एक खास तोहफा दे दिया।

# 19 साल बाद भारत में गूंजेगा 'वक्का वक्का'

**मुंबई।** कोलंबियन पॉप स्टार शकीरा के 10 और 15 अप्रैल को होने वाले शो 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट 2026' का हिस्सा होंगे। 2010 का फीफा वर्ल्ड कप कई मायनों में याद किया जाता है। इसकी एक बड़ी वजह शकीरा का गाना 'वक्का वक्का' भी है। वही गाना जिसने स्टेडियम से लेकर भारतीय टीवी स्क्रीन तक धूम मचा दी थी, अब यही पॉपुलर गीत 19 साल बाद भारत में फिर से लाइव गूंजने वाला है। कोलंबियन पॉप स्टार शकीरा अप्रैल 2026 में मुंबई और दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। 10 और 15 अप्रैल को होने वाले उनके शो 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट 2026' का हिस्सा होंगे। सिर्फ शकीरा ही नहीं, अगले कुछ महीनों में कई बड़े ग्लोबल आर्टिस्ट परफॉर्म करेंगे। 29 मार्च 2026 को अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला भारत कॉन्सर्ट करेंगे। 24 बार के ग्रैमी विजेता का यह डेब्यू हिप-हॉप फैंस के लिए बड़ा पल माना जा रहा है। 18 अप्रैल को मुंबई में ऑस्कर-नॉमिनेटेड कंपोजर मैक्स रिक्टर अपना पहला भारतीय लाइव शो देंगे।

**अप्रैल में दिल्ली-मुंबई में होगा शकीरा का लाइव कॉन्सर्ट, कान्ये वेस्ट भी आ रहे इंडिया**

# 'स्पिरिट' से विवेक ओबेरॉय का खतरनाक फर्स्ट लुक जारी

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'स्पिरिट' से बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय का पहला लुक आज जारी किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इस दमदार पोस्टर को शेयर करते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं का हुजूम देखने को मिला, जिसमें कई लोग फिल्म को 1000 करोड़ क्लब तक पहुंचते देखने की बात कह रहे हैं।

फिल्म के मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर विवेक के किरदार का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह एक कटर सिंगर और स्टाइलिश लुक में दिखाई दे रहे हैं।

# बिना सिर वाले भूत संग अक्षय कुमार का वीडियो वायरल



**मुंबई।** बिना सिर वाले भूत के साथ ठहाके लगाते अक्षय कुमार का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। वायरल क्लिप में अक्षय एक सरकटे प्रेत के साथ टहलते नजर आते हैं और बेहद गंभीर अंदाज में उससे पूछते हैं।'क्या भूत सच में होते हैं? इसके बाद जो जवाब मिलता है, वह डर से ज्यादा हंसी पैदा करता है। भूत मजेदार अंदाज में जवाब देता है कि उसे खुद नहीं पता। वह हंसी-हंसी में कहता है कि उसके पिता ने उसकी मां से कहा था कि वह भूत है, जबकि मां का दावा था कि पिता भूत हैं। बड़ा कन्फ्यूजन है। आखिर में वह सबको अफवाह बताकर बात टाल देता है। दरअसल, यह प्रोमो अक्षय कुमार की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का है। फिल्म में डरावने माहौल के बीच कॉमेडी का तड़का देखने को मिलेगा। वीडियो देखकर साफ है कि मेकर्स ने प्रमोशन के लिए अलग और क्रिएटिव तरीका चुना है, जो दर्शकों की जिज्ञासा बढ़ा रहा है। अक्षय की सिग्नेचर कॉमिक टाइमिंग और सस्पेंस का मेल फिल्म के टोन की झलक देता है।

फिल्म का पहला गाना 'राम जी आके भला करेंगे' पहले ही रिलीज हो चुका है और 55 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर चुका है। गाने को भी सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। खास बात यह है कि 14 साल बाद अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी फिर साथ आई है। 'हेरा फेरी, 'भूल भुलैया' जैसी आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों के बाद यह जोड़ी फिर से उसी अंदाज में दर्शकों को गुदगुदाने की तैयारी में है। फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

**सरकटे के साथ एक्टर का ठहाका सवाल: क्या भूत सच में होते हैं?**

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
• Courses available in Collaboration with IBM
• Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com